seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

आज का संघर्ष कल की जीत बनेगा; हार तभी होती है जब कोशिश रुक जाती है।

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 56 ■ अंक : 317 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, शनिवार, 21 नवम्बर, 2026 | न्यूजीलैंड 368 रन पर ऑलआउट... 11 >

न्यूज इन ब्रीफ

राज्य की 269 पंचायत समितियों में कांग्रेस

● **जयपुर।** राजस्थान की 419 पंचायत समितियों के चुनाव परिणामों में कांग्रेस बड़ी बढ़त बनाती नजर आ रही है। कांग्रेस को 269 पंचायत समितियों में बहुमत मिला है, जबकि भाजपा 73 और अन्य दल 60 पंचायत समितियों में आगे हैं। 17 पंचायत समितियों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है।



● जयपुर जिले की 22 पंचायत समितियों में कांग्रेस ने 14 पर कब्जा जमाया है। भाजपा को केवल चौमूं और सांभरलेक पंचायत समितियों में बहुमत मिला। सांगानेर में आरएलपी ने बढ़त बनाकर बहुमत हासिल किया। अमरसर, जालसू, मौजमाबाद, रामपुरा डाबड़ी और दूदू में मुकाबला त्रिशंकु रहा।

● जोधपुर जिले की 23 पंचायत समितियों में कांग्रेस ने 14 में बहुमत हासिल किया। भाजपा का खाता नहीं खुला। आरएलपी ने 3 पंचायत समितियों में जीत दर्ज की, जबकि 6 समितियों में किसी दल को बहुमत नहीं मिला।

विधानसभा चुनाव में सूपड़ा साफ होगा

अलवर। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने पंचायती राज चुनाव परिणामों को



कांग्रेस के पक्ष में बताते हुए राजस्थान की जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव सेमीफाइनल है और विधानसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। अलवर में पत्रकारों से बातचीत में सिंह ने राज्य सरकार पर जनविरोधी होने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जनता ने अपने जनादेश से सरकार को आईना दिखा दिया है।

यही नतीजे फाइनल में रहेंगे : जूली

अलवर। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पंचायत चुनाव के



रुझानों को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए कांग्रेस की बढ़त का दावा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इन चुनावों को सेमीफाइनल बताया था, जिसके नतीजे अब सामने हैं और यही परिणाम विधानसभा चुनाव के फाइनल में भी दिखाई देंगे। जूली ने दावा किया कि कांग्रेस को प्रदेश में बहुमत मिलेगा और मत प्रतिशत में भी वह भाजपा से आगे रहेगी। उन्होंने अलवर जिले के कई क्षेत्रों में कांग्रेस की बढ़त बताई और कहा कि गड़बड़ी के प्रयासों को सफल नहीं होने देंगे।

ग्रामीण राजनीति में बदले समीकरण

राज्यभर के पंचायत चुनाव परिणामों में अब तक कांग्रेस ने पंचायत समिति और जिला परिषद दोनों स्तरों पर भाजपा से बढ़त बनाई है। पंचायत समिति चुनाव में कांग्रेस 1,356 सीटों से आगे है, जबकि जिला परिषद में भी उसने बढ़त हासिल की है। वहीं आरएलपी और निर्दलीय प्रत्याशियों ने तीसरी ताकत के रूप में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। भाजपा के लिए इन नतीजों की चुनौती केवल चुनावी हार तक सीमित नहीं है।

पंचायत चुनाव में भाजपा को करारा झटका

भजनलाल-प्रेमचंद बैरवा समेत कई दिग्गजों के गढ़ में पिछड़ी पार्टी

7543 सीटों में कांग्रेस को 3558 पर जीत, भाजपा 2122 सीटों पर सिमटी; आरएलपी और बीएपी ने भी दिखाया प्रभाव

मंत्रियों के क्षेत्रों में हार से भाजपा पर उठे सवाल

जयपुर।

राजस्थान पंचायत चुनाव के अब तक आए नतीजों ने भाजपा को बड़ा झटका दिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विधानसभा क्षेत्र सांगानेर से लेकर डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के प्रभाव वाले क्षेत्रों में पार्टी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। कई दिग्गज नेताओं के परिवारों को भी मतदाताओं ने नकार दिया है।

सीएम के क्षेत्र सांगानेर में भाजपा को चुनौती

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विधानसभा क्षेत्र सांगानेर पंचायत समिति के नतीजे राजनीतिक रूप से चर्चा में हैं। यहां राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) ने कई वार्डों में जीत दर्ज कर भाजपा और कांग्रेस दोनों को चुनौती दी। शुरूआती रुझानों में 15 में से 12 वार्डों के परिणामों में आरएलपी आठ सीटों पर आगे रही, जबकि भाजपा और कांग्रेस को दो-दो सीटें मिलीं। मुख्यमंत्री के क्षेत्र में तीसरे दल का मजबूत प्रदर्शन भाजपा के लिए स्थानीय समीकरणों पर मंथन का संकेत माना जा रहा है।

मंत्रियों के इलाकों में कमजोर प्रदर्शन

उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के विधानसभा क्षेत्र झोटवाड़ा में भाजपा को झटका लगा। यहां पंचायत समिति चुनाव में कांग्रेस ने बढ़त बनाई। वहीं डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा के प्रभाव वाले टूदू और मौजमाबाद क्षेत्रों में भी भाजपा को नुकसान उठाना पड़ा। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के प्रभाव वाले लोहावट क्षेत्र में भी पार्टी का प्रदर्शन उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा।



पंचायत समिति चुनाव में कांग्रेस का दबदबा: 37 में से 30 जिलों में सबसे बड़ी पार्टी बनी

- राजस्थान पंचायत समिति चुनावों के नतीजों में कांग्रेस ने भाजपा पर बड़ी बढ़त हासिल की है। प्रदेश के 37 जिलों की 7543 पंचायत समिति सीटों में कांग्रेस ने 3558 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया। भाजपा 2122 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही।
- कांग्रेस ने भाजपा से 1436 सीटों की बढ़त बनाई। वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों ने 612 सीटें जीतकर कई जिलों में समीकरण बदल दिए। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) को 489 और भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) को 268 सीटें मिलीं।
- जिलेवार परिणामों में कांग्रेस ने 37 में से 30 जिलों में सबसे ज्यादा सीटें हासिल कीं। भाजपा चार जिलों में सबसे बड़ी पार्टी बनी। डूंगरपुर में बीएपी, नागौर में आरएलपी और डीग में निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपना प्रभाव दिखाया।
- राजधानी जयपुर में कांग्रेस ने 386 में से 216 सीटें जीतकर भाजपा को पीछे छोड़ा। भाजपा को 87, आरएलपी को 60 और निर्दलीयों को 20 सीटें मिलीं।
- जोधपुर में कांग्रेस ने 195 सीटें जीतकर बढ़त बनाई, जबकि भाजपा को 81 सीटें मिलीं। सीकर में कांग्रेस ने 178 और भाजपा ने 87 सीटें जीतीं। झुंझुनूं में भी कांग्रेस 130 सीटों के साथ आगे रही।
- दौसा में कांग्रेस ने 135 सीटें जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। भरतपुर में निर्दलीय 76 सीटों के साथ सबसे आगे रहे, जबकि कांग्रेस को 46 और भाजपा को 32 सीटें मिलीं। भीलवाड़ा में कांग्रेस ने 165 सीटों पर कब्जा जमाया।
- नागौर में आरएलपी ने 92 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का स्थान हासिल किया। डूंगरपुर में बीएपी 86 सीटों के साथ आगे रही। बांसवाड़ा में कांग्रेस ने 111 सीटें जीतकर बढ़त बनाई।
- अजमेर, बालोतरा और उदयपुर में भाजपा ने कांग्रेस से बेहतर प्रदर्शन किया। उदयपुर में भाजपा को 146 और कांग्रेस को 137 सीटें मिलीं।
- पंचायत समिति चुनावों में कांग्रेस की बढ़त और क्षेत्रीय दलों व निर्दलीयों के प्रदर्शन ने प्रदेश की ग्रामीण राजनीति में नए समीकरण खड़े कर दिए हैं।

भरतपुर में भाजपा नौ सीटों पर सिमटी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गृह जिले भरतपुर में कांग्रेस ने जिला परिषद चुनाव में बड़ी बढ़त हासिल की। जिला परिषद की 31 सीटों में कांग्रेस ने 21 पर जीत दर्ज की, जबकि भाजपा को नौ सीटें मिलीं। एक सीट आरएलपी के खाते में गई। पंचायत समिति चुनावों में भी भाजपा पीछे रही। जिले की 159 सीटों में कांग्रेस को 48, भाजपा को 31 और निर्दलीयों को 75 सीटें मिलीं। निर्दलीयों के मजबूत प्रदर्शन ने भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए समीकरण कठिन बना दिए हैं। कई पंचायत समितियों में प्रधान पद के चुनाव अब निर्दलीयों की भूमिका से तय होंगे।

झालावाड़ में भी भाजपा को नुकसान

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के प्रभाव वाले झालावाड़ जिले में भी भाजपा को झटका लगा। यहां आठ पंचायत समितियों में कांग्रेस ने छह पर जीत दर्ज की, जबकि भाजपा केवल दो पंचायत समितियों तक सीमित रही। लंबे समय से भाजपा का मजबूत गढ़ माने जाने वाले क्षेत्र में कांग्रेस की बढ़त को राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है।

जिला परिषद चुनाव में कांग्रेस की बढ़त, भाजपा पिछड़ गई

37 में से 20 जिला परिषदों में कांग्रेस को बहुमत, नागौर में आरएलपी का कब्जा; कई दिग्गजों के परिवार हारे

जयपुर। राजस्थान के जिला परिषद चुनावों के नतीजों में कांग्रेस ने भाजपा पर बढ़त बनाते हुए ग्रामीण राजनीति में मजबूत वापसी के संकेत दिए हैं। प्रदेश की 37 जिला परिषदों में कांग्रेस को 20 जगह स्पष्ट बहुमत मिला है, जबकि 5 जिलों में पार्टी आगे चल रही है। भाजपा को अब तक केवल 5 जिला परिषदों में बहुमत मिला है और 3 जिलों में बढ़त है। नागौर में हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) ने सबसे बड़ी पार्टी बनकर जिला परिषद पर कब्जा जमाया है।

नागौर में आरएलपी का परचम, निर्दलीय बने कई जगह निर्णायक : नागौर जिला परिषद की सभी 37 सीटों के परिणाम में आरएलपी ने 19 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया। कांग्रेस को 11 और भाजपा को 7 सीटें मिलीं। वहीं सलूंबर, डूंगरपुर और बालोतरा में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला, जहां निर्दलीय और छोटे दल निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

डूंगरपुर में त्रिकोणीय मुकाबला

डूंगरपुर जिला परिषद में भाजपा और भारत आदिवासी पार्टी को 14-14 सीटें मिलीं, जबकि कांग्रेस 9 सीटों पर रही। वहीं दौसा में कांग्रेस ने 37 में से 35 सीटें जीतकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि भाजपा केवल 2 सीटों पर सिमट गई। जिला परिषद चुनावों के नतीजों ने भाजपा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन और जनाधार की समीक्षा की चुनौती खड़ी कर दी है। वहीं कांग्रेस इन परिणामों को सरकार के तीन साल के कामकाज पर जनता की प्रतिक्रिया के रूप में पेश कर रही है।

बड़े नेताओं के परिवारों को झटके

- जयपुर की निवर्तमान जिला प्रमुख रमा चोपड़ा चुनाव हार गईं।
- उदयपुर में पूर्व विधायक नानालाल अहारी को कांग्रेस प्रत्याशी ने हराया।
- तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया की पत्नी कनक बुडानिया को हार का सामना करना पड़ा।
- भीलवाड़ा में पूर्व विधानसभा मुख्य सचेतक कालूलाल गुर्जर की पत्नी सरोज देवी हार गईं।
- मावली विधायक के बेटे शांतिलाल डांगी भी चुनाव नहीं जीत सके।

कई दिग्गज परिवारों को मिली सफलता

- झुंझुनूं में पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार की पुत्रवधू हर्षिनी कुलहरि विजयी रहीं।
- सीकर में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह शेखावत के परिवार को जीत मिली।
- जैसलमेर में पूर्व विधायक रूपाराम धनदेव के बेटे और बेटी ने जीत दर्ज की।
- दौसा में कांग्रेस विधायक दीनदयाल बैरवा की पत्नी बीना बैरवा विजयी रहीं।

राजेंद्र राठौड़ परिवार की वापसी, बेटे और बहू ने जीता चुनाव

विधायक नरेंद्र बुडानिया की पत्नी और सरदारशहर विधायक के भाई हारे

चूरू। जिला परिषद चुनाव में पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ के परिवार ने अपनी राजनीतिक पकड़ कायम रखी। उनके



बेटे पराक्रम राठौड़ और पुत्रवधू कनिका राठौड़ ने अपने-अपने वार्ड से जीत दर्ज की। वार्ड-39 से पराक्रम राठौड़ ने 17,861 वोट हासिल कर 7,810 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। वहीं वार्ड-23 से कनिका राठौड़ ने 13,303 वोट प्राप्त कर कांग्रेस प्रत्याशी आशा स्वामी को 2,384 मतों से हराया। दूसरी ओर तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया की पत्नी कनक बुडानिया को वार्ड-38 से हार का सामना करना पड़ा। यहां भाजपा प्रत्याशी नरेश विजयी रहे। सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा के भाई केशर चंद शर्मा भी चुनाव हार गए, हालांकि उनकी पत्नी अंजू बाला वार्ड-3 से जीतने में सफल रहीं। पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी के पुत्र मनीष सैनी ने बूंदी जिला परिषद वार्ड-20 से जीत दर्ज की।

कांग्रेस ने राजस्थान के सह-प्रभारी बदले

श्रीगंगानगर के डूंगराम गेदर राष्ट्रीय सचिव, जगदीश जांगिड़ को यूपी का सह-प्रभारी लगाया

जयपुर।

राजस्थान कांग्रेस में संगठनात्मक फेरबदल के तहत श्रीगंगानगर जिले के दो नेताओं को अहम जिम्मेदारी मिली है। विधायक डूंगरराम गेदर को कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है, जबकि जगदीश जांगिड़ को राष्ट्रीय सचिव के साथ उत्तर प्रदेश का सह-प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। डूंगरराम गेदर को पहली बार राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी मिली है। इस बदलाव को राजस्थान कांग्रेस में क्षेत्रीय संतुलन साधने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है।

तीन सह-प्रभारियों को हटाया, चार नए नेताओं को जिम्मेदारी

कांग्रेस ने राजस्थान के सह-प्रभारी सचिव चिरंजीव राव, ऋतिक मकवाना और पूनम पासवान को पद से हटा दिया है। उनकी जगह



विश्वविजय सिंह, पलक वर्मा, मनोज बागड़ी और पोरलक खारते को राजस्थान का सह-प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है।

संजना जाटव और दिव्या मदेरणा सहित तीन नेताओं की छुट्टी

कांग्रेस ने सांसद संजना जाटव, पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा और विजय जांगिड़ को राष्ट्रीय सचिव पद से हटा दिया है। दिव्या मदेरणा के पास पहले जम्मू-कश्मीर के सह-प्रभारी सचिव की जिम्मेदारी थी। संगठन में हुए इन बदलावों को आगामी राजनीतिक तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

राजस्थान के छह नेताओं को बनाया राष्ट्रीय सचिव

कांग्रेस ने राजस्थान के छह नेताओं को राष्ट्रीय सचिव बनाकर अलग-अलग राज्यों में सह-प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। इनमें सेवा दल के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष हेम सिंह शेखावत, विधायक डूंगरराम गेदर, पूर्व विधायक धीरज गुर्जर, दानिश अबरार, जगदीश जांगिड़ और रेहाना रियाज शामिल हैं। जिम्मेदारियों के तहत हेम सिंह शेखावत को गुजरात, धीरज गुर्जर को जम्मू-कश्मीर, दानिश अबरार को दिल्ली, जगदीश जांगिड़ को उत्तर प्रदेश, डूंगरराम गेदर को मणिपुर, त्रिपुरा और सिक्किम तथा रेहाना रियाज को महाराष्ट्र का सह-प्रभारी सचिव बनाया गया है।

मंत्री झाबरसिंह खर्रा के परिवार को झटका, पत्नी व दोनों बेटे हारे

भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ की पत्नी भी नहीं बचा सकीं सीट

सीकर। पंचायती राज चुनाव परिणामों में श्रीमाधोपुर पंचायत समिति क्षेत्र से यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के



परिवार को करारी हार का सामना करना पड़ा। मंत्री खर्रा की पत्नी शांति देवी और दोनों बेटे चुनाव हार गए। परिवार के तीनों सदस्य अलग-अलग वार्डों से चुनाव मैदान में थे, लेकिन किसी को भी सफलता नहीं मिली। श्रीमाधोपुर पंचायत समिति के वार्ड-17 से मंत्री खर्रा की पत्नी शांति देवी को कांग्रेस प्रत्याशी सरिता जाट ने 51 मतों से हराया। वहीं उनके बेटे दुर्गा सिंह खर्रा निर्दलीय और अजय सिंह खर्रा भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे, लेकिन दोनों को हार का सामना करना पड़ा। इसी तरह जिला परिषद चुनाव में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ की पत्नी गणपति बाटड़ भी हार गईं। वार्ड-3 में कांग्रेस प्रत्याशी रजनी ने उन्हें शिकस्त दी। जिला परिषद वार्ड-47 से डीआईजी अरशद अली की पत्नी जरीना खान को भी हार मिली। यहां कांग्रेस की नसीम बानो विजयी रहीं।

प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने ली हार की जिम्मेदारी

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राजस्थान पंचायती राज चुनाव



परिणामों में पार्टी के प्रदर्शन की जिम्मेदारी खुद लेते हुए कहा कि जनादेश स्वीकार है। उन्होंने कहा कि पार्टी चुनाव परिणामों की समीक्षा करेगी और यह पता लगाएगी कि किन क्षेत्रों में कमी रह गई। राठौड़ ने भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि हार की जवाबदेही उनकी है। पार्टी आगे और मजबूती से जनसेवा में जुटेगी तथा जनता का विश्वास दोबारा हासिल करने का प्रयास करेगी। कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए राठौड़ ने कहा कि चुनाव से पहले कांग्रेस ईवीएम, एसआईआर और अन्य मुद्दों पर सवाल उठाती रही, लेकिन परिणामों ने इन आरोपों को गलत साबित किया है। उन्होंने कहा कि जीत का श्रेय लेने और हार के लिए संस्थाओं को जिम्मेदार ठहराने की राजनीति उचित नहीं है। कांग्रेस को भी अपनी हार की समीक्षा करनी चाहिए।

त्वरित टिप्पणी ● मोदी के चेहरे के भरोसे संगठन की सुस्ती पड़ी भारी, भाजपा को आत्ममंथन का दिया संदेश

पंचायत राज संस्थाओं के यह परिणाम भाजपा की असलियत दर्शाते हैं!

राजस्थान में सम्पन्न पंचायत संस्थाओं के चुनावों में कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भाजपा को धूल चटा दी है। विगत 12-13 वर्षों से भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे को लेकर ही चुनाव लड़ती व जीतती रही है। इसके बाद



भाजपा को लगने लगा कि जब तक मोदी पीएम की कुर्सी पर हैं, उन्हें (भाजपाइयों को) कुछ करना-धरना नहीं है। न आम जनता के अभाव-अभियोगों का निराकरण करना है और न ही सरकारी कार्यक्रमों की कार्यान्विति प्रभावी रूप से लागू करने की उनकी कोई जिम्मेदारी है। राज्य के अनेक इलाकों के परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं की प्रमादशीलता उन्हें व पार्टी को कड़ा दंड देगी। पहले दौर के परिणाम घोषित हुए हैं तो अगले दो-चार दिनों में दूसरे चरण के परिणामों के भी ज्यादा अलग रहने की संभावना बहुत कम है।

शीर्ष नेतृत्व ने नहीं समझी जमीनी हकीकत

भाजपा के शीर्ष नेताओं ने जमीनी स्तर पर केन्द्र व भाजपा की राज्य सरकारों की कार्यशैली और जनता में उसके प्रति भरोसे का आकलन सही नहीं किया। दूसरी तरफ देश के मीडिआ ने भी 'भाजपा-भाजपा' रट-रटकर इन नेताओं का माथा ज्यादा ही खराब कर दिया। निश्चय ही राहुल गांधी व अन्य कांग्रेसी नेताओं के बारे में सकारात्मक कहने-लिखने को कुछ नहीं है। यह भी सच है कि कई दफा कोई मनुष्य/समाज ऐसी मनःस्थिति में आ जाता है कि 'कोई दूसरा क्या करेगा या नहीं करेगा- वह बाद में सोचेंगे- इसे तो मजा चखाओ।' हर व्यक्ति जानता है कि वह या उसके आस-पास के अन्य लोग व समुदाय जीवन में ऐसी परिस्थिति में कई दफा आते हैं। ऐसी सोच या प्रतिक्रिया में विवेक को परे रख दिया जाता है और त्वरित असंतोष/आक्रोश हावी हो जाता है। पंचायत संस्थाओं के चुनाव परिणामों पर यह बात पूरी तरह खरी उतरती है।

जनता से दूरी का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है

अच्छा होगा कि भाजपा अपनी मदान्धता के नशे से बाहर निकलकर जमीनी वास्तविकता को देखे और परखे। क्या भाजपा शासित राज्यों में सरकारी या निजी स्तर पर भ्रष्टाचार नहीं होता? जवाब है-होता है। क्या आम जनता की भलाई और सुविधा के लिए बनाई गई उनकी सरकारी नीतियों/योजनाओं का कार्यान्वयन अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करता है? जवाब है- नहीं। क्या इस बारे में देशभर के भाजपा के छोटे-बड़े नेता और कार्यकर्ता आम जनता से जुड़े हुए हैं? जवाब है-नहीं।

परिणामों ने पार्टी को दिखाया आईना

केन्द्र में देश का शासन प्रमुख अर्थात पीएम मोदी कहां-कहां अपनी पार्टी की राज्य सरकारों के 'कलंकों' पर लीपापोती कर पाएंगे? यह परिणाम इस बारे में स्पष्ट संकेत दे रहे हैं। यह परिणाम केन्द्रीय भाजपा नेतृत्व और राज्यों की पार्टी इकाइयों व इनके पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं के मुंह पर करारा तमाचा है।

आईजीआई एयरपोर्ट क्षेत्र में 60 दिन ड्रोन उड़ाने पर रोक

दिल्ली; आतंकी हमले की आशंका

नई दिल्ली। आतंकी हमले की आशंका को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डा उपमंडल क्षेत्र में ड्रोन, पैराग्लाइडर, हैंग-ग्लाइडर और अन्य मानवरहित विमान प्रणालियों (यूएएस) के संचालन पर 60 दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश 18 नवंबर से प्रभावी होकर 16 जनवरी 2027 तक लागू रहेगा। सहायक पुलिस आयुक्त (पालम उपमंडल, आईजीआई एयरपोर्ट) प्रदीप कुमार मीणा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं में आतंकियों द्वारा ड्रोन के जरिए हमले की आशंका जताई गई है। ऐसे में आम नागरिकों द्वारा ड्रोन, एयरो-मॉडल, पैराग्लाइडर तथा अन्य मानवरहित उड़ान उपकरणों का उपयोग विमानन सुरक्षा और मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा बन सकता



है। दिल्ली पुलिस ने गृह मंत्रालय की अधिसूचना और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत प्राप्त अधिकारों का उपयोग करते हुए यह प्रतिबंध लागू किया है। आदेश में कहा गया है कि सरकारी और सार्वजनिक संपत्तियों तथा यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए एहतियातन यह कदम उठाया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सरकारी स्कूलों में अब कोई पीरियड नहीं रहेगा खाली, नया स्टाफिंग पैटर्न लागू

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने और पदों के तर्कसंगत निर्धारण के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने नवीन स्टाफिंग पैटर्न पद निर्धारण नियम लागू कर दिए हैं।

नए फॉर्मूले के तहत विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन और संकायों (कला, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि) के आधार पर पदों का गणित तय किया गया है। खास बात यह है कि नई व्यवस्था में किसी भी शिक्षक का पीरियड खाली नहीं रहेगा और निर्धारित कालांश पूरे होने के बाद समय बचने पर शिक्षकों को छोटी कक्षाओं में पढ़ाना अनिवार्य होगा।

नई व्यवस्था के अनुसार स्कूल के मुखिया यानी प्रधानाचार्य और उप-प्राचार्य को भी नियमित रूप से शिक्षण कार्य करना होगा। वहीं, व्याख्याता और वरिष्ठ अध्यापक यदि अपने निर्धारित कालांश के बाद समय बचाते हैं, तो उन्हें निचली कक्षाओं में भी अध्यापन कराना होगा। इसके तहत प्रधानाचार्य को सप्ताह में 12 कालांश का शिक्षण कार्य व सहशैक्षिक गतिविधियां, उप-प्राचार्य को सप्ताह में 18 कालांश, व्याख्याता को सप्ताह में 33 कालांश (कक्षा 11-12 को पढ़ाने के बाद समय बचने पर कक्षा 9 और 10 को भी पढ़ाएंगे)। वहीं वरिष्ठ अध्यापक सप्ताह में 36 कालांश (कक्षा 9-10 के बाद कक्षा 6 से 8 को भी पढ़ाएंगे) और अध्यापक लेवल-1 व लेवल-2 सप्ताह में 42 कालांश (लेवल-2 शिक्षक समय बचने पर कक्षा 1 से 5 को भी पढ़ाएंगे)।

नामांकन और संकाय के हिसाब से पदों का गणित

कक्षा 1 से 12 तक संचालित एक संकाय वाले विद्यालयों में तय नामांकन सीमा कक्षा 11-12 में 120, कक्षा 9-10 में 120, कक्षा 6-8 में 105 और कक्षा 1-5 में 60 विद्यार्थी पर कुल 15 से 16 शिक्षक पद निर्धारित किए गए हैं। इसमें 1 प्रधानाचार्य, 5 व्याख्याता (2 अनिवार्य व 3 ऐच्छिक विषय), 3 से 4 वरिष्ठ अध्यापक, 3 लेवल-2 अध्यापक, 2 लेवल-1 अध्यापक और 1 पीटीआई शामिल होंगे। संकाय बढ़ने के साथ पदों की संख्या भी बढ़ेगी; दो संकाय होने पर कुल 18-19 शिक्षक (8 व्याख्याता सहित) और चार संकाय होने पर शिक्षकों की संख्या 25 तक (16 व्याख्याता सहित) पहुंच जाएगी। बसंत कुमार वरिष्ठ शिक्षक संघ रेस्टा के अनुसार स्टाफिंग पैटर्न लागू होने का कई सालों से इंतजार था। अब इसके लागू होने से नामांकन अनुसार शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक पदों का निर्धारण हो सकेगा। यह अच्छा निर्णय है, जिसका सीधा फायदा विद्यार्थियों और विद्यालयों को मिलेगा। पदों में वृद्धि होने पर सीधी भर्ती की तैयारी कर रहे बेरोजगारों को भी लाभ होगा। पदों के पुनर्निर्धारण और समानीकरण की प्रक्रिया अब हर दो साल में एक बार 15 जून तक पूरी की जाएगी। इसके लिए पिछले वर्ष की 30 सितंबर तक दर्ज नामांकन को आधार माना जाएगा। यदि किसी विद्यालय में निर्धारित संख्या से अधिक स्टाफ पाया जाता है, तो सबसे कनिष्ठ (जूनियर) कार्मिक का समायोजन अन्य रिक्त पद वाले विद्यालय में किया जाएगा।

शहर के विभिन्न हिस्सों से पैदल ध्वज यात्राएं पहुंची, श्याम संकीर्तन में झूमे श्रद्धालु

उल्लास के साथ श्याम जन्मोत्सव शुरू





सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

सुदामानगर स्थित सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर में कार्तिक ग्यारस से तीन दिवसीय श्री श्याम जन्मोत्सव मेले का भव्य आगाज हुआ। आज पहले दिन सुबह से ही खाटू श्याम बाबा के मंदिर में शहर के विभिन्न हिस्सों से पैदल ध्वज यात्राओं के आने का क्रम शुरू हो गया, जो देर सायं तक जारी रहा। मंदिर परिसर में पूरे दिन 'हारे के सहारे की जय.., लखदातार की जय' के जयकारे गूंजते रहे। श्याम श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में ध्वज अर्पित कर हाजिरी लगाई और अपनी मन्नतें मांगी। मंदिर के मुख्य सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि प्रातः सवा आठ बजे कलकत्ता से आये विशेष फूलों से बाबा श्याम का अद्भुत श्रृंगार किया गया। इस दौरान बाबा श्याम को श्याम श्रद्धालु की ओर से चांदी का मुकुट पहनाया गया। पूरे दिन मंदिर में बड़ी संख्या में महिला-पुरूषों ने बाबा के दरबार में माथा टेका। दिनभर मंदिर प्रांगण में बाबा के भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। श्याम जन्मोत्सव पर जहां बाबा का अद्भुत श्रृंगार किया गया वही मंदिर व प्रांगण को चुनरी-दुपट्टों और आकर्षक रोशनी व लड़ियों से भव्य रूप से सजाया गया।

रात्रि को लगा 21 किलो मिल्क केक का भोग: शेरेवाला ने बताया कि मंदिर प्रांगण में विशाल भजन संध्या हुई। इसमे सूरत (गुजरात) से अमित शेरेवाला व शहर के अन्य प्रमुख भजन प्रवाहकों अपने भजनों से बाबा श्याम को रिझाया। इस दौरान बाबा श्याम के भजनों व जयकारों से पूरा मंदिर गूंजायमान हो गया। श्याम भजनों पर महिला पुरूषों नृत्य के साथ खुशी का इजहार किया। इस मौके पर श्याम श्रद्धालुओं का जोश, आस्था व उत्साह देखने लायक था। रात्रि को ग्यारह बजे बाबा के जन्मोत्सव पर 21 किलो का विशेष मिल्क केक काट कर भोग अर्पित किया गया। अनेक श्याम भक्त व श्रद्धालु अपने घरों से भी विभिन्न प्रकार के केक व पकवान बनाकर लाये और बाबा को भोग लगाया। श्याम भजनों पर महिला पुरूषों नृत्य के साथ खुशी का इजहार किया। इस मौके पर श्याम श्रद्धालुओं का जोश, आस्था व उत्साह देखने लायक था। महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की ओर से विभिन्न प्रकार के लंगर प्रसाद की भी व्यवस्था की गई है। शेरेवाला ने बताया कि कल द्वादशी को प्रातः आठ बजे से मंदिर में बाबा को खीर चूरमें का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा।

नव निर्वाचित सरपंच सुमन सहारण ने समर्थकों के साथ ग्राम पंचायत भवन पहुंचकर संभाला कार्यभार

सीमा सन्देश # मिर्जेवाला



निकटवर्ती ग्राम पंचायत 11 क्यू बख्ताना की नवनिर्वाचित सरपंच सुमन सहारण धर्मपत्नी उग्रसेन सहारण ने अपने समर्थकों के साथ ग्राम पंचायत भवन पहुंचकर विधिवत रूप से सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी श्रवण शर्मा, पूर्व सरपंच इमरती देवी सहित गांव के गणमान्य नागरिक एवं अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान नवनिर्वाचित सरपंच सुमन सहारण का समर्थकों एवं ग्रामीणों की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए ग्राम पंचायत के सर्वांगीण विकास की उम्मीद जताई। इस मौके पर मांगीलाल सहारण, विनीत पाल बराड़, रणजीत जोसन, उग्रसेन सहारण, विनोद सहारण, राजेंद्र सहारण, प्रभजोत बराड़, पूर्व सरपंच रमेश शर्मा, भागीरथ चारण, आशाराम एवं राजाराम सहारण, सुभाष सहारण, अनिता सहारण सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित सरपंच सुमन सहारण ने इस अवसर पर ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के विकास, गांव की मूलभूत सुविधाओं में सुधार तथा आमजन की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाने तथा ग्रामीणों के सहयोग से पंचायत को आगे बढ़ाने का प्रयास रहेगा। उन्होंने ग्रामीणों से ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही ग्राम पंचायत 11 क्यू बख्ताना में नए कार्यकाल की शुरूआत हुई।

छत्तरगढ़; कांग्रेस को 12 सीट, शेष पर भाजपा, आरएलपी और निर्दलीय जीते

सीमा सन्देश#छत्तरगढ़

छत्तरगढ़ पंचायत समिति की 15 सीट के लिए हुए मतदान के परिणाम शुक्रवार को जारी किए गए। 15 सीट के लिए हुई मतगणना में 12 सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी विजयी हुए है जबकि शेष तीन सीट पर भाजपा, आरएलपी और निर्दलीय के खेमे में गई है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आकंड़ों के अनुसार जोन एक में कांग्रेस के रहमान खां को 953 और उनके प्रतिद्वन्दी भाजपा के प्रेम सिंह को केवल 511 वोट मिले। इसी तरह जोन नम्बर 2 में कांग्रेस की जेतून बानो को 2573 वोट और उनकी प्रतिद्वन्दी भाजपा की शमशाद बानो को 1171 वोट, जोन 3 में कांग्रेस की अरजीना को 1944 वोट और उनकी प्रतिद्वन्दी जुलेयखां बानो को 1386, जोन 4 में कांग्रेस के राजाराम को1446 वोट मिले जबकि निर्दलीय रूप में चुनाव लड़ रहे उनके प्रतिद्वन्दी मोडाराम को 1407 वोट मिले। जोन 5 में बीजेपी की गीना देवी को 2115 वोट और उनकी प्रतिद्वन्दी कांग्रेस की अनीता देवी को 2112, जोन 6 में आरएलपी के विजयपाल बेनीवाल को 1505 वोट और उनके प्रतिद्वन्दी कांग्रेस के गंगाराम को 947, जोन 7 में कांग्रेस के अभयजीतसिंह को 1690 वोट और आरएलपी के महेशकुमार को 920, जोन 8 में कांग्रेस के गौरव चौहान को 1828 और उनके प्रतिद्वन्दी बीजेपी के सेठीराम को 822, जोन 9 में कांग्रेस के पूर्णाराम को 1110 और बीजेपी से उनके प्रतिद्वन्दी सुमेर सिंह को 744, जोन 10 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे देवीलाल को 1033 और उनके प्रतिद्वन्दी कांग्रेस के जगदीश प्रसाद को 856, जोन 11 में कांग्रेस की सन्तोष देवी को 2029 और उनकी प्रतिद्वन्दी बीजेपी की आसदेवी को 1217, जोन 12 में कांग्रेस के अणतुराम को 1410 और उनके प्रतिद्वन्दी भाजपा के अता मोहम्मद को 781 , जोन 13 से कांग्रेस की शमीरा को 1385 और आरएलपी से उनकी प्रतिद्वन्दी रामी देवी को 774, जोन 14 से कांग्रेस की शान्ति को 1053 और उनकी प्रतिद्वन्दी आरएलपी की अरशा को 763 वहीं जोन 15 से कांग्रेस की कमला के 1154 और बीजेपी से उनकी प्रतिद्वन्दी उत्तमा को 748 वोट मिले। विजेताओं के यहां उनके समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया वहीं हारे हुए प्रत्याशियों के यहा सन्नाटा छाया रहा।

सच्चे प्रेम व गोसेवा से ही सार्थक होता है मानव जीवन : बाल संत भोले बाबा



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। ऋषिकेश के बालसंत व विख्यात गोभक्त भोलेबाबा ने कहा है कि भगवान को पाने के लिए बड़े-बड़े अनुष्ठानों से अधिक जरूरी निष्कपट प्रेम व समर्पण है। भगवान प्रेम के वश में हैं और सच्चे हदय से की गई भक्ति ही उन्हें प्राप्त करने का सबसे सरल मार्ग है। गोसेवा भी परमात्मा की आराधना का श्रेष्ठ माध्यम है। श्री गोशाला में भंवरलाल भजनलाल व ओमप्रकाश स्वामी की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन विभिन्न प्रसंगों का बखान करते हुए यह बात कही। उन्होंने विदुर जी के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। साथ ही सजाई गई विदुर जी की सचेतन झांकी ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बाल संत भोले बाबा ने कहा कि मानव जीवन तभी सार्थक होता है, जब व्यक्ति परमात्मा का प्रेम प्राप्त करने के साथ जीव मात्र की सेवा व गोसेवा को अपने जीवन का हिस्सा बनाता है। कथा के बाद गोपाल दास महाराज, श्री किशन पित्तरजी धाम की मुखिया प्रेमाबाई, पूर्व पार्षद पृथ्वी स्वामी, सोहन स्वामी, पार्षद किशनलाल स्वामी, कृष्ण छींपा, संतोष गिरी, समाजसेवी योगेश स्वामी, मायरा वाचक विद्यासागर महाराज, आत्माराम तेरहपुरिया, धर्म प्रचारक तोलाराम स्वामी, ओमप्रकाश स्वामी व इंजी. रमेशचंद्र माथुर ने भागवत कथा की आरती की। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य से प्रेरित हुई छात्राएं



सीमा सन्देश # सुजानगढ़। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की जयंती उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से रा.बा.उ.मा.वि में संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई के जीवन, संघर्ष, अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति से परिचित करवाते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि सोना प्रजापत ने छात्राओं से शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनकर अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य शिवपाल ने कहा कि शिक्षित एवं आत्मनिर्भर नारी ही समाज की प्रगति का मजबूत आधार है। नगर मंत्री मयंक त्रिवेदी ने कहा कि महान विभूतियों का जीवन सदैव समाज को प्रेरणा देता है। जिला छात्रा प्रमुख आस्था स्वामी ने विद्यार्थी परिषद की ओर से संचालित मिशन साहसी, युवती सम्मेलन एवं ऋतुमति अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुलेखा, शिक्षक रामेश्वरलाल खीचड़ ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में पार्षद पवन माहेश्वरी, भाजपा नेता विजय चौहान, नगर सहमंत्री त्रिवेणी कंवर एवं राष्ट्रीय कला मंच के प्रांत सह संयोजक कृष्णा रांकावत सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे। संगोष्ठी के माध्यम से छात्राओं को नारी शक्ति, राष्ट्रभक्ति, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया गया।

संदिग्ध के मिले फुटेज, बिना नंबरी बाइक लेकर हेलमेट पहनकर आया बदमाश

दिन दिहाड़े किसान से बाइक सवार लूट ले गया दस हजार, पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे

सीमा सन्देश # सादुलशहर



नई धान मंडी में दिन दिहाडे एक बिना नंबरी हेलमेट पहने बाइक सवार एक किसान से दस हजार रूपए नकदी लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही तुरंत एसएचओ पृथ्वीपाल सिंह ने पुलिस टीम घटना स्थल पर भेजी। नई धान मंडी तथा कृषि उपज मंडी समिति के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए। पुलिस को मिले फुटेज में उक्त बिना नंबरी हेलमेट लगाए अज्ञात बदमाश पहले राजीव चौक से धान मंडी की ओर आता दिखाई दे रहा है। फिर धान मंडी में आकर पीड़ित किसान से कुछ बात करने लगा। इस बीच झपट्टा मारकर किसान पप्पूराम पुत्र चेतराम निवासी बुधरवाली से दस हजार रूपए लूटकर बाइक सहित फरार हो गया। पुलिस टीम द्वारा संभावित मार्गो पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर उक्त बदमाश व्यापार मंडल रोड से होता हुआ गुरु नानक फैक्ट्री रोड जाता दिखाई दे रहा है। जिस रोड से उक्त बदमाश जा रहा है, उसी रोड पर लगे कैमरों को पुलिस द्वारा खंगाला जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, उक्त बिना नंबरी हेलमेट पहने बाइक सवार बदमाशों ने पिछले कई दिनों से कई घटनाओं को अंजाम दिया है। सीआई पृथ्वी पाल सिंह ने बताया कि घटना के तुरंत बाद पुलिस टीम घटना स्थल पर भेजी गई। सभी संभावित मार्गो के फुटेज चैक किए गए हैं। इनमें महत्वपूर्ण जानकारी भी मिली है। जल्दी ही उक्त बदमाश को राउंडअप किया जाएगा।

कक्षा से समाज तक बदलाव की अलख...

विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया शिक्षा और सहभागिता का अनूठा संगम

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



बिरला पब्लिक स्कूल, गंगानगर में कक्षा आठवीं 'ब' के विद्यार्थियों द्वारा ह्यकक्षा से समाज तक बदलाव की अलखह्ल विषय पर एक विचारोत्तेजक विशेष सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व और सकारात्मक परिवर्तन की भावना का संचार करना था। समारोह का शुभारंभ अभिभावकों के पारंपरिक स्वागत, प्रधानाचार्या श्रीमती सुशीला सहारण एवं मुख्याध्यापिका डॉ. आकांक्षा खुल्लर के अभिनंदन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का कुशल संचालन गौरी राठौर, हार्दिक अग्रवाल, लावण्या, आरव बंसल, विवित्सा, आरव अग्रवाल, नायरा, जीवितेश, आरव अरोड़ा और समरदीप ने किया। विद्यार्थियों ने पंचांग, सुविचार, समाचार, हिंदी-अंग्रेजी भाषण, काव्य-पाठ, नाट्य मंचन, एकल व सामूहिक गीत तथा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। अभिभावकों के लिए आयोजित मनोरंजक खेलों ने विद्यालय और अभिभावकों के बीच सौहार्द को सुदृढ़ किया। प्रधानाचार्या एवं मुख्याध्यापिका ने अपने प्रेरणास्पद संबोधन में शिक्षा के व्यावहारिक महत्त्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कक्षाध्यापक भरत एवं मध्य वर्ग समन्वयक संजीव चौहान के मार्गदर्शन में संपन्न हुए इस कार्यक्रम का समापन ह्यवंदे मातरम्ह्ल गायन और अभिभावक-अंतः क्रियात्मक सत्र के साथ हुआ।

खेल | फाइनल में श्री विजयनगर को 180 रन से हराया

मां आशापुरा क्रिकेट लीग सीजन-3 का खिताब रावला के नाम

सीमा सन्देश# पदमपुर



गांव डेलवा में आयोजित संभाग स्तरीय मां आशापुरा क्रिकेट लीग सीजन-3 का खिताब रावला की टीम ने अपने नाम कर लिया है। फाइनल मुकाबले में रावला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए श्री विजयनगर की टीम को 180 रन के बड़े अंतर से पराजित कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व सीजन-2 में भी रावला ने हनुमानगढ़ में विजेता का खिताब जीता था। आयोजक समिति के सदस्य एस एल बदरा, दिनेश कुमार, अमर फूलिया, लेख राज बदरा, सागर दास बंसरी, कृष्ण बदरा, हरीश मिठिया और ललित हरवानी ने बताया कि खिताबी मुकाबला रावला और श्री विजयनगर के बीच खेला गया। रावला टीम ने कप्तान ललित फुलिया के नेतृत्व में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में 256 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्री विजयनगर टीम कप्तान कमाल शर्मा के नेतृत्व में 9 विकेट खोकर महज 75 रन ही बना सकी। इस तरह रावला ने 180 रन से शानदार जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबले के बाद विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व आकर्षक पुरस्कारों से नवाजा गया। एनआरआई सौरभ बदरा (न्यूजीलैंड) की ओर से विजेता टीम को 41,000 रुपये की शुभकामना राशि तथा एनआरआई सुनील डामा (यूके) की ओर से उपविजेता टीम को 21,000 रुपये की राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त राजू जनरल स्टोर व आयोजक कमेटी द्वारा ट्रॉफी एवं अन्य पुरस्कार दिए गए। खिताबी जीत के बाद खिलाड़ियों का ढोल-नगाड़ों की धुन पर जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया।

युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान : समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाज प्रमुख पारूमल बदरा, पूर्व सरपंच मोहनलाल मिठिया, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष लालचंद बादलानी, भानुशाली पंचायत अध्यक्ष तुलसी हंजवानी, राजकुमार गजरा, हरीश डामा, घनश्याम मीठिया, नारायण दास गजरा, जीवतराम मिठिया, एस एल भदरा, सुनील फुलिया, हीरा लाल बदरा, मनीष गजरा और किशन बदरा सहित विभिन्न मंडियों से पहुंचे सिंधी समाज व अन्य समुदायों के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे खेल आयोजनों की जगह-जगह आवश्यकता है ताकि युवा शारीरिक रूप से स्वस्थ रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। लालचंद बादलानी ने चिंता जताते हुए कहा कि आज कई युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिसका खामियाजा हर वर्ग को भुगतना पड़ रहा है, ऐसे में खेल ही युवाओं को सही दिशा दे सकते हैं। टूर्नामेंट में बेस्ट बैट्समैन दीपक फुलिया , बेस्ट बॉलर रोनी बदरा ,मैन ऑफ द सीरीज मुकेश फुलिया एवं महेश फुलिया, इमर्जिंग प्लेयर आदर्श मिठिया एवं रोनी बदरा, बेस्ट फील्डर लक्की हरवानी और फेयर प्ले अवार्ड राधे राधे सिंधी क्रिकेट क्लब को दिया गया।

गुरु पर्व पर गुरप्रीत रूबल का नया धार्मिक गीत 'नूर नानक दा' रिलीज



श्रीगंगानगर। क्षेत्र के प्रसिद्ध पंजाबी धार्मिक गायक गुरप्रीत रूबल ने गुरु पर्व (श्री गुरु नानक जयंती) के पावन अवसर पर नया धार्मिक गीत 'नूर नानक दा' प्रस्तुत किया है। इस गीत के माध्यम से गुरप्रीत रूबल ने सिख धर्म के प्रथम पातशाह श्री गुरु नानक देव जी के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की है। गीत का संगीत भी गुरप्रीत रूबल ने ही तैयार किया है। गीत का संगीत मुंबई स्थित बॉम्बे स्टूडियोज में रिकॉर्ड किया गया है। इसमें श्रीगंगानगर निवासी एवं मुंबई प्रवासी प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक शाहिद माल्या का मार्गदर्शन रहा। गीतकार जसवंत सिंह बोपाराय ने भावपूर्ण शब्दों में इसकी रचना की है। म्यूजिक कंपनी जेआर रिकॉर्ड्स (सुरिंदर सिद्धू) ने इस गीत को 19 नवंबर की शाम यूट्यूब, स्पॉटिफाई, एप्पल म्यूजिक सहित विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जारी किया। रिलीज के पहले ही दिन गीत को यूट्यूब पर 50 हजार से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। गौरतलब है कि गुरप्रीत रूबल इससे पहले 'गुरुनानक तेरी बाणी' और 'जोड़ा लालाँ दा' जैसे धार्मिक गीतों से श्रोताओं के बीच लोकप्रियता हासिल कर चुके हैं। मुंबई फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों के सहयोग से तैयार यह गीत संगीत और प्रस्तुति के स्तर पर भी विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

मौसम

अधिकतम 30.4° | न्यूनतम 13.1°

आर्द्रता

सुबह 78% | शाम 44%

विंड स्पीड

2-10KM/h

आज का सूर्यास्त

05:36PM

कल का सूर्योदय

07:05AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,25,150

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,15,730

चांदी (प्रति किलो) ₹1,54,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

तीन दिवसीय गुरमत समागम का समापन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पदमपुर रोड स्थित हरि हर उदासीन आश्रम में बाबा श्रीचंद जी के प्रकाशोत्सव को समर्पित तीन दिवसीय समागम का समापन शुक्रवार सुबह हुआ। आश्रम के मुख्य सेवादार रामेश्वर दास ने बताया कि इस अवसर पर बुधवार व गुरुवार शाम को विशेष दीवान सजाए गए जिसमें पदमपुर रोड अमृत विहार कालोनी स्थित गुरुद्वारा धन धन भाई मंझ जी के कीर्तनी जत्था भाई नौनिहाल सिंह ने संगत को गुरु चरणों से जोड़ा। इस दौरान बड़ी संख्या में संगत ने गुरबाणी का श्रवण कर गुरु चरणों में अपनी हाजिरी लगाई।? उन्होंने बताया कि समागम के अंतिम दिन शुक्रवार, सुबह 10 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के भोग उपरांत प्रातः 10 बजे से 11:30 बजे तक विशेष कीर्तन दरबार सजाया गया जिसमें भाई नौनिहाल सिंह जी गुरबाणी कीर्तन द्वारा संगत को निहाल करेंगे। सेवादार लखविंदर सिंह बराड़ ने बताया कि आयोजन के दौरान गुरु का अटूट लंगर बरताया गया।

लिंक रैक की देरी से रेलसेवा प्रभावित

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। उत्तर पश्चिम रेलवे की श्रीगंगानगर-दिल्ली रेलसेवा लिंक रैक में देरी के चलते प्रभावित रही। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार, गाड़ी संख्या 14029 (श्रीगंगानगर-दिल्ली) ने 20 नवंबर को श्रीगंगानगर से अपने निर्धारित प्रस्थान समय 01:40 बजे के बजाय 1 घंटा 50 मिनट की देरी से 03:30 बजे प्रस्थान किया। लिंक रैक के विलंब से पहुंचने के कारण ट्रेन के संचालन समय में यह बदलाव करना पड़ा, जिससे मार्ग के विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से यात्रा से पूर्व ट्रेन की अद्यतन स्थिति (लाइव रनिंग स्टेटस) की जानकारी रेलवे हेल्पलाइन या आधिकारिक माध्यमों से जांच लेने का आग्रह किया है, ताकि वे स्टेशन पर अनावश्यक प्रतीक्षा से बच सकें।

इंदिरा कॉलोनी में पाइपलाइन लीक

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। इंदिरा कॉलोनी की गली नंबर 2 में पिछले 25 दिनों से पेयजल पाइपलाइन लीक होने से साफ पानी की बबार्दी हो रही है।

क्षेत्रवासियों के मुताबिक, रोजाना दोपहर 1 बजे से 3:30 बजे तक करीब ढाई घंटे तक हजारों लीटर पीने का पानी सड़क पर बहकर नालियों में जा रहा है। एक ओर जहां जल संरक्षण को लेकर बड़े-बड़े दावे और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के कई इलाकों में इस तरह पानी नालियों में बह रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मामले की जानकारी होने के बावजूद जलदाय विभाग और पाइपलाइन कार्य से जुड़ी एजेंसी एलएंडटी की ओर से अब तक लीकेज दुरुस्त करने की कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

अभियान; सड़क पर अतिक्रमण करने वालों पर नगर परिषद की सख्ती जारी

मीरा चौक से चहल चौक तक चलाया अभियान, दुकानों के बाहर रखा सामान जब्त किया

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



नगर परिषद श्रीगंगानगर की अतिक्रमण हटाओ अभियान हेतु गठित टीम द्वारा शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने एवं आमजन को सुगम यातायात उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। शुक्रवार अभियान के दौरान मीरा चौक से चहल चौक तक दोनों साईड रोड़, गोयल फर्नीचर से समझाईश पर अपने सड़क पर पड़े फर्नीचर के सामान को अपनी दुकान के अंदर रखा। चहल चौक स्थित ओला मोटर दुकानदार से समझाइश करने पर कुछ स्कूटी दुकान के अंदर रखी तथा कुछ स्कुटियो को जब्त किया गया ताकि भविष्य में वह रोड के ऊपर अपनी स्कूटी खड़ी ना करें।

मौके पर मौजूद वार्ड नंबर 40 के पार्षद दयाराम कुलचानिया ने नगर परिषद प्रशासन का सहयोग करते हुए आसपास के सभी दुकानदारों को अपने दुकान के अंदर सामान रखने के लिए पाबंद किया और दुकान का सामान जो बाहर पड़ा था उसको तुरंत प्रभाव से दुकान के अंदर करवाया। अन्य दुकानदारों से अतिक्रमण मुक्त अभियान में सहयोग की अपील की। टीम ने दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर सड़क पर रखे गए सामान को जब्त किया गया। नगर परिषद की टीम द्वारा दुकानदारों को सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर सामान रखकर अतिक्रमण नहीं करने के लिए निर्देशित किया गया। इस कार्रवाई के दौरान टीम प्रभारी एईएन अमनदीप कौर, अमित सिडाना, शिवांगी बिश्नोई, सफाई निरीक्षक अनिल धारीवाल, जमादार जगदीश, वाहन चालक राजपाल, वीरेंद्र कुमार, समीर कुमार, आशीष कुमार सहित सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

शुगर मिल्स में गन्ना रजिस्ट्रेशन 30 तक

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स द्वारा गन्ना पिराई सत्र 2026-27 में गन्ना बिजाई करने वाले सभी गन्ना किसान अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक साथ लेकर अपने संबंधित फिल्ड सुपरवाईजर से संपर्क कर/गन्ना कार्यालय (आईईएमएस 2.0) में अपना रजिस्ट्रेशन 30 नवम्बर तक आवश्यक रूप से करवा ले ताकि शुगर मिल द्वारा आपका गन्ना क्रय किया जा सके। महाप्रबन्धक शुगर मिल्स श्रीगंगानगर ने बताया कि यदि किसी गन्ना किसान द्वारा आईईएमएस 2.0 में अपना रजिस्ट्रेशन 30 नवम्बर तक नहीं करवाया जाता है, तो किसान का गन्ना ऑनलाइन मॉडयूल में फीड किया जाना संभव नहीं होगा। ना ही गन्ना मांग पर्ची जारी की जा सकेगी, जिसकी समस्त जिम्मेवारी गन्ना काश्तकार की होगी।

बीएसएफ कैम्प की दीवार फांदकर अंदर घुसा युवक

अधिकारियों ने पकड़ा, एफआईआर दर्ज

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर शहर में पुलिस लाइन के सामने स्थित बीएसएफ के 48वीं बटालियन कैंप में गुरुवार रात को एक युवक दीवार फांदकर अंदर घुस गया। जिसे बीएसएफ के अधिकारियों ने पकड़ लिया। पूछताछ में युवक की पहचान बिहार निवासी दिनेश पासवान (32) के रूप में हुई। बीएसएफ की ओर से दी गई रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल राकेश कुमार ने बताया- 19 नवंबर की रात करीब 1:30 बजे 48वीं बटालियन बीएसएफ कैंप में सिमल मुर्मू रात की ड्यूटी पर थे। इसी दौरान एक युवक कैंप की दीवार फांदकर अंदर घुस आया।

ड्यूटी अधिकारी ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम दिनेश पासवान बताया। वह मूल रूप से बिहार के नवादा जिले का रहने वाला है और वर्तमान में श्रीगंगानगर में पुलिस लाइन के सामने कपूर फर्नीचर के नजदीक हीरा पॉलिमर्स कंपनी के पास रह रहा था। घटना के बाद बीएसएफ के 48वीं बटालियन के कार्यालय की ओर से कोतवाली थाने में लिखित रिपोर्ट दी गई। पुलिस ने एफआईआर नंबर 0451 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) में मामला दर्ज किया है। मामले की जांच हेड कॉन्स्टेबल राकेश कुमार कर रहे हैं।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पकड़ा गया आरोपी नशे का आदी है और मानसिक रूप से परेशान है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

देवउठनी एकादशी पर मंदिरों में तुलसी-शालीग्राम विवाह संपन्न

सिद्धिविनायक और पावन धाम मंदिर में श्याम जन्मोत्सव व भजन-कीर्तन का आयोजन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



सेतिया कॉलोनी गली नंबर 3 स्थित हाथी वाले श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में शुक्रवार को देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर शालीग्राम-तुलसी विवाह और खाटू वाले श्री श्याम बाबा का जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। एक दिवसीय आयोजन की शुरूआत सुबह सवा 10 बजे श्री गणपति महाराज व श्री श्याम बाबा के पूजन के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान श्री गणपति महाराज, श्री श्याम बाबा, भगवान विष्णु-माता लक्ष्मी और शिव परिवार का आकर्षक दरबार सजाया गया। शाम साढ़े 4 से साढ़े 7 बजे तक श्री श्याम बाबा की भजन संध्या हुई, जिसमें मंगलगीतों और भजनों की अमृतवर्षा के बीच शालीग्राम-तुलसी विवाह व श्याम जन्मोत्सव की खुशियां मनाई गईं। श्री गणेश महिला संकीर्तन मण्डल की सीमा गोयल, सुधा सोबती, रिम्पी नरूला, ममता चलाना, सरिता मिश्र, ज्योति गुरनानी, सरोज जुनेजा, मैना शेखावत, रानी नागपाल, शालु मिड्ढा, सरोज मित्तल, आरती मिश्र व रजनी शर्मा सहित अन्य सदस्यों के नेतृत्व में भजन-कीर्तन हुआ।

महावीर कालोनी स्थित **श्री राम दूत हनुमान सेवा संस्थान ट्रस्ट** द्वारा संचालित पावन धाम मन्दिर में शुक्रवार देवउठनी एकादशी के पावन पर्व पर तुलसी-शालीग्राम विवाह उत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। शुक्रवार शाम धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु के शालीग्राम स्वरूप और माता तुलसी का विवाह संपन्न कराया गया। इस दौरान तुलसी-शालीग्राम का विधि-विधान से पूजन एवं विवाह की रस्में श्रद्धापूर्वक निभाई गई। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को विवाह उत्सव में शामिल होकर पूजन एवं कन्यादान का पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस अवसर पर मन्दिर के मुख्य पुजारी पं. विनोद कुमार शास्त्री सहित संस्था पदाधिकारी श्याम सांखला, गोपाल भाटी, पंकज जैन, कमल लाटा, कमल गाबा, निशांत गर्ग, केवल कृष्ण बिट्टा, यशपाल सेठी, विशेष बंसल एवं बी एस चौहान मौजूद रहे।

श्रीगंगानगर में 24 नवम्बर से शुरू होगा अश्व मेला

कमेटी ने तैयारियों का लिया जायजा



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। शहर में 24 नवंबर से शुरू होने वाले भव्य अश्व मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज अश्व मेला कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मेला ग्राउंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कमेटी ने मेले के ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाहर से आने वाले अश्वपालकों, व्यापारियों और अश्वों के लिए पेयजल, बिजली, छाया और साफ-सफाई सहित सभी आधारभूत सुविधाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। साथ ही, मेले में सुरक्षा की दृष्टि से रात्रि गश्त और पर्याप्त रोशनी (लाइट) की पुख्ता व्यवस्था रखने के लिए भी ठेकेदार को निर्देशित किया गया।

इस मौके पर अश्व मेले के कार्यवाहक अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह बराड़ (पुत्र पूर्व मंत्री स्व.सरदार गुरजंट सिंह बराड़ 5 चक), सचिव अमन भुंवाल मिर्जेवाला, उपाध्यक्ष रणदीप बराड़ (44 जीजी), गुरमीत सिंह, नितिन बत्तरा और नवजोत चयल आदि उपस्थित रहे।

जिले में कल से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान

0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियोरोधी खुराक

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



जिले में राष्ट्रीय पोलियो अभियान के तहत रविवार, 22 नवंबर को पल्स पोलियो दिवस मनाया जाएगा। अभियान के दौरान जिले में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाई जाएगी। अभियान की सफल क्रियान्विति एवं शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने तथा कोई भी बच्चा पोलियोरोधी खुराक से वंचित नहीं रहने के संबंध में निर्देश दिए हैं।

सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि जिले में अभियान के तहत कुल 1 लाख 94 हजार 453 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिले में कुल 1,355 बूथ बनाए गए हैं। इनमें 1,277 स्थिर बूथ, 26 मोबाइल बूथ तथा 52 ट्रांजिट बूथ शामिल हैं। अभियान के प्रभावी संचालन के लिए 2,229 घर-घर भ्रमण टीमें गठित की गई हैं। साथ ही 410 ईंट भट्टों को भी अभियान की कार्ययोजना में शामिल किया गया है, ताकि वहां रहने वाले परिवारों के बच्चों को भी पोलियो की खुराक पिलाई जा सके।

अभियान की निगरानी एवं व्यवस्थाओं के लिए कुल 238 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इनमें स्वास्थ्य विभाग के 210, आंगनबाड़ी विभाग के 18 तथा आयुर्वेद विभाग के 10 पर्यवेक्षक शामिल हैं। जिले के 2,838 गांवों एवं ढाणियों में अभियान की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आमजन से अपील की गई है कि 22 नवंबर को अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियोरोधी खुराक अवश्य पिलाएं। भारत पोलियो मुक्त है, लेकिन पड़ोसी देशों सहित विश्व के कुछ हिस्सों में पोलियो का खतरा अभी भी बना हुआ है। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक अभियान में पोलियो की खुराक पिलाना जरूरी है।

पुत्र-पुत्री से मारपीट के मामले में केस दर्ज

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। पुलिस थाने में 27 जीजी क्षेत्र में हुई मारपीट की घटना को लेकर मामला दर्ज किया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, 27 जीजी निवासी गुरनाम कौर पत्नी दलीप सिंह ने रिपोर्ट दी है कि 15 सितंबर 2026 को रात करीब 8 बजे आरोपियों ने एक राय होकर उनके पुत्र और पुत्री के साथ जानबूझकर मारपीट की। आरोप है कि वारदात के दौरान आरोपी खतरनाक हथियारों से लैस थे। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण में बलतेज सिंह पुत्र मेजर सिंह, भोला सिंह, सेवक सिंह, बाग सिंह, मंगा सिंह और पोकर नायक निवासी 27 जीजी व अन्य को नामजद किया है।

श्रीगंगानगर में नशीली टैबलेट्स के साथ महिला गिरफ्तार

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पुरानी आबादी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला को प्रतिबंधित नशीली टैबलेट्स के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के कब्जे से 400 कैप्सूल और 1700 नशीली गोलियां बरामद की हैं। इसके साथ ही पुलिस ने 10 हजार 400 रुपए की बिक्री राशि भी जब्त की है। एसपी हरीशंकर ने बताया कि जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मेडिकल नशे और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुरानी आबादी थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की।

हाउसिंग बोर्ड पार्क के पास से पकड़ा : पुरानी आबादी थानाधिकारी सुमन परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान हाउसिंग बोर्ड पार्क के पास पुरानी आबादी क्षेत्र से रानी देवी (60) पत्नी सुखदेव सिंह, निवासी हाउसिंग बोर्ड, पुरानी आबादी को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 400 कैप्सूल और 1700 नशे की गोलियां और 10,400 रुपए की रकम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 223(बी) के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की है। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल रविंद्र सिंह, कांस्टेबल मनीष कुमार, संदीप कुमार और महिला कांस्टेबल कविता शामिल थीं। पुलिस के अनुसार इस कार्रवाई में कांस्टेबल मनीष कुमार की विशेष भूमिका रही।

ओरण परिक्रमा पर यात्रियों की भीड़ देख रेलवे ने दो ट्रेनों में बढ़ाए कोच

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। देशनोक में आयोजित श्रीकरणी माता ओरण परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं और यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बड़ी राहत दी है। उत्तर पश्चिम रेलवे ने जयपुर से बीकानेर के बीच चलने वाली दो प्रमुख रेलसेवाओं में साधारण श्रेणी के डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार, यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर यह व्यवस्था 22 से 24 नवंबर तक लागू रहेगी। रेलवे अधिकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 19719/19720 जयपुर-सूरतगढ़-जयपुर में जयपुर से बीकानेर के मध्य 22 से 24 नवम्बर तक 2 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12468/12467 जयपुर-जैसलमेर-जयपुर में जयपुर से बीकानेर के इस अवधि में 2 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

इन कोच के बढने से ओरण परिक्रमा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं सहित जयपुर, बीकानेर, सूरतगढ़ और जैसलमेर रूट के यात्रियों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी।

बच्चों को दिलाई स्वस्थ जीवन शैली शपथ

विद्यार्थी शिक्षा सहयोग समिति की गाइड्स व बुलबुल व स्कूल के अन्य बच्चे हुए शामिल

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड की इकाई विद्यार्थी शिक्षा सहयोग समिति की गाइड्स एवं बुलबुल और स्कूल के अन्य बच्चों ने आज पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम ईईपी के तहत स्वस्थ जीवन शैली पर शपथ व चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय की गाइडर दया शीला ने स्वस्थ जीवन शैली पर शपथ दिलाई। प्रिंसिपल मुकेश मक्कड़, सीओ गाइड मोनिका यादव एवं दया शीला ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय रही गाइड्स व बुलबुल को सम्मानित किया। स्कूल में स्वस्थ जीवन शैली पर एक विचार संगोष्ठी एवं चित्रकला प्रतियोगिता करवाई गयी।



चित्रकला प्रतियोगिता में गाइड पल्लवी, मन्नत और पूजा को पुरस्कृत किया। सीओ गाइड मोनिका यादव ने बताया शपथ का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ जीवन शैली के माध्यम से नियमित शारीरिक गतिविधि, सही खान पान ओर हानिकारक आदतों जैसे तंबाकू, नशे से दूरी बनाकर एक संतुलित जीवन जीना था।

चार दिन में पांच विषयों की परीक्षा निर्धारित करना विद्यार्थियों के लिए चुनौतीपूर्ण, समय सारणी में संशोधन की मांग

अर्द्धवार्षिक परीक्षा की समय सारणी से बढ़ा दबाव, रोष

सीमा सन्देश # मिर्जेवाला। राजस्थान के विद्यालयों में 20 नवंबर 2026 से अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। परीक्षा को लेकर जहां विद्यार्थी तैयारी में जुटे हुए हैं, वहीं शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी परीक्षा समय सारणी ने विद्यार्थियों और अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। विशेष रूप से कक्षा 11वीं और 12वीं कला संकाय के परीक्षा कार्यक्रम को लेकर अभिभावकों में खासा रोष देखने को मिल रहा है।

शिक्षा निदेशालय स्तर से जारी समय सारणी के अनुसार कक्षा 12वीं कला संकाय के विद्यार्थियों की 25 नवंबर को अनिवार्य अंग्रेजी, 26 नवंबर को अनिवार्य हिंदी, 27 नवंबर को प्रथम पारी में ऐच्छिक गणित (कला वर्ग) तथा द्वितीय पारी में राजनीति विज्ञान और 28 नवंबर को



इतिहास की परीक्षा निर्धारित की गई है। लगभग इसी प्रकार का परीक्षा कार्यक्रम कक्षा 11वीं कला संकाय के लिए भी बनाया गया है। इस तरह विद्यार्थियों को मात्र चार दिनों के भीतर पांच विषयों की परीक्षाएं देनी होंगी।

11 क्यू बख्ताना के अभिभावक रामचंद्र सहारण ने बताया कि परीक्षा समय सारणी तैयार करते समय विद्यार्थियों की पढ़ाई, पाठ्यक्रम की व्यापकता और मानसिक स्थिति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। मात्र 48 घंटे की अवधि में तीन महत्वपूर्ण विषयों की परीक्षा देना विद्यार्थियों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण है। प्रत्येक विषय का पाठ्यक्रम काफी विस्तृत होता है, जिसे परीक्षा से पहले अच्छी तरह दोहराने और समझने के लिए पर्याप्त समय की आवश्यकता होती है। इतनी कम समयावधि में विद्यार्थियों के लिए सभी विषयों की प्रभावी तैयारी कर पाना मुश्किल हो जाता है।

अभिभावकों का कहना है कि अर्धवार्षिक परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन करना और उन्हें आगामी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है, लेकिन इस प्रकार की समय सारणी विद्यार्थियों पर अनावश्यक मानसिक दबाव बढ़ा सकती है। लगातार परीक्षाओं के चलते विद्यार्थियों को एक विषय की तैयारी पूरी करने के बाद दूसरे विषय की तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है।

इस परीक्षा कार्यक्रम को लेकर अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि समय सारणी की समीक्षा कर इसमें आवश्यक संशोधन किया जाए तथा मुख्य विषयों की परीक्षाओं के बीच पर्याप्त अंतराल रखा जाए। इससे विद्यार्थियों को प्रत्येक विषय की तैयारी और पुनरावृत्ति के लिए उचित समय मिल सकेगा। अभिभावकों का कहना है कि विभाग को विद्यार्थियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए ऐसी समय सारणी बनानी चाहिए, जिससे वे मानसिक तनाव के बजाय आत्मविश्वास और बेहतर तैयारी के साथ परीक्षाओं में शामिल हो सकें।

पंजाबी बोली विकास समिति का कौमी हीरा सम्मान समारोह कल



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। दिलबाग सिंह शेरदिल की अध्यक्षता में पंजाबी बोली विकास समिति राजस्थान की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पंजाबी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से द्वितीय कौमी हीरा सम्मान समारोह का आयोजन 22 नवंबर रविवार को प्रातः 10:30 बजे नोजगे पब्लिक स्कूल, श्रीगंगानगर में किया जाएगा। समारोह में शिक्षा, खेल, साहित्य, कविता, अभिनय एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली कुल 171 प्रतिभाओं को 11 श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा।

इनमें दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी, नव नियुक्त सरकारी कर्मचारी, आईआईटी एवं नीट में चयनित विद्यार्थी तथा पंजाबी साहित्य और कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाएं शामिल हैं।

इस अवसर पर शिव कुमार बटालवी कौमी हीरा सम्मान के लिए बलविंदर सिंह चाहल, दलीप कौर टिवाणा कौमी हीरा सम्मान के लिए डॉ. संदीप सिंह मुंडे एवं हरपाल सिंह लखियां तथा बलराज साहनी कौमी हीरा सम्मान के लिए अमरिंदर सिंह शिल्पी का चयन किया गया है।

बैठक में दिलबाग सिंह शेरदिल, स्वर्ण सिंह, प्रताप सिंह, अर्जुन सिंह, अवरिंदरजीत सिंह, कुलदीप सिंह, गुरविंदर सिंह, सतवीर सिंह, सुखमंदर सिंह एवं जी.पी. सिंह अरनेजा सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

किसी से प्यार करना मजबूत एहसास ही नहीं है - यह निर्णय है, यह वादा है। - बेल हुक्स

संपादकीय

अतिथि का सम्मान न कर किसका सम्मान गिराया

भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता उसकी उदारता, शिष्टाचार और अतिथि-सत्कार की परंपरा रही है। 'अतिथि देवो भवः' केवल एक सांस्कृतिक नारा नहीं, बल्कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी जीवन-दृष्टि का आधार है। यही कारण है कि मतभेद, संघर्ष या राजनीतिक असहमति के बावजूद भारत ने सदैव कूटनीतिक मर्यादाओं और सभ्य व्यवहार को महत्त्व दिया है। यही परंपरा विश्व समुदाय में भारत की अलग पहचान भी बनाती है। नई दिल्ली में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सभ्यता संवाद मंच में भाग लेने के लिए पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन मंत्री मुसादिक मलिक का भारत आगमन ऐसे समय हुआ है, जब दोनों देशों के संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं। सीमा पार आतंकवाद, कूटनीतिक मतभेद और हाल के घटनाक्रमों के कारण दोनों देशों के बीच विश्वास का संकट बना हुआ है। ऐसे माहौल में यदि किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत स्वयं सभी सदस्य देशों को आमंत्रित करता है, तो उसके बाद उस आयोजन से जुड़ी प्रत्येक औपचारिकता भी उसी गरिमा के अनुरूप निभाई जानी चाहिए थी। लेकिन पाकिस्तान के मंत्री के स्वागत में भारत की ओर से कोई नहीं पहुंचा। यह पूरी तरह से अनुचित है।

किसी विदेशी प्रतिनिधि के स्वागत को उसकी सरकार या उसके राजनीतिक दृष्टिकोण के समर्थन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का स्थापित शिष्टाचार है। दुनिया के लगभग सभी लोकतांत्रिक देशों में यह परंपरा रही है कि आमंत्रित विदेशी प्रतिनिधियों का स्वागत प्रोटोकॉल के अनुरूप किया जाता है, चाहे द्विपक्षीय संबंध कितने ही जटिल क्यों न हों। यही व्यवहार परिपक्व राष्ट्रों की पहचान माना जाता है। भारत ने हमेशा अपनी विदेश नीति में सिद्धांत और संस्कार दोनों का संतुलन बनाए रखने का प्रयास किया है। चाहे शत्रु देश के प्रतिनिधि हों या मित्र राष्ट्रों के, आधिकारिक आयोजनों में गरिमापूर्ण व्यवहार भारत की विश्वसनीयता को मजबूत करता है। यदि किसी आमंत्रित मंत्री के स्वागत के लिए निर्धारित स्तर का कोई भारतीय अधिकारी उपस्थित नहीं होता, तो अंतरराष्ट्रीय समुदाय में यह संदेश भी जाता है कि मेजबान देश स्वयं अपने कूटनीतिक प्रोटोकॉल को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसी स्थिति में चर्चा प्रतिनिधि के बजाय मेजबान देश के आचरण पर केंद्रित हो जाती है।

यह भी ध्यान रखना चाहिए कि किसी विदेशी मंत्री का स्वागत करना और उसके विचारों या उसकी सरकार की नीतियों से सहमत होना दो अलग-अलग बातें हैं। भारत पाकिस्तान की नीतियों का विरोध करता रहा है और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर उसका रुख स्पष्ट और दृढ़ है। लेकिन यही दृढ़ता तब और प्रभावशाली दिखाई देती है, जब उसके साथ भारतीय संस्कृति की गरिमा और कूटनीतिक शालीनता भी जुड़ी हो। आज भारत स्वयं को वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। जी-20 की सफल मेजबानी, विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर सक्रिय भागीदारी और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' जैसे संदेशों ने भारत की सकारात्मक छवि को मजबूत किया है। ऐसे में किसी भी अंतरराष्ट्रीय आयोजन में छोटी-सी प्रोटोकॉल संबंधी चूक भी अनावश्यक चर्चा का विषय बन सकती है। वैश्विक मंच पर सम्मान केवल शक्ति से नहीं, बल्कि व्यवहार, परंपरा और संस्थागत परिपक्वता से भी अर्जित होता है।

राष्ट्रीय हितों पर अडिग रहना और कूटनीतिक शिष्टाचार का पालन करना एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक हैं। भारत की पहचान उसकी सैन्य या आर्थिक शक्ति जितनी ही उसकी सभ्यता, संस्कृति और मर्यादित आचरण से भी बनती है। इसलिए जब कोई प्रतिनिधि भारत सरकार के औपचारिक निमंत्रण पर हमारे देश आता है, तब उसका स्वागत भारतीय परंपरा, कूटनीतिक मर्यादा और राष्ट्रीय गरिमा-तीनों के अनुरूप होना चाहिए। यही भारत की वास्तविक सांस्कृतिक शक्ति है और यही विश्व समुदाय के सामने हमारी सबसे बड़ी पहचान भी। पाकिस्तानी मंत्री को घर बुलाकर स्वागत न करने का फैसला जिस किसी भी स्तर पर और जिसने भी लिया, वह गलत है और उसे भारतीय संस्कृति का हित चिंतक नहीं कहा जा सकता।

बजट और स्मार्ट प्लानिंग से संवारें अपनी ड्रीम वेडिंग

आलीशान शादी का सपना देखना गलत नहीं, लेकिन उसमें पानी की तरह पैसा बहाना समझदारी नहीं। सही योजना और कुछ स्मार्ट बदलावों के साथ आप कम बजट में भी अपनी शादी को बेहद भव्य और यादगार बना सकती हैं।

हर युवा के मन में अपनी शादी को लेकर अनगिनत सुनहरे सपने होते हैं। शानदार सजावट, लजीज पकवान और शाही परिधान–हर कोई चाहता है कि उसकी जिंदगी का यह खास दिन यादगार हो। लेकिन जब तैयारियों का दौर शुरू होता है, तो खर्चों की लंबी फेहरिस्त डराने लगती है। अक्सर लोग दिखावे के चक्कर में अपनी जमापूंजी लुटा देते हैं। हालांकि, थोड़ी-सी समझदारी और सही योजना के साथ आप बिना अपनी जेब ढीली किए भी एक भव्य शादी का आयोजन कर सकती हैं।

तारीख तय करने से पहले सोचें

शादी के सीजन में जब भारी साया होता है, तो हर चीज के दाम आसमान छूने लगते हैं। इसके बजाय अगर आप ऑफ-सीजन या कम व्यस्त दिनों में विवाह करती हैं, तो कम खर्च में शानदार आयोजन कर सकेंगी, क्योंकि इस दौरान वेन्यू और वेंडर्स किफायती दामों पर मिल जाते हैं।



वेन्यू चुनते समय ध्यान दें

आलीशान शादी के लिए पांच सितारा होटल या महंगे फार्महाउस जरूरी नहीं हैं। अच्छे मैरिज हॉल या कम्युनिटी हॉल में बेहतरीन सजावट करवाकर वेन्यू को आकर्षक बनाया जा सकता है। कोशिश करें कि शादी की सभी रस्में एक ही वेन्यू पर रखें। इससे मेहमानों को आसानी होती है और डेकोरेशन, ठहरने व आने-जाने का खर्च नियंत्रित रहता है। एक ही वेन्यू होने से अच्छा डिस्काउंट भी मिल जाता है।

डिजिटल इनविटेशन

शादी के महंगे कार्ड छपवाकर हजारों रुपये खर्च करना सिर्फ पैसे की बबार्दी है। इसके बजाय व्हाट्सऐप, ईमेल या वीडियो के माध्यम से डिजिटल इनविटेशन भेजना सस्ता और आधुनिक है। इससे पर्यावरण की रक्षा होने के साथ-साथ आपके काफी पैसे भी बच जाते हैं।

खाना अच्छा हो, ज्यादा नहीं

शादी में सबसे बड़ा खर्च खाने पर होता है। ज्यादा वैरायटी के चक्कर में खाना बर्बाद होता है और लोग भरी प्लेटें छोड़ देते हैं। मेन्यू तैयार करते वक्त ध्यान रखें कि वैरायटी भले ही कम हो, पर हर डिश का स्वाद बेहतरीन होना चाहिए। इससे मेहमान लुत्फ उठाएंगे और भोजन की बबार्दी रुकने से बजट संतुलित रहेगा।

लहंगा-ज्वेलरी कौन-सी चुनें?

लाखों का डिजाइनर लहंगा या भारी गहने खरीदना जरूरी नहीं है। आप मिलते-जुलते किफायती डिजाइन चुन सकती हैं या मां की शादी के जोड़े को थोड़ा नया स्टाइल देकर पहन सकती हैं। इसी तरह, महंगी ज्वेलरी खरीदने के बजाय किराए के विकल्प को चुनें, जो वास्तविक कीमत से आधे दाम में आसानी से मिल जाते हैं।

आजमाकर देखें ये उपाय भी

- **दिन के समय करें आयोजनः** शादी की रस्मों को दिन के वक्त रखने से कृत्रिम लाइटिंग और बिजली का भारी खर्च बचता है।
- **मेहमानों की सूची सीमित रखें:** केवल करीबी लोगों को आमंत्रित करें। मेहमानों की संख्या कम होने से वेन्यू और कैटरिंग का खर्च घटेगा।
- **किफायती सजावटः** महंगे विदेशी फूलों के बजाय गेंदे के फूलों, रंगीन कागजों और मोमबत्तियों का उपयोग करके खूबसूरत और किफायती सजावट करें।

2023 में देशभर में बच्चों के खिलाफ अपराध के 1.77 लाख से अधिक मामले दर्ज

बचपन को चाहिए सुरक्षा और भरोसा, डिजिटल दौर में बढ़ा शोषण का खतरा

बच्चों को बचपन में सबसे ज्यादा जरूरत सुरक्षा, प्यार और भरोसे की होती है। लेकिन जब यही उम्र यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की पीड़ा झेलती है तो इसका असर उनके वर्तमान के साथ पूरे भविष्य पर पड़ता है। कानूनों के बावजूद बच्चों के खिलाफ अपराधों में कमी नहीं आना चिंता का विषय है। कई मामलों में अपराधी कोई अनजान व्यक्ति नहीं, बल्कि बच्चे के भरोसे के दायरे में शामिल परिचित ही होते हैं। इसी गंभीर मुद्दे को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र ने 18 नवंबर को बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की रोकथाम एवं उपचार के लिए विश्व दिवस घोषित किया है। इसका उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने और पीड़ितों को न्याय, उपचार व पुनर्वास दिलाने के लिए जागरूकता बढ़ाना है।

डिजिटल दुनिया से चुनौतियां

बाल अधिकार विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र पण्ड्या के अनुसार बाल यौन शोषण का दायरा केवल शारीरिक अपराधों तक सीमित नहीं है। गलत तरीके से छूना, अश्लील सामग्री दिखाना, ऑनलाइन ग्रूमिंग, साइबर ब्लैकमेलिंग और आपत्तिजनक सामग्री का प्रसार भी गंभीर अपराध हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते इस्तेमाल ने बच्चों के सामने नए खतरे पैदा किए हैं। बच्चों को केवल अनजान लोगों से सावधान रहने की सीख देना पर्याप्त नहीं है। उन्हें अपने शरीर की सुरक्षा, व्यक्तिगत सीमाओं और गलत व्यवहार की पहचान के बारे में जानकारी देना जरूरी है।



जागरूकता जरूरी

बाल संरक्षण विशेषज्ञ ध्रुव कुमार कविया ने बताया कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में बाल संरक्षण के लिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार रणनीति बनानी होगी। स्कूलों में गुड टच-बैड टच, साइबर सुरक्षा और सुरक्षित-असुरक्षित व्यवहार को लेकर नियमित जागरूकता कार्यक्रम जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों को बच्चों के व्यवहार में अचानक बदलाव, डर, तनाव या असामान्य चुप्पी जैसे संकेतों को समझना होगा।

आंकड़े बता रहे गंभीर स्थिति

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में देशभर में बच्चों के खिलाफ अपराध के 1.77 लाख से अधिक मामले दर्ज हुए। इनमें 67,694 मामले पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज किए गए। राजस्थान में भी स्थिति चिंताजनक है। राज्य में बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले वर्ष 2021 में 7,653 से बढ़कर 2023 में 10,577 हो गए। विशेषज्ञों का कहना है कि सामाजिक दबाव और जागरूकता की कमी के कारण वास्तविक आंकड़े इससे अधिक हो सकते हैं।

रोकथाम पर जोर

बच्चों की सुरक्षा के लिए पॉक्सो अधिनियम-2012, किशोर न्याय अधिनियम और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसी व्यवस्थाएं लागू हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल कानून पर्याप्त नहीं हैं। परिवार, स्कूल, समाज और प्रशासन को मिलकर ऐसा माहौल बनाना होगा, जहां हर बच्चा बिना डर अपनी बात कह सके।

सॉरी-थैंक्यू से परेः प्रायश्चित और महिमा की राह



MAAsterG की क्लास

किश्त सं. 46

हम बहुत जन्मों से यही कहते आ रहे हैं, सॉरी और थैंक्यू! 'सॉरी' एक ऐसा शब्द है कि हम तुरंत अपनी गलती को खत्म कर देते हैं। 'थैंक्यू' कहा और हम सोचते हैं बस बात खत्म! पर ये सॉरी और थैंक्यू दोनों ही शब्द हमारे जीवन को उस मंजिल तक नहीं ले जाते जहाँ हमें पहुँचना है। सॉरी और थैंक्यू दोनों ही शब्द माया से बने हैं। जन्म से मृत्यु तक क्या होना है, सब रिकॉर्डेड है। जब जन्म से मृत्यु तक सब कुछ रिकॉर्डेड है, तो फिर सॉरी किस चीज का और थैंक्यू किस चीज का?

सॉरी और थैंक्यू ये दोनों शब्द कहीं न कहीं जीवन में रुकावट बन जाते हैं, रुकावट भी कोई छोटी-मोटी नहीं, बल्कि मुक्ति में रुकावट! इसलिए कहा गया है कि जीवन में कोई भी चूक या कोई भी गलती हो जाए, तो उसे सिर्फ ऊपर-ऊपर से मत सुधारो। भगवान ने महावीर स्वामी के द्वारा कहा कि तुम इसका प्रायश्चित करो। सॉरी शब्द को उन्होंने 'प्रायश्चित' कहा है। जब तुम किसी गलती को एनालाइज करते हो, गहरे में उतरते हो और गलती का मूल ढूँढ लेते हो की क्यों तुम्हें सॉरी कहना पड़ा और अगली बार ये नहीं होगा, तो इसे प्रायश्चित कहा गया है। प्रायश्चित यानी गलती के मूल तक जाना।

ऐसे ही थैंक्यू या शुक्राना क्यों कहते हैं? क्योंकि जो किया था वो लौट के आया है, जो दिया था वही तो लौट रहा है! जब तुमने परमात्मा का कभी शुक्राना नहीं किया, जब तुमने इस शरीर को बनाने वाले का शुक्राना नहीं किया, तो तुम दूसरों का किस चीज का शुक्राना कर रहे हो? उसने क्या किया है? जब तुमने उस विराट का शुक्राना नहीं किया, तुमने कभी सुबह उठकर नहीं कहा कि 'थैंक्यू, मुझे जगा दिया', 'थैंक्यू, तुम पाँव को चला रहे हो'। तुमने अपनी आँख से नहीं कहा कि 'थैंक्यू, जो दिखा रही है। तुमने अपनी जीभ से नहीं कहा कि 'थैंक्यू, जो स्वाद दे रही है। तुमने अपने कान से नहीं कहा कि 'थैंक्यू, जो सुना रहा है। तुमने अपने ब्रेन (मस्तिष्क) से नहीं कहा कि 'थैंक्यू, तुमने मुझे इतनी अच्छी जॉब दिलवाई है। जब तुमने शरीर के किसी अंग से नहीं कहा, तुमने इस शरीर को बनाने वाले को थैंक्यू नहीं किया, तुमने आकाश, पृथ्वी, जल, वायु और अग्नि का थैंक्यू नहीं किया, तो तुम किस 'मैं' का थैंक्यू कर रहे हो?

इसलिए कहा गया है कि गहरे में उतरो! पर हमारी आदत है, तो हम सत में भी एक-दूसरे को थैंक्यू और सॉरी कहते हैं। सॉरी का अर्थ ही है, मैं गहराई में नहीं उतरूँगा! थैंक्यू का अर्थ ही है, मैं गहराई में नहीं उतरूँगा! ये सारे सॉरी और थैंक्यू माया से कनेक्टेड हैं। माया में सॉरी-थैंक्यू चलता है, क्योंकि माया के अंदर तो सब खेल ऐसा ही है, झूठ और सच का, सॉरी और थैंक्यू काकब्रह्म में, सत में सॉरी और थैंक्यू की कोई जगह नहीं है; क्योंकि अगर तुम सॉरी कहोगे, तो तुम गहरे नहीं उतर पाओगे। ब्रह्म के मार्ग पर 'प्रायश्चित' शब्द चलता है, 'महिमा' शब्द चलता है! महिमा-'तेरी महिमा में जीवन गुजार दूँ, फिर भी कुछ न किया ऐसा जानूँ।' महिमा पूरे प्राणों से होती है। थैंक्यू तो तुम बाहर के शरीर से कहते हो, और शुक्रिया तुम अपने पूरे प्राणों से कहते हो - शुक्राना! जब तुम प्राणों से शुक्राना कहते हो, तो पूरा ब्रह्मांड तुम्हारी ओर चलने लगता है, पूरा ब्रह्मांड!

केवल शुक्राना नहीं, महिमा करो! इसीलिए जब जॉन, मैथ्यू और मार्क ने जीसस की महिमा की, तो संसार को बाइबिल मिली। जब भाई अंगद और मदार्ना ने महिमा की, तो संसार को जपुजी साहिब मिला। जब गौतम ने महिमा की, तो महावीर की वाणी मिली। जब सारिपुत्र और मोद्गल्यायन ने महिमा की, तो बुद्ध का धम्मपद मिला। ये महिमा है! महिमा में थैंक्यू नहीं होता, महिमा करने वाला पूरी तरह से गहराई में डूबा हुआ होता है। तुम्हें भी गहराई में डूबना है। ब्रह्म में शुक्राना करो, उसका जिसने तुम्हें बनाया, शुक्राना करो उसका जो तुम्हें चला रहा है, शुक्राना करो उसका जो तुम्हें पुकार रहा है! इसलिए जीवन के सत्य को जानो! सत में उतरो! अपने आप को माया के चक्र से बाहर निकालो और शुद्ध ज्योत-स्वरूप होकर इंतजार करो कि कब उस अखंड में समा जाएँ, जिसे संन्यस्त कहा गया है। तभी तुम्हारी ये यात्रा सफल होगी!

MAAsterG का अनमोल एवं आलौकिक ज्ञान उनके यूट्यूब चैनल 'MAAsterG' और 'GOD HOME JOURNEY' पर निशुल्क उपलब्ध है।

नवजात की सही देखभाल से मजबूत होगी सेहत की नींव

नवजात शिशु के जीवन के पहले 28 दिन बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण माने जाते हैं। इसी अवधि में शिशु गर्भ के सुरक्षित वातावरण से बाहर की दुनिया के अनुरूप खुद को ढालना शुरू करता है। उसके शरीर का तापमान नियंत्रित करने की क्षमता, प्रतिरक्षा तंत्र और पाचन प्रणाली धीरे-धीरे विकसित होती है। ऐसे में माता-पिता की थोड़ी-सी सावधानी भी शिशु के स्वस्थ विकास की मजबूत नींव रख सकती है।

विशेषज्ञ चिकित्सक के अनुसार नवजात के पहले महीने में माता-पिता का जीवन दूध पिलाने, सुलाने और डायपर बदलने के इर्द-गिर्द घूमता है। यह समय शारीरिक और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण जरूर होता है, लेकिन यही वह दौर है जिसमें बच्चे के भविष्य की सेहत की आधारशिला रखी जाती है।

स्तनपान सुरक्षा कवच

जन्म के बाद शुरूआती 2-3 दिनों में मां का निकलने वाला गाढ़ा पीला दूध (कोलोस्ट्रम) एंटीबॉडी से भरपूर होता है, जो शिशु को गंभीर संक्रमणों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पहले महीने में शिशु का पेट बहुत छोटा होता है, इसलिए दिन में 8 से 12 बार स्तनपान कराना सामान्य और आवश्यक माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार बच्चे के रोने का इंतजार करने के बजाय उसके शुरूआती संकेतों को पहचानना चाहिए, जैसे होंठ चटकाना, हाथ चूसना या स्तन खोजने की कोशिश करना। यदि किसी कारणवश मां का दूध पर्याप्त न बन पाए तो डॉक्टर की सलाह से फॉर्मूला दूध भी सुरक्षित विकल्प हो सकता है।

नींद है बेहद जरूरी

नवजात को हमेशा पीठ के बल सुलाना चाहिए। उसके लिए अलग, सख्त और समतल पालना सबसे सुरक्षित माना जाता है। पालने में तकिया, ढीले कंबल, मुलायम खिलौने या अन्य सामान नहीं रखना चाहिए। बच्चे को सोफे या बिस्तर पर साथ लेकर सोना दुर्घटना का कारण बन सकता है।



साफ-सफाई और गर्भनाल की देखभाल

शिशु को गोद में लेने से पहले हाथ अच्छी तरह धोना जरूरी है। घर आने वाले लोगों को भी स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। गर्भनाल के बचे हुए हिस्से (अम्बिलिकल कॉर्ड स्टंप) को सूखा और साफ रखें। उस पर कोई दवा, तेल या घरेलू पदार्थ न लगाएं। जब तक गर्भनाल पूरी तरह सूखकर अलग न हो जाए, तब तक बच्चे को स्पंज बाथ देना ही बेहतर होता है। साथ ही डायपर समय-समय पर बदलते रहें ताकि रैशेज न हों।

हर बच्चा अलग होता है

विशेषज्ञों का कहना है कि कोई भी माता-पिता पहले दिन से सब कुछ पूरी तरह नहीं सीख पाते। हर शिशु की जरूरतें अलग होती हैं और अनुभव के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ता जाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि बच्चे में कुछ भी असामान्य लगे तो अनुमान लगाने के बजाय तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें। यही सतर्कता नवजात को स्वस्थ और सुरक्षित शुरूआत देने का सबसे अच्छा तरीका है।

शुरूआती प्यार और स्पर्श की अहम भूमिका

विशेषज्ञों के अनुसार 'स्किन-टू-स्किन' संपर्क (कंगारू केयर) नवजात के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी है। बच्चे से बातें करना, उसे गाकर सुनाना और गोद में लेकर दुलारना उसके मस्तिष्क के विकास में भी मदद करता है, क्योंकि वह जन्म के समय से ही माता-पिता की आवाज पहचानने लगता है। जब बच्चा जाग रहा हो तो कुछ समय उसे निगरानी में पेट के बल भी लिटाया जा सकता है, जिससे गर्दन और कंधों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं।

ये बातें सामान्य, घबराएं नहीं

- जन्म के बाद हल्का पीलापन (जो अधिकांश मामलों में सामान्य होता है)
- नाक और गालों पर छोटे सफेद दाने (मिलिया या मिल्क स्पॉट्स)
- थोड़ा दूध बाहर निकालना, छींक आना या हिचकी आना
- शुरूआती दिनों में थोड़ा वजन कम होना और बाद में धीरे-धीरे बढ़ना

अधिकांश मामलों में घबराने की जरूरत नहीं होती, लेकिन संदेह होने पर डॉक्टर से सलाह लें।

इन्हें न करें नजरअंदाज

- शरीर का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस (100.4 डिग्री फॉरेनहाइट) या उससे अधिक होना।
- सांस लेने में तकलीफ, तेज सांस चलना या होंठ नीले पड़ना।
- बच्चा दूध पीने से इंकार करे या उसे जगाना मुश्किल हो।
- लगातार तेज रोना या शरीर का ढीला पड़ जाना।
- पीलापन बढ़ना या पूरे शरीर में फैलना।
- डायपर बहुत कम गीला होना।
- नाभि के आसपास लालिमा, सूजन या रिसाव दिखाई देना।

सेहत का भी रखें ध्यान

नवजात की देखभाल के साथ माता-पिता का स्वस्थ रहना भी उतना ही जरूरी है। परिवार से मिलने वाली मदद स्वीकार करें, बच्चे के सोने के दौरान स्वयं भी आराम करने की कोशिश करें और रात की जिम्मेदारियां आपस में बांट लें। प्रसव के बाद शुरूआती दिनों में भावनात्मक उतार-चढ़ाव सामान्य हैं, लेकिन यदि लंबे समय तक उदासी, घबराहट या तनाव बना रहे तो डॉक्टर से सलाह लेने में देर नहीं करनी चाहिए।

सोशल मीडिया से



15 पंचायत समितियों में 11 पर कांग्रेस का बहुमत, भाजपा को बड़ा झटका

बीकानेर पंचायत चुनावों में कांग्रेस का दबदबा, जिला परिषद की 41 में से 30 सीटों पर जीत

सीमा सन्देश # बीकानेर

जिला परिषद और जिले की 15 पंचायत समितियों के चुनाव परिणामों में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण राजनीति में अपनी मजबूत वापसी दर्ज कराई है। जिला परिषद की कुल 41 सीटों में कांग्रेस ने 30 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है, जबकि भाजपा को केवल 8 सीटों पर संतोष करना पड़ा। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) ने दो और सीपीएम ने एक सीट पर जीत दर्ज की है। परिणामों के बाद जिला परिषद में कांग्रेस का बोर्ड बनना तय माना जा रहा है।

जिला प्रमुख पद के लिए सरिता और निकिता डूडी प्रमुख दावेदार : जिला परिषद में बहुमत मिलने के बाद अब जिला प्रमुख पद को लेकर कांग्रेस में चर्चा तेज हो गई है। पूर्व मंत्री गोविंद मेघवाल की पुत्री सरिता मेघवाल और पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी की पुत्रवधू निकिता डूडी को प्रमुख दावेदार माना जा रहा है। दोनों ही राजनीतिक परिवारों का जिले की राजनीति में प्रभाव रहा है। ऐसे में कांग्रेस नेतृत्व के सामने जिला प्रमुख पद के चयन में राजनीतिक और संगठनात्मक संतुलन बनाए रखने की चुनौती रहेगी। पूर्व मंत्री गोविंद मेघवाल ने कांग्रेस की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने तीनों पंचायत समितियों में बहुमत हासिल किया है। उन्होंने बताया कि जिला परिषद की आठ में से आठ सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि वह सरिता के लिए जिला प्रमुख पद की दावेदारी कर रहे हैं। वहीं सरिता ने भी कहा कि वह इस पद की दावेदार हैं, लेकिन अंतिम फैसला पार्टी नेतृत्व करेगा।

15 में से 11 पंचायत समितियों में कांग्रेस का परचम : पंचायत समिति चुनावों में भी कांग्रेस का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। जिले की 15 पंचायत समितियों में से 11 में कांग्रेस ने बहुमत हासिल किया है। कांग्रेस को बीकानेर, कोलायत, हदां, बज्जू, खाजूवाला, पूगल, छतरगढ़, जसरासर, रिड़ी और श्रीडूंगरगढ़ सहित 11 पंचायत समितियों में बढ़त मिली है। वहीं भाजपा को केवल बीठनोक पंचायत समिति में बहुमत मिला है। पांचू, रुनियाबास और नोखा पंचायत समितियों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। इन क्षेत्रों में निर्दलीय प्रत्याशियों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। बोर्ड गठन के लिए कांग्रेस और भाजपा दोनों को निर्दलीय सदस्यों का समर्थन जुटाना पड़ सकता है।

मंत्री सुमित गोदारा के क्षेत्र में भी भाजपा पिछड़ी: चुनाव परिणामों में सबसे अधिक चर्चा प्रदेश सरकार में मंत्री सुमित गोदारा के विधानसभा क्षेत्र लूणकरणसर की रही। मंत्री के गृह क्षेत्र में भी भाजपा अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सकी। यहां कांग्रेस ने पंचायत समिति में पूर्ण बहुमत हासिल किया है। राजनीतिक विश्लेषक इसे भाजपा के लिए बड़ा झटका मान रहे हैं और पार्टी के लिए आत्ममंथन का विषय बता रहे हैं।

ग्रामीण राजनीति में कांग्रेस की मजबूत वापसी: चुनाव परिणामों ने बीकानेर जिले की ग्रामीण राजनीति में नए समीकरण सामने ला दिए हैं। कांग्रेस ने जिला परिषद से लेकर अधिकांश पंचायत समितियों तक मजबूत स्थिति बनाकर भाजपा को पीछे छोड़ दिया है। अब सभी की नजरें जिला प्रमुख और पंचायत समितियों के प्रधान पदों के चुनाव पर हैं, जहां दोनों प्रमुख दलों के बीच राजनीतिक रणनीति और संगठनात्मक ताकत की अगली परीक्षा होगी।

खरीफ फसलें 70 प्रतिशत तक खराब, भूजल खारा होने से पशुओं के चारे-पानी का संकट



सीमा सन्देश# खाजूवाला। भारतीय किसान संघ राजस्थान प्रदेश, जोधपुर प्रांत (पश्चिमी राजस्थान) की ओर से बीकानेर जिले की खाजूवाला तहसील को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग उठाई गई है। इस संबंध में संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम का खाजूवाला उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर किसानों को राहत प्रदान करने की मांग की है। अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष मानसून के दौरान खाजूवाला तहसील में बहुत कम बारिश हुई है। इसके चलते खरीफ की फसल, ग्वार, मूंग, मोठ और मूंगफली की फसलें 70 प्रतिशत तक खराब हो चुकी हैं। भूजल स्तर नीचे चले जाने से कई ट्यूबवेल सूख गए हैं। वहीं पशुओं के लिए चारे-पानी का संकट खड़ा हो गया है और चारे के दाम दोगुने हो गए हैं। भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन में मांग की कि खाजूवाला तहसील को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों को राहत दी जाए। इसके साथ ही डिग्गियों की अनुदान राशि दिलवाने, पशुओं के लिए चारा डिपो खुलवाने तथा खाजूवाला तहसील के जिन चकों में फार्म आईडी नहीं खुल रही है, उन्हें चालू करवाने की मांग की गई है। ज्ञापन में प्रभावित किसानों को उचित अनुदान एवं फसल बीमा दिलवाने, मौजूदा-नहरी सिंचाई पानी के रेगुलेशन में बदलाव नहीं करने, पेयजल आपूर्ति में मीठे पानी की व्यवस्था करने तथा 7 डी की लंबित मरम्मत शीघ्र करवाने की मांग भी उठाई गई है। ज्ञापन में बताया कि 26 अक्टूबर 2026 को सरकार की ओर से 14 जिलों की 80 तहसीलों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया था, लेकिन खाजूवाला, पूगल और छतरगढ़ क्षेत्र इस सूची में शामिल नहीं है। इस मौके पर रामसिंह राजपुरोहित, प्यारेलाल सैन, राजेश कुमार, सुशील, हजारीराम आदि किसान मौजूद रहे।

15 में 10 सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार जीते, कई जगह आरएलपी ने भी दी टक्कर

खाजूवाला पंचायत समिति चुनाव : मतगणना के आंकड़े सामने आए, कई सीटों पर कांटे की टक्कर

सीमा सन्देश # खाजूवाला

खाजूवाला पंचायत समिति चुनाव को लेकर उम्मीदवारों को मिले मतों का ब्योरा सामने आ गया है। पंचायत समिति की 15 सीट के लिए हुए चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अपनी ताकत दिखाई। कई सीटों पर कड़ा संघर्ष देखने को मिला। उपलब्ध डेटा के आधार पर जोन एक में आरएलपी के साजन कुमार विजेता रहे। उन्हे 1725 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वन्दी कांग्रेस के कानाराम को 1300 वोट से संतोष करना पड़ा। इसी प्रकार जोन में बीजेपी के सुरेश कुमार विजेता रहे उन्हे 717 वोट मिले वहीं उनके प्रतिद्वन्दी आरएलपी के सुखराम को 635 वोट मिले, जोन तीन में कांग्रेस की सुनिला ने 1359 वोट हासिल तो उनकी प्रतिद्वन्दी बीजेपी की शायर कंवर को 476वोट मिले, जोन 4 में कांग्रेस की राजकौर को 870 वोट मिले वहीं उनकी प्रतिद्वन्दी माया को 826 वोट, जोन पांच में बीजेपी के करणाराम को 1117 वोट मिले और उनके प्रतिद्वन्दी कांग्रेस के हरीराम को 846 वोट,जोन 6 में कांग्रेस की रानी देवी को 1791 वोट मिले वहीं उनकी प्रतिद्वन्दी भाजपा की गुड्डी को 1021 वोट मिले,जोन 7 में कांग्रेस के अशोक कुमार कड़वा को 1685 वोट मिले और उनके प्रतिद्वन्दी गुरमुख सिंह को 1089, जोन 8 में कांग्रेस की रचना देवी को 1256 वोट और उनकी प्रतिद्वन्दी आरएलपी की सजना देवी को 853 वोट मिले, जोन 9 में निर्दलयी प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरी पुष्पा को 1041 वोट मिले वहीं कांग्रेस की हुसैना खातुन को 910 वोट से संतोष करना पड़ा। इसके अलावा जोन 10 में कांग्रेस के पुनीत कुमार को 1207 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वन्दी आरएलपी के रमेश को 562 वोट, जोन 11 में कांग्रेस के ओमप्रकाश को 1591 वोट मिले तो आरएलपी से उनके प्रतिद्वन्दी कमलेश कुमार को 1101 वोट, जोन 12 में कांग्रेस की कान्ता को 2302 वोट मिले और भाजपा से उनकी प्रतिद्वन्दी अंजुबाला को 1352 वोट, जोन 13 से कांग्रेस के कुलदीप को 853 वोट और आरएलपी से उनके प्रतिद्वन्दी पवन कुमार को 787 वोट, जोन 14 में कांग्रेस की कलावती को 1907 वोट मिले जबकि उनकी प्रतिद्वन्दी भाजपा की दिलीप कौर को 1315 और जोन 15 में निर्दलीय भोमराज को 881 वोट और उनके प्रतिद्वन्दी कांग्रेस के भूराराम को 753 वोट मिले। 15 जोन के जारी परिणा में 10 जोन में कांग्रेस के उम्मीदवारों ने विजयश्री हासिल की।

विधायक डूंगरराम गेदर को एआईसीसी सचिव नियुक्त किया

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



विधायक डूंगरराम गेदर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में सचिव नियुक्त किया गया है। पार्टी आलाकमान ने उन्हें चार पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर, त्रिपुरा, सिक्किम व नागालैंड का संगठनात्मक प्रभार भी सौंपा है। राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। गेदर की नियुक्ति से पहले करीब एक माह पूर्व नई दिल्ली में पार्टी की चयन प्रक्रिया के तहत उनका साक्षात्कार हुआ था। इसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल व प्रियंका गांधी ने उनसे संवाद किया। पार्टी नेतृत्व ने उनके संगठनात्मक अनुभव व कार्यक्षमता पर भरोसा जताते हुए राष्ट्रीय संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। गेदर इससे पहले भी कांग्रेस संगठन व सरकार में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्व निभा चुके हैं। राजस्थान की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में वे श्री यादे माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष व अध्यक्ष रहे और इन्हें राज्य मंत्री का भी प्रभार दिया गया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति के सदस्य रहने के साथ साथ राजस्थान व अन्य राज्यों में विधानसभा चुनावों के दौरान भी उन्होंने प्रभारी के रूप में संगठनात्मक जिम्मेदारियां निभाई। उनकी नियुक्ति क्षेत्र सहित राजस्थान के कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्त्ताओं ने प्रसन्नता जताते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

चतुर्थ जयपुर रीजन नवोदय एलुमनाई मीट 24 को

सूरतगढ़। नवोदय विद्यालय की आत्मीयता, मित्रता व जीवनभर कायम रहने वाले रिश्तों को फिर से जीवंत करने के लिए 24 नवंबर को चतुर्थ जयपुर रीजन नवोदय एलुमनाई मीट व नवोदय स्मृति संगम-2026 आयोजित होगा। जवाहर नवोदय विद्यालय में होने वाले कार्यक्रम में दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान के विभिन्न नवोदय विद्यालयों से जुड़े पूर्व विद्यार्थी जुटेंगे और विद्यालय जीवन की यादें साझा करेंगे। प्राचार्य रामावतार बुरड़क ने कहा कि वर्षों बाद पुराने सहपाठियों, मित्रों व विद्यालय परिवार से मिलन नवोदय से जुड़े संस्कारों, अनुभवों व आत्मीय रिश्तों को फिर से महसूस करने का भावनात्मक मंच बनेगा। उन्होंने बताया कि नवोदय विद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अनुशासन, आत्मनिर्भरता, संस्कार व जीवन को नई दिशा देने वाली सीख प्रदान करते हैं। आयोजकों ने जयपुर रीजन के सभी नवोदय एलुमनाई से आयोजन में उत्साहपूर्वक सहभागिता कर स्मृतियों के इस महासंगम को यादगार बनाने का आह्वान किया है।





घड़साना: इंटर कॉलेज जेवलिन थ्रो में मोनिका ने जीता कांस्य पदक



सीमा सन्देश # घड़साना

राजकीय महाविद्यालय, घड़साना की छात्रा मोनिका ने एस.जी.एन. खालसा पी.जी. कॉलेज, श्रीगंगानगर में आयोजित इंटर कॉलेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता की जेवलिन थ्रो (भाला फेंक) स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रशासन ने मिठाई बांटकर, प्रमाण-पत्र प्रदान कर तथा शुभकामनाएं देकर छात्रा का उत्साहवर्धन किया। मोनिका की सफलता से महाविद्यालय, उसके परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इसी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा पूनम ने 200 मीटर दौड़ में चौथा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर उसे सांत्वना पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय परिवार ने दोनों छात्राओं के खेल एवं शैक्षणिक भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय परिवार ने इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेलों में भी मेहनत, अनुशासन और प्रतिभा के बल पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। जेवलिन थ्रो जैसे कठिन और शारीरिक क्षमता वाले खेल में मोनिका का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय माना गया।

पूगल में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत, भाजपा जीत सकी दो सीट

सीमा सन्देश # खाजूवाला

पूगल पंचायत समिति की 15 सीट के लिए चुनाव में भाजपा को करारी हार मिली है। 15 में से कांग्रेस के खाते में 13 सीट मिली जबकि भाजपा दो सीट पर ही सीमट कर रह गई। निर्वाचन आयोग द्वार शुक्रवार को करवाई गई मतगणना के बाद जोन एक में कांग्रेस के याकिर खान को 2747 और उनके प्रतिद्वन्दी राजबाला को 1347 वोट मिले हैं। जोन दो में कांग्रेस की अफशा को 1919 और उनकी प्रतिद्वन्दी भाजपा की राधा देवी को 678, जोन 3 में कांग्रेस के अरसाद अली को 1858 ओर उनके प्रतिद्वन्दी बीजेपी के पंकज सिंह को 1161, जोन 4 में कांग्रेस की कमला देवी को 1213 और उनकी प्रतिद्वन्दी भाजपा की पुष्पा देवी को 1066, जोन 5 में कांग्रेस की रूकैया खातून को 1843 और उनकी प्रतिद्वन्दी निर्दलीय प्रत्याशी मिथलेश शर्मा को 853, जोन 6 में कांग्रेस के जसवंत सिंह को 1354 और उनके प्रतिद्वन्दी बीजेपी के मोहन सिंह को 918, जोन 7 में बीजेपी की मुगता बाई को 812 और उनकी प्रतिद्वन्दी कांग्रेस की गीता कंवर को 694, जोन 8 में कांग्रेस के रेवंताराम को 1293 और उनके प्रतिद्वन्दी भाजपा के धन्ना राम को 1022, जोन 9 में कांग्रेस की जयललिता को 1664और उनकी प्रतिद्वन्दी भाजपा की परमेश्वरी देवी को 1026, जोन 10 में कांग्रेस की रशीदा बानो को 2088 और उनकी प्रतिद्वन्दी भाजपा की करीमा खातून को 455, जोन 11 में बीजेपी की गुड्डी देवी को 1206 और उनकी प्रतिद्वन्दी कांग्रेस की संतोष देवी को 521,जोन 12 में कांग्रेस के जाला राम को 1521 ओर उनके प्रतिद्वन्दी भाजपा के बाबूलाल को 634, जोन 13 में कांग्रेस की मंजूरा बानो को 1696 और उनकी प्रतिद्वन्दी भाजपा की रुकेया बानो को 1215, जोन 14 में कांग्रेस की मंजू को 632 और उनकी प्रतिद्वन्दी भाजपा की प्रियंका को 578 और जोन 15 में कांग्रेस की शारदा देवी को 952 और उनकी प्रतिद्वन्दी भाजपा की शिल्पा चारण को 811 वोट मिले।

सरदारशहर : सड़कों से 100 नंदी नंदीशालाओं में भेजे

सीमा सन्देश # सरदारशहर



शहर की सड़कों और प्रमुख मार्गों पर विचरण करने वाले निराश्रित गोवंश की समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद एवं गोशाला समिति की ओर से संयुक्त अभियान चलाकर 100 नंदियों(सांडों) को नंदीशालाओं में पहुंचाया गया। नगर परिषद कर्मचारियों के सहयोग से पकड़े गए इन 100 नंदियों में से 13 को गोशाला समिति की बीकानेर रोड स्थित नंदीशाला तथा 87 को पंचायत ब्लॉक स्तरीय नंदीशाला में भिजवाया गया। इस पहल का उद्देश्य निराश्रित गौवंश को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध करवाने के साथ शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कम करना था। नगर परिषद सभापति अनिता टाक ने बताया कि सड़कों पर निराश्रित गौवंश के विचरण से आमजन और वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इसी समस्या को देखते हुए गोशाला समिति के सहयोग से यह कार्रवाई की गई। अभियान में गोशाला समिति के ट्रस्टी जगदीशप्रसाद जैनासरिया, अध्यक्ष गिरधारीलाल पारीक, मंत्री सुरेंद्र जाम्मड़ सहित अन्य पदाधिकारियों ने सहयोग दिया। हालांकि शहर में निराश्रित गौवंश की संख्या और सड़कों पर उनकी मौजूदगी को देखते हुए यह कार्रवाई नाकाफी नजर आ रही है। 100 नंदियों को नंदीशालाओं में पहुंचाने के बावजूद प्रमुख मार्गों, बाजारों और चौराहों पर अब भी बड़ी संख्या में गोवंश विचरण करता दिखाई दे रहा है, जिससे आमजन को परेशानी हो रही है और विशेषकर रात के समय हादसों का खतरा बना रहता है। ऐसे में अभियान को लगातार जारी रखने की जरूरत है, ताकि यातायात व्यवस्था में स्थायी सुधार हो सके और शेष गौवंश के पुनर्वास के लिए व्यापक कदम उठाए जा सकें।

बीमा योजना के तहत मृतक किसान के परिवार को मिला 10 लाख का क्लेम



सीमा सन्देश# खाजूवाला। बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड 22केवाईडी की ओर से राज्य सहकार व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत सड़क दुर्घटना में मृतक ऋणी सदस्य स्व. गंगा सिंह उर्फ गागा सिंह के परिवार को 10 लाख रुपए की बीमा क्लेम राशि का चेक प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार 13 केवाईडी निवासी स्व. गंगा सिंह उर्फ गागा सिंह पुत्र फोजा सिंह की 1 अप्रैल 2025 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। वे 22 केवाईडी ग्राम सेवा सहकारी समिति के ऋणी सदस्य थे तथा समिति की ओर से उनका राज्य सहकार व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत बीमा करवाया गया था। घटना के बाद समिति व्यवस्थापक लक्ष्मण परिहार ने मृतक के परिजनों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर बीमा कंपनी में क्लेम आवेदन प्रस्तुत किया। इसके परिणामस्वरूप 20 नवंबर 2026 को 10 लाख रुपए की बीमा क्लेम राशि स्वीकृत होकर प्राप्त हुई। सीसीबी बैंक चेयरमैन भागीरथ ज्याणी, सीसीबी बैंक मैनेजर दीन दयाल शर्मा, 22 केवाईडी समिति चेयरमैन श्रीराम बिश्नोई, 22 केवाईडी सरपंच प्रतिनिधि श्योपत पुनिया एवं पूर्व व्यवस्थापक बाबूलाल परिहार ने मृतक के वारिस लाभ सिंह एवं परिवार के अन्य सदस्यों को 10 लाख रुपए का चैक सौंपा। इस दौरान बैंक स्टाफ सहित 11 केएल्डी व्यवस्थापक किशन पंवार, 20 बीडी व्यवस्थापक सुनील कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सरदारशहर: मसाला खेती को प्रोत्साहन देने पर जोर



सीमा संदेश # सरदारशहर

किसानों की आय में वृद्धि करने और मसाला फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र में राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें किसानों को मसाला फसलों की उन्नत खेती, उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. वीके सैनी ने मिट्टी एवं सिंचाई जल की गुणवत्ता, मृदा प्रबंधन और बेहतर फसल उत्पादन में इनके महत्व बारे बताया। साथ ही वैज्ञानिक पद्धतियां अपनाकर खेती की गुणवत्ता और पैदावार बढ़ाने का आह्वान किया। विशेषज्ञ डॉ. अजय कुमावत ने मसाला फसलों की उन्नत किस्मों, वैज्ञानिक खेती, फसल देखभाल और उत्पादों के बेहतर विपणन की जानकारी दी। वैज्ञानिक हरीश रछोया ने पौधों की देखभाल एवं फसल प्रबंधन की तकनीकों से अवगत करवाया। जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक एनआर गणोलिया ने उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को कृषि आधारित उद्योगों से जुड़कर स्वरोजगार एवं आय के नए अवसर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. रमण जोधा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

जिला परिषद में काँग्रेस को 21 व भाजपा 17 पर सिमटी, प्रमुख-प्रधान चुनाव 25 से 28 तक

जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव परिणामों में काँग्रेस को मिली बढ़त

सीमा सन्देश # चूरू

पंचायत राज चुनाव के नतीजों ने चूरू जिले की राजनीति में नई तस्वीर पेश की है। जिला परिषद और पंचायत समितियों के चुनाव परिणामों में कांग्रेस ने भाजपा पर बढ़त बनाते हुए अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया है। जिला परिषद की 39 सीटों में कांग्रेस ने 21 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुमत हासिल किया है, जबकि भाजपा को 17 सीटों से संतोष करना पड़ा। एक सीट पर अन्य दल के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। ऐसे में जिला प्रमुख की कुर्सी पर कांग्रेस का दावा मजबूत नजर आ रहा है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ के परिवार के लिए चुनाव परिणाम मिले-जुले रहे। उनके पुत्र पराक्रम सिंह राठौड़ ने जिला परिषद के वार्ड संख्या 39 से भाजपा प्रत्याशी के रूप में 17,861 वोट हासिल कर शानदार जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी केशरीचंद शर्मा को 10,051 और आरएलपी प्रत्याशी चंदनमल मेघवाल को 1,158 वोट मिले और पराक्रम सिंह ने 7,810 मतों के अंतर से जीत हासिल की। वहीं, उनकी पुत्रवधू कनिका सिंह राठौड़ ने भी वार्ड संख्या 23 से विजय प्राप्त की। हालांकि भाजपा को बहुमत नहीं मिलने से राजेंद्र राठौड़ का जिला प्रमुख बनाने का सपना अधूरा रह सकता है। दूसरी ओर, तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया की पत्नी कनक बुडानिया को हार का सामना करना पड़ा। वहीं, पूर्व मंत्री स्वर्गीय पंडित भंवरलाल शर्मा की पुत्रवधू अंजू केशरी शर्मा ने जिला परिषद में जीत दर्ज की और उन्हें जिला प्रमुख का दावेदार माना जा रहा है। पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव में भी कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। जिले की 231 सीटों में कांग्रेस ने 114, भाजपा ने 93, निर्दलीयों ने 12, आरएलपी ने 11 और माकपा ने एक सीट पर जीत दर्ज की। चूरू उत्तर में भाजपा बोर्ड बनाने की स्थिति में है, जबकि चूरू पंचायत समिति में कांग्रेस ने 15 में से 12 सीटें जीतकर बहुमत साबित किया। सरदारशहर पूर्व के 15 वार्डों में भाजपा ने 10, कांग्रेस ने 4 और आरएलपी ने एक सीट जीती। भानीपुरा के 17 वार्डों में भाजपा ने 9 और कांग्रेस ने 8 वार्डों में विजयी रही, जबकि सरदारशहर पंचायत समिति में कड़ी टक्कर रही। 4 नवंबर को हुए 73.91 प्रतिशत मतदान के बाद अब 25 नवंबर को जिला प्रमुख, 26 को उप जिला प्रमुख, 27 को प्रधान और 28 नवंबर को उप प्रधान के चुनाव होंगे।

गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया नमन


विधायक पूसाराम गोदारा सहित कार्यकर्ताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि



सीमा संदेश # रतनगढ़

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। शहर एवं देहात कांग्रेस कार्यालय में हुए कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति, कुशल नेतृत्व और राष्ट्रसेवा का प्रतीक रहा है। उन्होंने अपने दूरदर्शी निर्णयों और मजबूत नेतृत्व से देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। बैंकों के राष्ट्रीयकरण, हरित क्रांति को प्रोत्साहन तथा राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की रक्षा में उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा। सभा में उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान अरविंद चाकलान, हेमंत सारस्वत, फकीरचंद दानोदिया, भंवरलाल जसैल, मुख्तयार खान, वीरेंद्र बुनकर, रामलाल थेरी, विद्याधर, संदीप भार्गव, रतनलाल मेघवाल, पवन चौमाल, संजय पारीक, अमित चौधरी, जितेंद्र आलड़िया, रामलाल बड़जातिया, जगदीश नाई, अनाराम, भागीरथ खीचड़, सुनील सेवदा, चरणसिंह कोका एवं ओमप्रकाश भार्गव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

वर्ग पहली क्रमांक 7984



ó *बायें से दायें:-* 1) हिचकना; डरना, 4) हाथापाई, 7) अकस्मात, 8) खिंचा, 9) वास्ते, 11) श्वास, 13) अग्रजा, 15) गर्मजोशी, 17) पथिक, 19) बेईमानी, 21) तैयार दाल के बीज, 23) जंगल, 24) घमंड, 26) रिआयत, 27) छड़, 29) मशक, 32) कृत्य, 33) तथ्यान्वेषण. ó *ऊपर से नीचे:-* 1) छीजना; बारदात, 2) मत, 3) चौकी, 4) अभियोग, 5) नहीं, 6) घोषणा, 10) एक संख्या, 12) सुगंध, 14) लंबा, 15) विष, 16) अल्पवर्षा, 18) सियार, 20) एक *अंग्रेजी* तौल, 22) अत्यंत दुबलापतला, 25) एक हिंदी संत कवि, 27) कुल, 28) पत्र, 30) काँचा, 31) व्यसन..

(उत्तरः अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

अ	व	न	ति	■	प्र	■	इ	च्छु	क	
■	ज़	■	त	र्क	सं	ग	त	■	ठि	
आ	ह	■	र	■	ग	■	वा	म	न	
वा	■	सा	बि	त	■	पु	र	ज़ा	■	
ज़	ह	म	त	■	द	र	■	क	मी	
■	म	■	र	ख़ा	र	खा	व	■	रा	
इ	ला	ज	■	■	कि	■	सा	र	स	
■	व	रा	ह	■	ना	ति	■	■	दा	
ग़ी	र	■	द	फ़्त	र	■	प्र	का	र	

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 21 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ -

1517 - बहलोल लोदी का पुत्र और दिल्ली का सुल्तान सिकन्दर शाह लोदी का निधन।
1872 - कवि और स्वतंत्रता सेनानी केसरी सिंह बारहट का जन्म।
1877 - प्रसिद्ध वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन ने विश्व के सामने पहला फोनोग्राफ पेश किया।
1906 - चीन ने अफीम के व्यापार पर रोक लगाई।
1914 - भारत की प्रसिद्ध महिला क्रांतिकारियों में से एक उज्ज्वला मजूमदार का जन्म।
1921 - प्रिंस ऑफ वेल्स (सम्राट एडवर्ड अष्टम) बॉबे (अब मुंबई) पहुंचे और कांग्रेस ने देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया।
1941 - गुजरात की पहली मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल का जन्म।
1947 - आजादी के बाद देश में पहली बार डाक टिकट जारी किया गया।
1956 - एक प्रस्ताव लाकर शिक्षक दिवस को स्वीकृति दी गई थी।
1962 - भारत-चीन सीमा विवाद के दौरान चीन ने संघर्षविराम का ऐलान किया।
1963 - केरल के थुंबा क्षेत्र से रॉकेट छोड़े जाने के साथ ही भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम शुरू हुआ।
1970 - भारतीय वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रामन का निधन।
1979 - मक्का में काबा मस्जिद पर मुस्लिम उग्रवादियों का अधिकार।
1986 - मध्य अफ्रीकी गणराज्य ने संविधान अंगीकार किया।
1999 - चीन द्वारा अपने प्रथम मानव रहित अंतरिक्ष यान 'शेनझू' का प्रक्षेपण किया गया।
2001 - संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान में अंतरिम प्रशासन के गठन का प्रस्ताव रखा।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 22 नवंबर (एनएनएस) रविवार कार्तिक सुदी त्रयोदशी को ग्वार, ग्वारगम, गेहूं, जौ, जई, ढैंचा, मूंग, मोठ, मटर, उड़द, देशी चना, काबुली चना, राजमा चित्रा, सरसों, सूरजमुखी, बिनौला व इनके तेल, खांडसारी, लौंग, जीरा, सौंफ, अमचूर, देशी घी, दूध पाउडर, बादाम, इमली, गोला, धनिया, हल्दी, सोना-चांदी, निकिल में लाभ तथा बारीक चावल, बाजरा, मक्की, सोयाबीन, मसूर, तुवर, केसर, दालचीनी, जावित्री, रुई, जस्ता, टिन, अजवायन, बड़ी इलायची, जायफल, कलौंजी, काजू, सूत, गुड़, चीनी, लोहा-इस्पात, कॉपर-पीतल में हानि की संभावना है। **भाग्यांक 2-3-5-9 है। यात्रा विचार- पूरब दिशा की ओर 2.14 बजे अपरा ? के बाद यात्रा शुभ होगी।**

आज का राशिफल

21 नवम्बर शनिवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वादशी, नक्षत्र - रेवती, योग-सिद्धि, करण-बव, दिशाशूल-पूर्व, सूर्योदय 7.03 बजे, सूर्यास्त 5.37

ग्रह स्थिति : चंद्रमा - मीन/मेष, मंगल, गुरु, केतु - सिंह, शुक्र - कन्या, बुध, सूर्य - तुला, राहू - कुम्भ, शनि - मीन राशि में स्थित है।

मेष : आज पेशेवर काम पूरे करते समय अहंकार त्यागें, अतिरिक्त जिम्मेदारियां लें और वित्तीय समृद्धि से स्मार्ट निवेश करें।

वृषभ : आज मानसिक तनाव हो सकता है, माता से कारोबार के लिए धन मिल सकता है और परिवार से दूर यात्रा के योग हैं।

मिथुन : आज प्रोफेशनल लाइफ में भरपूर आत्मविश्वास रहेगा, धैर्य बनाए रखें, दोस्तों से धन मिलने और विदेश यात्रा के योग हैं।

कर्क : आज स्वास्थ्य की चिंता व मन परेशान रह सकता है, परिवार में धार्मिक कार्य होंगे और पार्टनर से सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

सिंह : आज आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, प्रॉपर्टी या स्टॉक मार्केट में निवेश के मौके मिलेंगे और कारोबार में वृद्धि होगी।

कन्या : आज कार्यक्षेत्र में काबिलियत साबित करने के मौके मिलेंगे, नौकरी में बदलाव हो सकता है और आय में वृद्धि होगी।

तुला : आज मन प्रसन्न व आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा, लेकिन पिता की सेहत का ध्यान रखें तथा खर्च व भागदौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक : आज लव लाइफ में खुशियां मिलेंगी, दाम्पत्य सुख बढ़ेगा और मित्र के सपोर्ट से कारोबार में लाभ के मौके मिलेंगे।

धनु : आज मन में उतार-चढ़ाव व आत्मविश्वास की कमी रह सकती है, लेकिन शैक्षिक कार्यों में सफलता और नौकरी में तरक्की मिलेगी।

मकर : आज मीठा बोलें व सभी से प्यार से बात करें, परिवार का सपोर्ट मिलेगा तथा नौकरी में बदलाव के साथ इनकम बढ़ेगी।

कुंभ : आज पर्सनल लाइफ की किसी बात से मन परेशान रह सकता है, धैर्य रखें और अफसरों से तालमेल बनाकर रखें।

मीन : आज समय मध्यम है, मन परेशान रह सकता है लेकिन बिजनेस के सिलसिले में विदेश यात्रा और लाभ के संकेत हैं।

एसकेआईटी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ

जयपुर।



स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोथान (एसकेआईटी) जयपुर में शुक्रवार को 9वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज इन कंप्यूटर इंजीनियरिंग' (आईसीईटीसीई-2026) का शुभारंभ हुआ। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आयोजित यह दो दिवसीय सम्मेलन 'सस्टेनेबल फिनटेक एवं स्मार्ट सोसायटीज के लिए रिस्पॉन्सिबल एआई और ग्रीन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर' विषय पर केंद्रित है। हाइब्रिड मोड में आयोजित सम्मेलन को आईईईई कॉन्फ्रेंस रिकॉर्ड संख्या 72526 प्राप्त है। उद्घाटन समारोह में पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ के प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार सिंह मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथियों में एनआईटी उत्तराखंड के प्रो. (डॉ.) विवेक श्रीवास्तव, एमएनआईटी जयपुर के प्रो. (डॉ.) लावा भार्गव और पीईसी चंडीगढ़ के डॉ. सिमरनजीत सिंह शामिल रहे। एसकेआईटी निदेशक जयपाल मील ने स्वागत संबोधन दिया, जबकि सीएसई विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मेहुल महर्षि ने सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। विशेषज्ञों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ग्रीन डिजिटल तकनीक और भविष्य की वित्तीय प्रणालियों पर विचार रखे। इससे पूर्व तीन तकनीकी सत्रों में 'रिस्पॉन्सिबल एआई, ग्रीन डेटा सेंटर, सस्टेनेबल क्लाउड कंप्यूटिंग और एआई आधारित वित्तीय प्रणालियों' पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। देश-विदेश के विशेषज्ञों और शोधार्थियों ने सम्मेलन में भाग लिया।

साइबर ओलंपियाड में प्रिंस के रणंजय सिंह राठौड़ को ऑल इंडिया सेकंड रैंक, 25 गोल्ड मेडल जीते

सीकर।



जयपुर-बीकानेर बाईपास रोड स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी एवं लोटस वैली प्री-फाउंडेशन के विद्यार्थियों ने यूनिफाइड इंटरनेशनल साइबर ओलंपियाड 2026-27 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 25 गोल्ड मेडल हासिल किए हैं। इस उपलब्धि में लोटस वैली प्री-फाउंडेशन के कक्षा 7 के छात्र रणंजय सिंह राठौड़ ने ऑल इंडिया रैंक-2 प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उन्हें गोल्ड मेडल के साथ टैबलेट पीसी पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं 10 विद्यार्थियों ने राजस्थान स्टेट रैंक में गोल्ड मेडल हासिल किए। प्रिंस एकेडमी के 3 विद्यार्थियों ने नेशनल रैंक (टॉप-25), 4 विद्यार्थियों ने राजस्थान स्टेट रैंक तथा 7 विद्यार्थियों ने स्कूल लेवल क्लास रैंक प्राप्त की।

राष्ट्रीय रैंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को कैश प्राइज, बुक प्राइज और कम्प्यूटर एजुकेशन पैकेज से सम्मानित किया गया। प्रिंस एजुहब में नियमित पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों को विभिन्न ओलंपियाड, क्लेट, सीयूईटी, एसटीएसई, जेट, आईसीएआर और सी-फाउंडेशन जैसी परीक्षाओं की विशेष तैयारी भी करवाई जा रही है। विद्यार्थियों की सफलता पर प्रिंस निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, प्रबंध निदेशक एमआर अग्रवाल, प्रिंसिपल पूनम चौहान, रेणुका पूनियां, एकेडमिक हेड धर्मपाल सिंह, प्री-फाउंडेशन हेड जयपाल सिंह तथा को-ऑर्डिनेटर्स ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई दी।

बिहाणी कॉलेज में कौमी एकता सप्ताह का शुभारंभ

श्रीगंगानगर। सेठ जी.एल. बिहाणी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 19 से 25 नवंबर तक आयोजित कौमी एकता सप्ताह का शुभारंभ हुआ। सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने उत्साह से भाग लिया। प्राचार्य डॉ. वरुण माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने और राष्ट्रहित में योगदान देने का आह्वान किया।



एनएसएस प्रभारी डॉ. रितु कौशिक एवं प्रो. सतनाम ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सांप्रदायिक सद्भाव का महत्त्व बताया।

घड़साना में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर कल

घड़साना। सत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में 22 नवंबर, रविवार को स्थानीय संत निरंकारी सत्संग भवन में प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रातः 10 से 12 बजे तक सत्संग भी होगा। शिविर में राजकीय चिकित्सालय, श्रीगंगानगर के ब्लड बैंक की टीम रक्त संग्रह करेगी। संत निरंकारी मंडल के मीडिया सहायक रमेश खाम्बरा ने बताया कि शिविर में 200 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सेवादल के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता करने की अपील की। शिविर का उद्घाटन उप जिला कलक्टर, तहसीलदार, थाना अधिकारी तथा नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति मेघवाल करेंगे।

वीजीयू एमयूएन का समापन, युवाओं ने वैश्विक मुद्दों पर रखे विचार

जयपुर। विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी (वीजीयू) में आयोजित दो दिवसीय 'वीजीयू मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन 1.0)' का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। 'यंग वॉइसेज फॉर चेंज' थीम पर आधारित इस सम्मेलन में कक्षा 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों सहित विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने वैश्विक कूटनीति, मानवाधिकार, जलवायु परिवर्तन, लोकतंत्र और भारतीय संघवाद जैसे विषयों पर विचार रखे।



चार समितियों में हुआ गंभीर विमर्श : सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र महासभा, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद, अखिल भारतीय राजनीतिक दल बैठक और इंटरनेशनल प्रेस समितियों का गठन किया गया। प्रतिभागियों ने शोध आधारित तर्कों और कूटनीतिक संवाद के माध्यम से विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर समाधान तलाशने का प्रयास किया।

विजेताओं को मिली 50 हजार की पुरस्कार राशि : समापन समारोह में वीजीयू चेयरपर्सन डॉ. ललित के. पंवार ने युवाओं के नेतृत्व, लोकतांत्रिक मूल्यों और बौद्धिक विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष डॉ. मनीषा यादव ने परिणामों की घोषणा की और विजेताओं को सम्मानित किया गया। आयोजन में कुल 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं में शोध, वक्तृत्व, नेतृत्व और सहमति निर्माण जैसे कौशलों का विकास करना रहा।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : मूंग 8255-7405, **घड़साना :** मूंग 8490-6205, नरमा 9250-8800, ग्वार 8000-7525, सरसों 9639-7520, मूंगफली 7100-6700, **करणपुर :** नरमा 9413-9225, कपास 8730-8610, ग्वार 7800, मूंग 8215-8132, **गजसिंहपुर:** सरसों 9319-9125, ग्वार 7910-7435, मूंग 8200-7600, नरमा 9145-8500, कपास 8766-8600, बाजरा 2660, चना 6763, गेहूं 2725, जौ 2800, **जैतसर :** सरसों 9075, मूंग 8420-8300, ग्वार 8062-7880, नरमा 9330-8400, कपास 9100-8800, गेहूं 2750, **रायसिंहनगर :** सरसों 9600-9302, चना 6871-6571, गेहूं 2799-2521, मूंग 8421-7450, नरमा 9130-8700, कपास 8320-8450, ग्वार 7951-7700, बाजरी 2851-2812, **सबमंडी यार्ड रीको :** गेहूं 2870-2200, सरसों 9440-5500, पीली सरसों 9500-6200, ग्वार 7970-6500, मूंग 8150-5000, नरमा 9231-8000, बाजरी 2721-2000

किरयाना

धनिया 19000-22000, हल्दी 23000-26000, जीरा 28000-31000, अजवाइन 22000-23000, सौंफ 18000-29000, मेथी 8700, खोपरा 1880, गट गोला 400 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1450, आटा (45 किग्रा.) 1430, सूजी 1500, बेसन 9200, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5500, गुड़ पेड़ी 5200, गुड़ शिवलिंग 6800, गुड़ बर्फी 5500, चीनी महाराष्ट्र 5800-5900, चीनी एल 6100, चीनी एस 5900, चीनी गंगानगर -

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु. (15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**



हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं. : कपास 8836, नरमा व्यापारी 8974, ग्वार 7990, मूंग व्यापारी 7890, सरसों व्यापारी 8930, धान ढफ व्यापारी 2400, धान मुड्ल 4651, धान 1509 3800 **डबली राठान:** नरमा व्यापारी 8981, ग्वार 8200 **हनुमानगढ़ टाउन:** कपास 8875, नरमा व्यापारी 9027, जौ 2561, ग्वार 7700, मूंग व्यापारी 7800, धान पीआर व्यापारी 2021, धान मुछल 4735, धान 1509 4150 **रावतसर :** कपास 8500, नरमा व्यापारी 9000, गेहूं व्यापारी 2697, बाजरा 2661, ग्वार 8051, चना व्यापारी 6925, चना सरकारी 8050, मोठ 8100, सरसों व्यापारी 9267, तारामीरा 7200, मक्का 3002, तिल 20700, अरंडी 7500, मूंगफली व्यापारी 7400 **नोहर :** कपास 8825, गेहूं व्यापारी 2836, ग्वार 8000, चना सरकारी 8000, मोठ 8550, सरसों व्यापारी 8886, तिल 21205, मूंगफली व्यापारी 7860 **संगरिया :** नरमा व्यापारी 8800, बाजरा 2761, ग्वार 8000, मूंग व्यापारी 7909, सरसों व्यापारी 9419 **गोलूवाला :** कपास 7800, नरमा व्यापारी 9010, गेहूं व्यापारी 2726, बाजरा 2720, ग्वार 8001, चना सरकारी 7520, सरसों व्यापारी 9169, तिल 19000 **पीलीबंगा :** कपास 8945, नरमा व्यापारी 9000, बाजरा 2635, ग्वार 8000, चना सरकारी 8161, मोठ 9100, धान पीआर सरकारी 1311, धान 1509 3950

गंगनहर का वरीयताक्रम

21 नवम्बर 2026, शनिवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
एफ	753 (6)	16 नवम्बर सायं 6 बजे	24 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एलएनपी	1030 (4)	18 नवम्बर सायं 3 बजे	26 नवम्बर प्रातः 9 बजे
एमके	1128 (4)	18 नवम्बर रात्रि 9 बजे	26 नवम्बर प्रातः 6 बजे
वाई	1159 (3)	19 नवम्बर दोपहर 12 बजे	26 नवम्बर रात्रि 9 बजे
बीबी	1357 (3)	19 नवम्बर रात्रि 9 बजे	27 नवम्बर दोपहर 12 बजे
जैड	1512 (2)	20 नवम्बर सायं 3 बजे	27 नवम्बर रात्रि 12 बजे
डी-भागसर	1530		
बीआईएफ+जे	1571		
एच	1878		
पीएस	2038		
ईईए	2098		21 नवम्बर प्रातः 9 बजे
केके	2111		20 नवम्बर प्रातः 6 बजे
करणीजी	2441		19 नवम्बर रात्रि 9 बजे
जीजी	2642		18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
नेतेवाला	2663		18 नवम्बर सायं 6 बजे
हिरणांवाली	2685		18 नवम्बर सायं 6 बजे
एमएलए	2726		18 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एमएल	2786		18 नवम्बर दोपहर 12 बजे
फार्म	2847		18 नवम्बर प्रातः 6 बजे
रिडमलसर	2858		17 नवम्बर सायं 3 बजे
एचएच	2893		17 नवम्बर सायं 3 बजे
आरबी	3163		17 नवम्बर प्रातः 3 बजे
समेजा	3365		16 नवम्बर रात्रि 9 बजे

नोट : गंगनहर में शुक्रवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1539 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	6610	साहवा	451
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	460	कंवरसैन	540
रावतसर	673	बिरधवाल हैड से नीचे	5446
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

शुक्रवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 20.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1631.93
पानी की आवक - 5461 क्यूसेक, निकासी- 9600 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 135275
पानी की आवक- 2687 क्यू., निकासी- 12189 क्यू., बीकानेर - 2040

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

21 नवम्बर से 29 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

संगरिया	16	अमरपुरा	1317
भगतपुरा	54	मोरजण्डा	1527
सूरतगढ़	259	रतनपुरा	1538
नगराना	267	नाथवाना	1566
लीलांवाली	515	प्रतापपुरा	1671
भाखरांवाली	565	हरिपुरा	1684
करनीसिंह	920	दीनगढ़	1697
मम्मड़खेड़ा	1115	सूरतपुरा	1706
जोड़कियां	1200	मोडिया	1866
नवां-सतीपुरा	1211	लोंगवाला	2001
रोड़ांवाली	1224	पीलीबंगा	2216

एफपीआई की लिवाली से शेयर बाजारों में तेजी जारी

मुंबई, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लगातार लिवाली बने रहने तथा कच्चे तेल में नरमी से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी जारी रही और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 897.96 अंक ऊपर 83,919.71 अंक पर बंद हुआ। यह इस साल 11 फरवरी के बाद इसका उच्चतम बंद स्तर है। निफ्टी-50 सूचकांक 286.30 अंक के साथ 25,800.60 अंक पर पहुंच गया। यह इसका भी 18 फरवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। एआई शेयरों में बिकवाली से दुनिया के लगभग सभी प्रमुख शेयर बाजार लाल निशान में हैं। दूसरी तरफ, विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में पैसा लगा रहे हैं जहां एआई की पैठ अभी उतनी ज्यादा नहीं है। नवंबर में अबतक एफपीआई भारतीय पूंजी बाजार में 13.67 अरब डॉलर का शुद्ध निवेश कर चुके हैं।

सेक्टर आधारित सूचकांकों में निफ्टी बैंक 2.49 प्रतिशत और निफ्टी फाइनेंशियर सर्विसेज 2.02 प्रतिशत ऊपर रहा। आईटी, रियल्टी और सीमेंट सेक्टरों के सूचकांक एक से दो प्रतिशत तक मजबूत रहे। ऑटो, स्वास्थ्य, तेल एवं गैस और फार्मा शेयरों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे।

जोधपुर में भाजपा को झटका; ग्रामीण क्षेत्रों में बदले राजनीतिक समीकरण, जनता की नाराजगी का मुद्दा बना स्थानीय समस्याएं

जोधपुर पंचायत चुनाव में कांग्रेस का दबदबा, रालोपा बनी किंगमेकर

सीमा सन्देश # जोधपुर

जिले में पंचायत समिति चुनाव परिणामों ने ग्रामीण राजनीति की नई तस्वीर सामने रख दी है। कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त बनाई है, वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए कई क्षेत्रों में निर्णायक भूमिका हासिल कर ली है। उपलब्ध परिणामों के अनुसार जोधपुर जिले के घोषित पंचायत समिति वार्डों में कांग्रेस सबसे आगे रही है, जबकि भाजपा पिछड़ गई है।

चुनाव परिणामों के बाद स्थानीय स्तर पर लोगों की नाराजगी के कई कारण सामने आए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या, विकास कार्यों की गति और जनप्रतिनिधियों की उपलब्धता जैसे मुद्दों को मतदाताओं के फैसले से जोड़कर देखा जा रहा है। कांग्रेस समर्थकों का दावा है कि जनता ने स्थानीय समस्याओं और कामकाज के आधार पर मतदान किया है।



कांग्रेस को बढ़त, भाजपा पीछे : जोधपुर जिले की पंचायत समितियों में कांग्रेस का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा। घोषित परिणामों में कांग्रेस ने 128 वार्डों पर जीत दर्ज की,जबकि भाजपा 52 सीटों तक सीमित रही। रालोपा ने 53 सीटें जीतकर ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी मजबूत पकड़ दिखाई है। निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी कुछ स्थानों पर प्रभाव छोड़ा है। जिले में भाजपा के 4 विधायक होने के बावजूद कई ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी का कमजोर प्रदर्शन चर्चा का विषय बना हुआ है। चुनाव परिणामों को सत्ता और संगठन के लिए ग्रामीण स्तर पर जनता के रुख का संकेत माना जा रहा है।

रालोपा की भूमिका होगी अहम : राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने जोधपुर जिले में अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया है। कई पंचायत समितियों में रालोपा की सीटें बोर्ड गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। मंडोर जैसी पंचायत समितियों में रालोपा का प्रभाव दिखाई दिया है। अब निगाहें प्रधान पद के चुनाव पर हैं, जहां बहुमत नहीं होने वाली पंचायत समितियों में रालोपा और निर्दलीय प्रत्याशी किंगमेकर की भूमिका निभा सकते हैं।

कई पंचायत समितियों में बने नए समीकरण : जोधपुर जिले की कई पंचायत समितियों में स्पष्ट बहुमत के बजाय त्रिशंकु स्थिति भी बनी है। ऐसे में आने वाले दिनों में राजनीतिक जोड़-तोड़ और समर्थन जुटाने की कवायद तेज होने की संभावना है। कुल मिलाकर पंचायत चुनाव परिणामों ने जोधपुर की ग्रामीण राजनीति में कांग्रेस की मजबूती, भाजपा के लिए आत्ममंथन और रालोपा के बढ़ते प्रभाव के संकेत दिए हैं। अब प्रधान और जिला परिषद पदों के चुनाव से जिले की अगली राजनीतिक तस्वीर स्पष्ट होगी।

राजुवास ने किया जागरूकता कार्यक्रम



सीमा सन्देश # बीकानेर। राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के पशु जैव चिकित्सा अपशिष्ट निस्तारण एवं प्रौद्योगिकी केंद्र की ओर से गंगा बाल राउमावि में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

केंद्र की मुख्य अन्वेषक डॉ. दीपिका धुड़िया ने विद्यार्थियों को जैव चिकित्सकीय अपशिष्ट के उचित निस्तारण, प्रबंधन और इससे फैलने वाले संक्रमणों से बचाव की जानकारी दी। सह-अन्वेषक डॉ. देवेंद्र चौधरी ने जैविक अपशिष्ट से होने वाले स्वास्थ्य दुष्प्रभावों और बीमारियों की रोकथाम के उपाय बताए।

कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। प्राचार्य उर्वशी शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ ने सहयोग किया।

न्यूज इन ब्रीफ

पालना गृह में छोड़ दिया नवजात

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। स्थानीय जिला अस्पताल के पालना गृह में अज्ञात शख्स ने नवजात बालक को छोड़ दिया। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन की ओर से जांच की जाएगी। जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि वे फिलहाल आज यहां नहीं हैं, उन्हें सूचना मिली है। नवजात को छोड़ने के मामले में जांच की जाएगी। आपको बता दें, कुछ दिन पहले एक बच्चे की जन्म हुआ था। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि ये वही नवजात हो सकता है, लेकिन अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से फुटेज खंगाली जाएगी। साथ ही अन्य तथ्यों को लेकर जांच की जाएगी, जिसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

नौकरी का झांसा देकर 19 लाख ठगे

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। युवाओं को नौकरी दिलाने का झांसा देकर 19 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई है। दो अलग-अलग मामलों में आरोपी को 4-4 साल की जेल और जुमार्ना भी लगाया गया है। मामला श्रीगंगानगर जिले के रायसिंहनगर थाना क्षेत्र का है। आरोपी कालूराम निवासी 1 एसकेएम (रावला) ने युवाओं को नौकरी दिलाने का झांसा देकर 19 लाख रुपए की ठगी की थी। मामले की सुनवाई के बाद एसीजेएम कोर्ट ने दोनों मामलों में अलग-अलग सजा सुनाई। मामले के एक प्रकरण में आरोपी की पत्नी और एक अन्य महिला आरोपी के खिलाफ भी कार्रवाई हुई। अदालत ने दोनों महिलाओं को फरार घोषित किया है। अभियोजन अधिकारी रंजीत कौर ने अदालत के फैसले की जानकारी दी।

पार्किंग का लोकार्पण कल

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। कल्याण भूमि परिसर में नवनिर्मित पार्किंग का लोकार्पण रविवार को सुबह साढ़े 9 बजे किया जाएगा। कल्याण भूमि सेवा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि समाजसेवी भीखाराम श्रीमाल की ओर से अपने पुत्र की स्मृति में इस पार्किंग का निर्माण करवाया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम के साथ समिति की बैठक भी आयोजित होगी। इसमें समिति के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करने के साथ दानपात्र खोले जाएंगे। बैठक में अन्य व्यवस्थागत व समिति से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

हादसे में दम्पती व बेटे की मौत

रोहतक। जम्मू-कटरा हाईवे पर रिठाल गांव के पास हुए सड़क हादसे में मध्यप्रदेश के रतलाम निवासी दंपती और उनके 23 वर्षीय बेटे की मौत हो गई। परिवार पंजाब में जन्मदिन समारोह में शामिल होने जा रहा था। नो पार्किंग जोन में खड़े ट्रक से स्विफ्ट डिजायर कार टकरा गई। मृतकों की पहचान करमजीत सिंह सिद्धू (50), पवनदीप कौर (48) और अमरेन्द्र सिंह (23) के रूप में हुई है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हादसे में 3 की मौत

जलपाईगुड़ी। जलपाईगुड़ी-मयनागुड़ी मार्ग स्थित तीस्ता नदी पुल पर गुरुवार रात हुए भीषण हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। हादसे में रीजू मंडल (22), रोहन राय (22) और सत्य केरानी (23) की जान चली गई। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के बाद युवकों की मौके पर मौत हो गई।

दो वर्षों में पुलिस मुठभेड़ों में मारे गए 10 बड़े अपराधी

दिल्ली-एनसीआर में आतंक का दूसरा नाम था नसीम, बुलंदशहर मुठभेड़ में ढेर

25 से अधिक मामलों में वांछित बदमाश पर 50 हजार का इनाम

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में आतंक का पर्याय बन चुका कुख्यात बदमाश नसीम उर्फ रिजवान गुरुवार रात बुलंदशहर में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच और उत्तर प्रदेश एसटीएफ की संयुक्त मुठभेड़ में मारा गया। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, रंगदारी, पुलिस पर हमला तथा आर्म्स एक्ट सहित 25 से अधिक आपराधिक मामलों में वांछित था।



16 नवंबर की गैंगवार के बाद आया रडार पर : नसीम ने 16 नवंबर को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास क्षेत्र में कानून मंत्री कपिल मिश्रा के कैंप कार्यालय के पास गैंगवार के दौरान प्रतिद्वंद्वी बदमाश समीर उर्फ भूरा की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी। इसके बाद पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार के निर्देश पर उसकी तलाश तेज कर दी गई।

2010 से अपराध की दुनिया में सक्रिय : न्यू मुस्तफाबाद निवासी नसीम वर्ष 2010 से अपराध की दुनिया में सक्रिय था। उसके खिलाफ दिल्ली और गाजियाबाद के विभिन्न थानों में हत्या, रंगदारी, लूट और गैंगवार से जुड़े कई मामले दर्ज थे। पुलिस के अनुसार उसका आपराधिक नेटवर्क लगातार फैल रहा था और पूर्व में उसके डी-कंपनी से संपर्क की भी चर्चा रही थी।

दो साल में 10 बड़े बदमाश ढेर : पिछले दो वर्षों में दिल्ली पुलिस और विभिन्न राज्यों की पुलिस के संयुक्त अभियानों में कई कुख्यात अपराधी मारे जा चुके हैं। इनमें अजय उर्फ गोली, आशीष उर्फ लालू, विकास उर्फ छोटा, सन्नी गुर्जर, राघव उर्फ राकी, अनिल उर्फ सोनू मटका, नवीन कसाना, रोमिल वोहरा, रोहित गोदारा गिरोह के शूटर रवींद्र और अरुण, नेपाली गैंगस्टर भीम जोरा, 'सिग्मा एंड कंपनी' गिरोह के चार बदमाश तथा अब नसीम उर्फ रिजवान शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि संगठित अपराध और गैंगवार पर शिकंजा कसने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

शहर में चोरों के हौंसले बुलंद, घर के बाहर से बाइक चोरी



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शहर में बढ़ रही चोरी की वारदातों के बीच शुक्रवार शाम वार्ड नं. 29 में पूर्व मंत्री रामप्रताप कासनिया के मकान के पीछे वाली गली से एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई।

पीड़ित भुवनेश बंसल शाम करीब साढ़े चार बजे बाजार से लौटकर अपनी काले रंग की बाइक (आरजे 13-एस-0726) घर के आगे लॉक कर अंदर गए थे। कुछ देर बाद बाहर लौटने पर वाहन गायब मिला। आसपास तलाश के बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई, जिसमें सिर पर भगवा साफा बांधे एक संदिग्ध गली में चक्कर लगाता और मास्टर चाबी से लॉक खोलकर बाइक ले जाता दिखा। भुवनेश बंसल ने सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपित की पहचान और तलाश में जुटी है। शहर में वाहन, घर व दुकानों में लगातार हो रही चोरियों तथा अधिकांश मामलों का खुलासा न होने से लोगों में असुरक्षा बढ़ी है और पुलिस गश्त पर सवाल उठ रहे हैं।

सामाजिक समरसता यात्रा का आयोजित

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति द्वारा देवउठनी एकादशी के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सामाजिक समरसता यात्रा प्रकल्प का आयोजन किया गया। अध्यक्ष हरपाल सिंह सिद्धू ने बताया कि सदस्यों द्वारा शिवपुर हेड का भ्रमण तथा कलियां गांव के समीप स्थित श्री परम हंस प्रेम भक्ति धाम के दर्शन किए गए। इस मौके पर ऐतिहासिक विरासत, आध्यात्मिक दर्शन तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सदस्यों के बीच आपसी जुड़ाव व सक्रियता को बढ़ावा दिया गया।

शवपुर हेड पर प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. अशोक अरोड़ा के नेतृत्व में समिति सदस्यों ने महाराजा गंगा सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इसके बाद कालियां गांव के समीप स्थित श्री परम हंस प्रेम भक्ति (धाम) भव्य मंदिर के दर्शन किए तथा ईश्वर के श्रीचरणों में मत्था टेक कर जनकल्याण की कामना की। सदस्यों ने यहां वृंदावन के प्रेम मंदिर के दर्शन की अनुभूति की डॉ. दौलत राम सैन ने सबका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी कल्याण समिति पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

पेयजल व्यवस्था व दूषित पेयजलापूर्ति का विरोध



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शहर में बिगड़ी पेयजल व्यवस्था व दूषित पानी की आपूर्ति के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने जलदाय विभाग कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर अधिशासी अभियंता को ज्ञापन दिया। चेतावनी दी गई कि आगामी 10 दिनों में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा। नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयप्रकाश गहलोत, पार्षद नीरज कुमार उर्फ अक्षर नायक, पार्षद संतलाल सिंगीवाला, सतनाम वर्मा व अनिल रोकना के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जलदाय विभाग की लापरवाही के चलते लंबे समय से शहर की पेयजल व्यवस्था चरमराई हुई है। पिछली गर्मियों में पानी के संकट से लोग परेशान रहे और अब सर्दियों में भी हालात में सुधार नहीं हुआ है। बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड 3, 4, 5, 16, 20, 21, 31, 33 में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है। कई स्थानों पर पाइपलाइन लीकेज होने से पानी व्यर्थ बह रहा है। वहीं लीकेज के कारण पाइपलाइनों में गंदा पानी प्रवेश करने से घरों में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। इससे लोगों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और मजबूरी में दूषित पानी पीना पड़ रहा है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि इन समस्याओं को लेकर पहले भी कई बार प्रदर्शन व शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। प्रदर्शन में अंग्रेज सिंह ढिल्लों, अमर बिश्नोई, आदाम दगल, झंडा सिंह, दलीप घोड़ेला, नरपत सिंह, ममता रानी सहित विभिन्न वार्डों के लोग शामिल हुए।

नशे में धुत कॉन्स्टेबल ने बच्ची को कुचला

जालंधर/चंडीगढ़। पंजाब-चंडीगढ़ में आज की सबसे बड़ी खबर सांसद अमृतपाल से जुड़ी रही। पंजाब पुलिस असम की डिब्रूगढ़ जेल से उन्हें साथ लेकर रवाना हो गई है। उनकी पहली तस्वीर भी सामने आई। वह कल दादी के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे।

युद्ध के दौर में संवाद से मजबूत होगी शांति

पाक मंत्री मुसादिक मलिक ने कहा- संस्कृति के जरिए सुधर सकते हैं रिश्ते

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार शाम दिल्ली के ऐतिहासिक पुराना किला में पहले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सभ्यतागत संवाद फोरम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब दुनिया में युद्ध और अशांति पर चर्चा हो रही है, तब भारत में सभ्यताओं के बीच संवाद का मंच तैयार हो रहा है। वैश्विक शांति के लिए सांस्कृतिक जुड़ाव और आपसी सहयोग जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया इस समय उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। ऐसे समय में सांस्कृतिक संबंध और सभ्यताओं के बीच सहयोग शांति का रास्ता मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एससीओ जैसे मंच देशों को एक-दूसरे की विरासत, परंपराओं और विचारों को समझने का अवसर देते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की सभ्यता ने हमेशा दुनिया के साथ ज्ञान और संस्कृति का आदान-प्रदान किया है। महान गणितज्ञ ब्रह्मगुप्त के विचार विदेशों तक पहुंचे और सूफी परंपरा ने भारत में कव्वाली जैसी सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया। यह आदान-प्रदान आगे भी जारी रहना चाहिए।



डिजिटल माध्यमों से बढ़ रहे जुड़ाव के अवसर : पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल माध्यमों ने दुनिया के लोगों को पहले से कहीं ज्यादा करीब ला दिया है। अब अलग-अलग देशों के लोग कुछ ही समय में एक-दूसरे से जुड़ सकते हैं। एससीओ देशों को इन तकनीकी अवसरों का उपयोग सांस्कृतिक संबंध मजबूत करने के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा कि करीब पांच हजार वर्ष पहले सिंधु घाटी और मेसोपोटामिया के बीच व्यापारिक संबंध थे। भारत, चीन और मध्य एशिया प्राचीन व्यापार मार्गों से जुड़े थे। नालंदा जैसे विश्वविद्यालय ज्ञान के आदान-प्रदान के बड़े केंद्र रहे हैं।

संवाद से समझेंगे एक-दूसरे का नजरिया : फोरम में शामिल पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन मंत्री मुसादिक मसूद मलिक ने कहा कि संस्कृति की भूमिका केवल दो देशों के बीच संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस मंच के बाद भारत-पाकिस्तान समेत सभी देशों के रिश्तों में सुधार आएगा। मलिक ने कहा कि एक-दूसरे के विचारों, परंपराओं और जीवनशैली को समझे बिना आगे बढ़ना संभव नहीं है। आपसी संवाद ही क्षेत्रीय सहयोग और विश्वास बढ़ाने का माध्यम बन सकता है।

पुराना किला में प्रदर्शित हुई भारत की विरासत : 20 से 22 नवंबर तक चलने वाले एससीओ सभ्यतागत संवाद फोरम में पाकिस्तान समेत कई देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान पुराना किला में भारत की सभ्यतागत विरासत और संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनियां लगाई गई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उद्घाटन से पहले इन प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इनमें पहली प्रदर्शनी महाभारत स्क्रॉल पवेलियन- अनंत 18वीं सदी की दुर्लभ महाभारत पांडुलिपि पर आधारित है। दूसरी प्रदर्शनी ह्यअस्तित्व : द एसेंस ऑफ अवर एग्जिस्टेंसह्न में दिल्ली के इतिहास को दर्शाया गया है, जिसमें 1200 ईसा पूर्व से 1200 ईस्वी तक की विरासत शामिल है।

फारूक अब्दुल्ला ने पाक मंत्री के दौरे का किया स्वागत : जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने पाकिस्तानी मंत्री मुसादिक मलिक के भारत दौरे को सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा कि पुराने मुद्दों को दोहराने के बजाय शांति और बातचीत पर ध्यान देना चाहिए। अब्दुल्ला ने कहा कि दुनिया के बड़े नेताओं के बीच संवाद से ही समस्याओं का समाधान निकल सकता है।

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर
क्रमांक: राजकाज रे.नं. 25506996 दिनांक : 19.11.2026
आपत्ति सूचना
सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी मित्रेश्वर पुत्र श्री औमप्रकाश ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, टीएस सर्वे, साईट प्लान, गूगल मैप व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 64 एन ब्लॉक श्रीगंगानगर साईज 12.5 गुणा 50 फीट का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन करने हेतु निवेदन किया हैं। यह कि प्रशनगत भूखण्ड प्रस्तुत दस्तावेजो अनुसार मित्रेश्वर पुत्र श्री औमप्रकाश के नाम से भूखण्ड संख्या 64 एन ब्लॉक श्रीगंगानगर साईज 12.5 गुणा 50 पट्टा फ्री होल्ड, परिषद द्वारा क्रमांक 416 दिनांक 22.06.2022 को जारीशुदा है। पट्टा पंजीकृत है। मौका रिपोर्ट अनुसार उक्त भूखण्ड साईज 12.5 गुणा 50 फीट है। उक्त भूखण्ड का मौके पर ग्राउण्ड प्लस 1 फ्लोर निर्मित है और उक्त में दुकान एवं आवासीय निर्मित है ओर उक्त के पश्चिम में 100 फीट गउशाल रोड़ एवं दक्षिण में 20 फीट रोड़ है। नियोजन शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त स्थल वर्तमान प्रचलित मास्टर प्लान (भू उपयोग योजना 2035) में व्यवसायिक प्रयोजनार्थ प्रावधानित है। उपरोक्तानुसार भूखण्ड का भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है। भूउपयोग परिवर्तन करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के नियमानुसार कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात् कोई उज्जर मान्य नहीं होगा। - आयुक्त, नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक:- निगम/2026/ 9112 दिनांक :- 20-11-2026
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं0 01 के किला नं0 24 में माप 15'0" इन्दु 50'0" फीट श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 145 दिनांक 01.06.2012 को श्री गिरधारी लाल पुत्र श्री चन्दूराम के नाम से जारी किया हुआ है। जो कि दिनांक 03.12.2024 को नामान्तरण उपरान्त श्री बंसीलाल पुत्र श्री लूणा राम निवासी एमएएस 09, मानसरोवर कॉलोनी, चक 7 ई छोटी, श्रीगंगानगर के नाम न्यास रिकार्ड में दर्ज है। श्री बंसीलाल द्वारा अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटें एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का आवासीय प्रयोजनार्थ फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छपा दिनांक से 7 दिवस के अन्दर- अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं0 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आबंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
- प्रभारी अधिकारी नियमन शाखा, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर
क्रमांक:- राजकाज रेफ नं. 25506956 दिनांक :- 19-11-2026
आपत्ति सूचना
सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी श्री नीरज गोयल पुत्र श्री सुरेन्द्र गोयल ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, टीएस सर्वे, साईट प्लान, गूगल मैप व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 425 बी अग्रसैननगर श्रीगंगानगर साईज 15 गुणा 67 फीट का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन करने हेतु निवेदन किया हैं। यह कि प्रशनगत भूखण्ड प्रस्तुत दस्तावेजो अनुसार श्री नीरज गोयल पुत्र श्री सुरेन्द्र गोयल के नाम से भूखण्ड संख्या 425 बी अग्रसैननगर श्रीगंगानगर साईज 15 गुणा 67 फीट का पट्टा फ्री होल्ड क्रमांक 873 दिनांक 19.08.2026 को जारीशुदा है। जो पंजीकृत है। मौका रिपोर्ट अनुसार उक्त भूखण्ड का साईज 15 गुणा 67 फीट है। मोके पर 15 गुणा 62 फीट है। जी प्लस 2 मकान निमाणाधीन है। उक्त भूखण्ड के आगे 60 फीट सड़क है। नियोजन शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त भूखण्ड अग्रसैननगर रोड़ पर स्थित है। वर्तमान प्रचलित मास्टर प्लान (भू उपयोग योजना 2035) में आवासीय प्रयोजनार्थ प्रावधानित है। उपरोक्तानुसार भूखण्ड का भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है। भूउपयोग परिवर्तन करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के नियमानुसार कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात् कोई उज्जर मान्य नहीं होगा।
- (मिल्खा राज चुघ) आयुक्त, नगरपरिषद श्रीगंगानगर

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर
क्रमांक:- राजकाज रेफ नं. 25506912 दिनांक :- 19-11-2026
आपत्ति सूचना
सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी श्री नीरज गोयल पुत्र श्री सुरेन्द्र गोयल ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, टीएस सर्वे, साईट प्लान, गूगल मैप व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 426 अग्रसैननगर श्रीगंगानगर साईज 30 गुणा 55 फीट का पट्टा फ्री होल्ड क्रमांक 887 दिनांक 19.08.2026 को जारीशुदा है। जो पंजीकृत है। मौका रिपोर्ट अनुसार उक्त भूखण्ड का साईज 30 गुणा 55 फीट है। मोके पर 30 गुणा 62 फीट है। जी प्लस 2 मकान निमाणाधीन है। उक्त भूखण्ड के आगे 60 फीट सड़क है। नियोजन शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त भूखण्ड अग्रसैननगर रोड़ पर स्थित है। वर्तमान प्रचलित मास्टर प्लान (भू उपयोग योजना 2035) में आवासीय प्रयोजनार्थ प्रावधानित है। उपरोक्तानुसार भूखण्ड का भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है। भूउपयोग परिवर्तन करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के नियमानुसार कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात् कोई उज्जर मान्य नहीं होगा।
- (मिल्खा राज चुघ) आयुक्त, नगरपरिषद श्रीगंगानगर

न्यायालय तहसीलदार (भूअ.) श्रीगंगानगर
क्रमांक / त.प्र. / भूप्र / 2026 /6292 दिनांक: 18.11.2026
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि प्रार्थी हरीश सिंह चौधा पुत्र हरमन चौधा जाति जटसिख निवासी वार्ड नं. 16, चक 4 ई छोटी श्रीगंगानगर जरिये हरमन चौधा पुत्र गुरजीतसिंह चौधा जाति जटसिख निवासी वार्ड नं. 16, चक 4 ई छोटी श्रीगंगानगर ने प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थी के दादा हरविन्दरसिंह पुत्र संतसिंह जटसिख ने अपने लोकलकान में चक 4 ई छोटी के खसरा संख्या 56 / 40 के खु.न0 23,24 / 8.143 हैक. नहरी चक खसरा की जमाबन्दी अपने हकदारी पौत्रे निर्मलजीत कौर पुत्री राजपाल सिंह व हरीश सिंह चौधा पुत्र हरमनसिंह चौधा के पक्ष में दिनांक 23.05.2025 को निष्पादित करवाई है। जो नोटरी पब्लिक से प्रमाणित है। फर्दविक्रयकर्ता हरविन्दरसिंह का देहान्त दिनांक 18.10.2025 को हो चुका है, के आधार पर इन्तकाल दर्ज करवाना चाहता है। इस जमीनपर पर इन्तकाल दर्ज किये जाने पर किसी को कोई आपत्ति / एतराज हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति आक्षेपसमर्थनकारी के समक्ष कार्यालय समय में असालतन / वकालतन उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई उजर एतराज काबिले गौर नहीं होगा व प्रकरण विधिसम्मत तरीके से निर्णित कर दिया जावेगा। यह सूचना आज दिनांक 18.11.2026 को मेरे कार्यालय की सूट्ट पर इश्तहार से जारी की गई। तहसीलदार (भूअ.) श्रीगंगानगर

कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर
क्रमांक:- राजकाज रेफ नं. 25506859 दिनांक :- 19-11-2026
आपत्ति सूचना
सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है प्रार्थी श्री लोकेश गोयल पुत्र श्री सुरेन्द्र गोयल ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, टीएस सर्वे, साईट प्लान, गूगल मैप व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 427 अग्रसैननगर श्रीगंगानगर साईज 30 गुणा 67 फीट का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन करने हेतु निवेदन किया हैं। यह कि प्रशनगत भूखण्ड प्रस्तुत दस्तावेजों अनुसार श्री लोकेश गोयल पुत्र श्री सुरेन्द्र गोयल के नाम से भूखण्ड संख्या 427 अग्रसैननगर श्रीगंगानगर साईज 30 गुणा 67 फीट का पट्टा फ्री होल्ड क्रमांक 872 दिनांक 19.08.2026 को जारीशुदा है। जो पंजीकृत है। मौका रिपोर्ट अनुसार उक्त भूखण्ड का साईज 30 गुणा 67 फीट है। मोके पर 30 गुणा 62 फीट है। जी प्लस 1 मकान आवासीय व व्यावसायिक है। उक्त भूखण्ड के आगे 60 फीट सड़क है। नियोजन शाखा की रिपोर्ट अनुसार उक्त भूखण्ड अग्रसैननगर रोड़ पर स्थित है। वर्तमान प्रचलित मास्टर प्लान (भू उपयोग योजना 2035) में आवासीय प्रयोजनार्थ प्रावधानित है। उपरोक्तानुसार भूखण्ड का भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है। भूउपयोग परिवर्तन करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय सबूत दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा समयावधि बीत जाने के नियमानुसार कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात् कोई उज्जर मान्य नहीं होगा। - आयुक्त नगरपरिषद, श्रीगंगानगर

मुख्यमंत्री योगी की मां सावित्री देवी का निधन, आखिरी मुलाकात की तस्वीरें हुईं वायरल

वर्षों बाद घर लौटे योगी, मां ने भावुक होकर पहचाना

लखनऊ/पौड़ी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां साव

सबसे अप्रत्याशित रही पूर्व पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि की हार, विजेताओं के यहां देर शाम तक समर्थक मनाते रहे जश्न

पंचायत समिति संगरिया के 19 वार्डों में 10 सीटों पर कांग्रेस, 5 भाजपा, 4 निर्दलीय जीते

संगरिया। पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव के तहत पंचायत समिति संगरिया के 19 वार्डों के चुनाव परिणाम घोषित हो गए हैं। चुनाव में विभिन्न वार्डों से प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कर पंचायत समिति सदस्य के रूप में अपनी जगह बनाई। कई वार्डों में प्रत्याशियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, वहीं कुछ वार्डों में विजेताओं ने बड़े अंतर से जीत हासिल की। इसमे 10 सीटों पर कांग्रेस, 5 भाजपा, 4 निर्दलीय जीते है। वार्ड नंबर 1 से कांग्रेस प्रत्याशी उर्मिला धर्मपत्नी एडवोकेट दिनेश भाखर ने 2712 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि रवीनीत कौर को 1496 मत मिले। वार्ड नंबर 2 से गुरसेवक सिंह 1455 मत लेकर विजयी हुए, नरेश कुमार को 1110 मत मिले। वार्ड नंबर 3 से नोरां देवी ने 1713 मत प्राप्त कर









जीत हासिल की, गुलाब देवी को 1636 मत मिले। वार्ड नंबर 4 से मंजू बाई 2425 मत लेकर विजयी हुईं, गुरदीप कौर को 2110 मत मिले। वार्ड नंबर 5 से गुरप्रीत सिंह ने 1726 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, मदन लाल को 1375 मत मिले। वार्ड नंबर 6 से ओम प्रकाश 1693 मत लेकर विजयी हुए, राकेश कुमार को 1259 मत मिले। वार्ड नंबर 7 से पुष्पा देवी.धर्मपत्नी पूर्व सरपंच महेंद्र जखड़ ने 2592 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, मंजू देवी को 2391 मत मिले। वार्ड नंबर 8 से सीमा रानी 1312 मत लेकर विजयी हुईं, तारो बाई को 1246 मत मिले। वार्ड नंबर 9 से ममता ने 1602 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, पूजा को 1459 मत मिले। वार्ड नंबर 10 से तरसेम सिंह 2530 मत लेकर विजयी हुए, जगजीत सिंह को 1611 मत मिले। वार्ड नंबर 11 से रेखा ने 2749 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, तन्वी को 2116 मत मिले। वार्ड नंबर 12 से भागा राम 2133 मत लेकर विजयी हुए, हेत राम को 1304 मत मिले। वार्ड नंबर 13 से सुरेंद्र कुमार उर्फ सुधीर गोदारा ने 1681 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, भीम सैन को 1656 मत मिले। इस वार्ड में बेहद करीबी मुकाबला रहा। वार्ड नंबर 14 से रोशन लाल 1223 मत लेकर विजयी हुए, तपेश राहड़ को 1068 मत मिले। वार्ड नंबर 15 से कुजर तुला ने 2347 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, हासम खान को 1029 मत मिले। वार्ड नंबर 16 से विक्रम सिंह 2695 मत लेकर विजयी हुए, कृष्ण कुमार को 1240 मत मिले। वार्ड नंबर 17 से सुमन ने 2641 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, प्रमिला को 1614 मत मिले।

पूर्व पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि हारे

वार्ड नंबर 18 से नजीरा बी 1107 मत लेकर विजयी हुईं, परवीन को 1056 मत मिले। वार्ड नंबर 19 से कर्मजीत सिंह ने 2437 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, मोहन सिंह को 1338 मत मिले। इन चुनावों की खास बात यह है कि जनता ने कई बड़े नामों को नकार दिया तथा बड़ी पार्टियों को भी आईना दिखा दिया। इसमें सबसे अप्रत्याशित रूप से पूर्व पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण कुमार जैन की हार रही। इसी प्रकार से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुधीर गोदारा को कांग्रेस द्वारा टिकट नहीं दिया गया था। उन्होंने निर्दलीय ताल ठोकर जीत हासिल की। वही अमरपुरा जालू शाहपीनी से कांग्रेस प्रत्याशी तन्वी को हार का सामना करना पड़ा जो कि कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे रूप राम मुंड की पोत्रवधू है। वही भाखरावाली ढोल नगर बेल्ट से भाजपा प्रत्याशी रवनीत कौर की हार हुई जो की बीजेपी के संगठन में पद पर कार्यरत तेजेंद्र सिंह की धर्मपत्नी है। ग्राम पंचायत रतनपुरा और ढाबा के वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी ने विजय हासिल की यहां पर कांग्रेस प्रत्याशी को करारी हार का सामना करना पड़ा । ढाबा के पूर्व सरपंच महेंद्र जाखड़ की धर्मपत्नी पुष्पा देवी ने भी इन चुनावों में विजय हासिल की है। वहीं दूसरी तरफ संगरिया पंचायत समिति में आने वाले जिला परिषद के चुनाव परिणाम में कांग्रेस प्रत्याशियों की विजय हुई है । इसमें कांग्रेस युवा नेता मानसिंह मान की धर्मपत्नी जश्नजोत कोर, कांग्रेस प्रत्याशी कृष्ण कुमार गोदारा व कांग्रेस के सुनील कुमार शामिल है।

नोहर पंचायत समिति में कांग्रेस का परचम

35 में से 20 सीटें जीतकर हासिल किया पूर्ण बहुमत, भाजपा 11 पर सिमटी

विधायक चाचाण के निवास पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



सीमा सन्देश # नोहर। पंचायत राज चुनाव के शुक्रवार को घोषित परिणामों में कांग्रेस ने नोहर पंचायत समिति में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया। पंचायत समिति की कुल 35 सीटों में से कांग्रेस ने 20 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि भाजपा को 11 सीटों से संतोष करना पड़ा। वहीं माकपा ने 2 और निर्दलीय प्रत्याशियों ने 2 सीटों पर बाजी मारी। इस जीत के साथ ही नोहर पंचायत समिति में कांग्रेस का प्रधान बनना लगभग तय हो गया है। चुनाव परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। विधायक अमित चाचाण के निवास पर बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। इस दौरान आतिशबाजी की गई और एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाकर जीत की खुशी साझा की गई। इस मौके पर विधायक अमित चाचाण ने कहा कि जनता ने भाजपा सरकार की गलत नीतियों का जवाब अपने वोट के माध्यम से दिया है। कांग्रेस को मिले स्पष्ट बहुमत से साबित हो गया है कि पिछले तीन वर्षों में भाजपा सरकार प्रत्येक मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने कहा कि जनता ने कांग्रेस के पक्ष में जनादेश देकर पार्टी के प्रति अपना विश्वास जताया है।

प्रधान के लिये की जाएगी रायशुमारी

विधायक अमित चाचणा ने कहा कि भाजपा के शासन में पिछले तीन वर्षों में नोहर विधानसभा क्षेत्र में विकास का कोई काम नहीं हुआ नहरी तंत्र पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है नहरों में सिंचाई पानी मिलाना दूर की बात लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल रहा है। विधायक ने कहा कि पंचायत समिति प्रधान के चयन को लेकर नवनिर्वाचित कांग्रेस सदस्यों की रायशुमारी की जाएगी। सभी निर्वाचित सदस्यों की सहमति और राय के आधार पर प्रधान पद का उम्मीदवार तय किया जाएगा। कई वार्डों में बेहद करीबी मुकाबले ने चुनाव परिणामों को रोचक बना दिया। खास बात यह रही कि एक वार्ड में जीत-हार का फैसला केवल 3 वोटों से हुआ, जबकि दूसरे वार्ड में विजेता प्रत्याशी ने 1738 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। चुनाव परिणामों में सबसे दिलचस्प मुकाबला वार्ड संख्या 9 में देखने को मिला। यहां कांग्रेस प्रत्याशी रचना कुमारी ने महज 3 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। रचना कुमारी को 1295 वोट मिले, जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिशुपाल को 1292 मत प्राप्त हुए। यह पंचायत समिति नोहर में सबसे कम अंतर से हुई जीत रही। दूसरी ओर वार्ड संख्या 10 में कांग्रेस प्रत्याशी गीता शर्मा ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की। गीता को 2675 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी रामस्वरूप को 937 वोट मिले। इस तरह गीता ने 1738 मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की।

पल्लू में भी कांग्रेस प्रधान बनाने की स्थिति में

विधायक अमित चाचाण ने पल्लू पंचायत समिति में भी कांग्रेस का प्रधान बनने का दावा किया। पल्लू पंचायत समिति की कुल 15 सीटों में से कांग्रेस ने 7 सीटें हासिल की हैं। भाजपा को 6, माकपा को 1 और निर्दलीय प्रत्याशी को 1 सीट मिली है। यहां कांग्रेस बहुमत के आंकड़े से एक सीट दूर है, ऐसे में निर्दलीय के समर्थन से कांग्रेस अपना प्रधान बनाने की रणनीति में जुट गई है।

भाजपा की हार पर बोले अमित सहू-जनता का फैसला सर्वमान्य

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिले में हुए पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। जिला परिषद के साथ ही हनुमानगढ़ जंक्शन और हनुमानगढ़ टाउन पंचायत समिति में भी भाजपा बहुमत हासिल नहीं कर सकी। तीनों ही जगह कांग्रेस ने बहुमत प्राप्त किया। चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा युवा नेता अमित सहू ने कहा कि जनता का फैसला सर्वमान्य है और पार्टी इसका सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि संभवतया सरकार के विकास कार्यों पर जनता ने अपेक्षित रूप से मुहर नहीं लगाई। निश्चित तौर पर चुनाव परिणामों में जहां भी कमियां सामने आई हैं, उनका आकलन कर सुधार किया जाएगा। राजनीति में कुछ भी संभव है और चुनाव परिणामों को लेकर भविष्य में नए समीकरण भी बन सकते हैं।

7 में से 6 सीटें जीतकर माकपा ने दिखाया दम, पंचायत चुनाव में शानदार प्रदर्शन

निर्दलीय विधायक राज बंसल ने माकपा कार्यालय पहुंचकर दी बधाई



हनुमानगढ़। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने सात में से छह सीटों पर जीत हासिल कर अपनी राजनीतिक उपस्थिति दर्ज करवाई। इस सफलता से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित शहीद भगतसिंह यादगार केन्द्र में एकत्रित होकर जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया और पटाखे फोड़कर खुशी जाहिर की।

विधायक बंसल ने दी बधाई

निर्दलीय विधायक गणेश राज बंसल भी माकपा कार्यालय पहुंचे और पार्टी नेता रामेश्वर वर्मा को बधाई दी। रामेश्वर वर्मा ने बताया कि माकपा ने हनुमानगढ़ टाउन पंचायत समिति के दो वार्डों में चुनाव लड़ा और दोनों पर जीत दर्ज की। वहीं जंक्शन पंचायत समिति के चार वार्डों में से तीन पर पार्टी प्रत्याशी विजयी रहे। इसके अलावा जिला परिषद की एक सीट पर भी माकपा ने कब्जा जमाया। उन्होंने कहा कि भादरा और राजपुरा पंचायत समितियों में भी पार्टी को बहुमत मिला है, जबकि नोहर में भी जनता ने पार्टी के संघर्षों को समर्थन दिया है। वर्मा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता हमेशा जनता के बीच रहकर उनके दुख-दर्द में सहभागी बने हैं।

जिला परिषद जोन 33 से जशनजोत कौर की शानदार जीत, जिला प्रमुख की दौड़ में शामिल

मान परिवार के प्रति जनता का समर्थन आया नजर, समर्थकों में उत्साह

संगरिया। हनुमानगढ़ जिला परिषद के जोन संख्या 33 से कांग्रेस प्रत्याशी जशनजोत कौर धर्मपत्नी मानसिंह मान ने शानदार जीत दर्ज कर क्षेत्र में अपनी राजनीतिक उपस्थिति दर्ज करवाई है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी को बड़े अंतर से पराजित किया। चुनाव परिणाम के दौरान जशनजोत कौर ने शुरूआत से ही बढ़त बनाए रखी और लगातार आगे रहते हुए जीत हासिल की। उनकी इस जीत को मान परिवार के प्रति क्षेत्र की जनता के विश्वास, स्नेह और समर्थन के रूप में देखा जा रहा है। पंचायत चुनाव में मिले इस जनसमर्थन के बाद अब जशनजोत कौर जिला प्रमुख पद की प्रमुख दावेदारों में शामिल हो गई हैं। उल्लेखनीय है कि मानसिंह मान कांग्रेस पार्टी में स्वच्छ छवि के नेता के रूप में पहचान रखते हैं। वे राजनीतिक गतिविधियों के साथ-साथ धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाते हैं। क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में शामिल होने और सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहने के कारण उनकी आमजन में अच्छी पहचान है। माना जा रहा है कि मानसिंह मान के इसी सामाजिक जुड़ाव और जनता के साथ निरंतर संपर्क का लाभ जशनजोत कौर को चुनाव में मिला है। जशनजोत कौर की जीत के बाद समर्थकों में उत्साह का माहौल है तथा अब सभी की निगाहें जिला प्रमुख पद के चयन पर टिकी हुई हैं। इन चुनाव परिणाम कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिला है 37 जोन में से 26 में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत हुई है जबकि भाजपा पार्टी 7 सीटों पर सिमट गई है। चार सीटों पर माकपा ने अपना कब्जा जमाया है।



मूल ओबीसी का सरपंच, एससी समाज का उपसरपंच, किया स्वागत

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। ग्राम पंचायत 30 एसएसडब्ल्यू के नवनिर्वाचित सरपंच विनोद कुमार स्वामी और उपसरपंच सुभाष चिंडालिया का शुक्रवार को जंक्शन स्थित विधायक गणेश राज बंसल के निवास पर स्वागत किया गया। विधायक ने माला पहनाकर दोनों का अभिनंदन किया। विनोद कुमार स्वामी ने सरपंच चुनाव में निकटतम प्रतिद्वंद्वी दयाराम को 204 मतों से हराया। वहीं एससी समाज से सुभाष चिंडालिया उपसरपंच निर्वाचित हुए। विधायक ने इसे सामाजिक भागीदारी और प्रतिनिधित्व की दिशा में नई क्रांति बताते हुए दोनों को शुभकामनाएं दीं। सरपंच विनोद कुमार स्वामी ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए पांच साल तक सेवक बनकर गांव के विकास के लिए काम करने का संकल्प लिया।

भाजपा-कांग्रेस दोनों खेमों में जश्न

सीमा सन्देश # मिजार्वाली मेर। पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनाव परिणामों में क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस दोनों को जीत मिलने से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जिला परिषद के जोन संख्या 23 से भाजपा प्रत्याशी रजनीश कंस्वा ने कांग्रेस प्रत्याशी समेश्ता भिडासरा को 668 मतों से पराजित किया। रजनीश कंस्वा को 10,389 मत मिले, जबकि समेश्ता भिडासरा को 9,721 मत प्राप्त हुए। वहीं, टिब्बी पंचायत समिति के ब्लॉक संख्या 9 से कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णलाल गोदारा ने 189 मतों से जीत दर्ज की। उन्हें कुल 2,245 मत




मिले, जबकि प्रतिद्वंद्वी लालचंद वर्मा को 2,056 मत प्राप्त हुए। दोनों चुनावों में अलग-अलग पार्टियों के प्रत्याशियों की जीत से भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। समर्थकों ने जश्न मनाकर विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी।

चुनाव परिणामों के बाद टोपरियां में जश्न



टोपरियां। पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद टोपरिया और ढंढेला बस स्टैंड पर विजयी प्रत्याशियों का ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों, डीजे और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। जुलूस निकालकर फूलमालाओं से अभिनंदन किया गया। समर्थकों ने पार्टी के झंडे लेकर जीत का जश्न मनाया। नोहर पंचायत समिति के ब्लॉक 1 से कांग्रेस की कविता 54, ब्लॉक 2 से भाजपा के रामस्वरूप 94 मतों से जीते। जिला परिषद जोन 20 से भाजपा की प्रीति 4 मतों, जोन 21 से कांग्रेस की निर्मला देवी 1,289 मतों से विजयी रहीं।

बरवाली में तीनों पदों पर भाजपा का कब्जा, नेठराना में माकपा-कांग्रेस गठबंधन का दबदबा

पंचायत व जिला परिषद चुनाव परिणाम, जश्न, कहीं मायूसी

सीमा सन्देश # बरवाली। पंचायत समिति और जिला परिषद चुनावों के परिणाम घोषित होने के साथ ही क्षेत्र में जीत की खुशी का माहौल देखने को मिला। शुक्रवार को जैसे-जैसे मतगणना के परिणाम सामने आते गए, वैसे-वैसे विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में उत्साह बढ़ता गया। समर्थकों ने जीत की खुशी मनाकर अपने प्रत्याशियों का स्वागत किया। पंचायत समिति चुनाव में रामगढ़ के ब्लॉक 24 से कांग्रेस के मास्टर खेताराम सिंगाठिया ने जीत दर्ज की।



बरवाली के ब्लॉक 25 से भाजपा की परमेश्वरी देवी भाकर विजयी रहीं। नेठराना के ब्लॉक 1 से माकपा की सुंदर देवी बेनीवाल ने जीत हासिल की, जबकि गोगामेड़ी के ब्लॉक 23 से निर्दलीय प्रत्याशी राजेंद्र कुमार विजयी रहे। जिला परिषद चुनाव में जोन 17 से बरवाली की भाजपा प्रत्याशी सोनिया पूनिया तथा जोन 11 से नेठराना की मंजू सहारण ने जीत दर्ज की। क्षेत्र के गांवों में चुनाव परिणामों के बाद अलग-अलग राजनीतिक तस्वीर देखने को मिली। बरवाली गांव में सरपंच, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद तीनों पदों पर भाजपा ने जीत हासिल की। वहीं पड़ोसी गांव नेठराना में तीनों पदों पर माकपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों ने बाजी मारी।

उनका मिलनसार व्यक्तित्व और स्वागत समारोह बने चर्चा का विषय

जीत के बाद समर्थकों और कार्यकर्त्ताओं के बीच पहुंच रहे प्रमोद गोदारा, कांग्रेस से है पुराना जुड़ाव

सीमा सन्देश# रावतसर। जोन नंबर पांच से भारी बोटो से जीत के बाद प्रमोद गोदारा का जगन जागे फूलों की बरसात के साथ स्वागत समारोह कार्यक्रम हुआ। सैकड़ो की संख्या में चौधरी श्योपत राम पुत्र प्रमोद कुमार गोदारा के निवास स्थान पर बधाइयां देने पहुंचे। इस के बाद प्रमोद गोदारा ने , भेरूसरी ,मोधुनगर,चक दो,चक दस, ग्राम पंचायत 15,16 केडब्ल्यू डी, ग्राम पंचायत 99 आरडी, ग्राम पंचायत खोड़ा, ग्राम पंचायत हरदासवाली, ग्राम पंचायत खेदासरी, ग्राम पंचायत धनासर, के कार्यकर्ताओ और समर्थकों व वोटरों ने प्रमोद श्योपत राम गोदारा को बधाई दी। चुनाव में जीत के बाद प्रमोद गोदारा द्वारा अपने समर्थकों, कार्यकताओं एवं आमजन का आभार व्यक्त करने के लिए जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।



इस कार्यक्रम के तहत प्रमोद गोदारा भेरूसरी पहुंचकर क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की तथा चुनाव में मिले सहयोग, समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। बलराम/रामकरण गोदारा के घर से आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक पहुंचे। जीत के बाद समर्थकों से सीधे संवाद कर उनका आभार व्यक्त करने का यह कार्यक्रम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

गुलाल लगा पटाखे छोड़ मनाई खुशी

आयोजकों की ओर से सभी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से कार्यक्रम में पहुंच कर प्रमोद गोदारा को बधाई दी और गुलाल लगाकर व पटाके छोड़ कर खुशीयां मनाई। चौधरी श्योपत राम गोदारा प्रमोद गोदारा ने ने बताया कि वर्ष 1995 से 1998 तक यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष हनुमानगढ़ से रहे। इसके बाद वर्ष 2000 से 2003 तक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रावतसर कि जिम्मेदारी निभाई। वर्ष 2000 से 2005 तक पंचायत समिति नोहर के सदस्य रहे। चौधरी श्योपत राम गोदारा की धर्मपत्नी रेशमी देवी गोदारा भी राजनीतिक में सक्रिय रही। वर्ष 2010 से 2015 तथा 2020 से 2025 तक कांग्रेस की टिकट पर पंचायत समिति रावतसर की सदस्य रही । वर्ष 2011 से 2016 तक मंडी रावतसर समिति डायरेक्टर के रूप में कार्य किया गया। गोदारा परिवार पिछली पीढ़ी भी कांग्रेस की टिकट पर जिला परिषद हनुमानगढ़ में प्रतिनिधित्व कर चुकी है।

फेफाना से चौथा प्रधान बनने की प्रबल संभावना

सीमा सन्देश # चारणवासी। फेफाना उप तहसील क्षेत्र में पंचायत समिति चुनाव के परिणामों में कई चौंकाने वाले उलटफेर देखने को मिले। जोन 19 से पूर्व जिलाध्यक्ष काशीराम गोदारा की पत्नी सरस्वती देवी ने जीत दर्ज की। भाजपा में टिकट वितरण को लेकर नाराजगी के चलते विनोद कुमारी बेनीवाल ने निर्दलीय चुनाव लड़ा। ब्लॉक 30 से कांग्रेस की संतोष गोदारा दूसरी बार पंचायत समिति सदस्य निर्वाचित हुईं। नोहर पंचायत समिति में प्रधान पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित होने से संतोष गोदारा को प्रमुख दावेदार माना जा रहा है। ब्लॉक 29 से भाजपा की भतेरी, 31 से पंकज सिहाग और 32 से मदन न्योल जीते। ब्लॉक 33 से माकपा की सूखीदेवी एकमात्र विजेता रहीं। वहीं रतनपुरा में कांग्रेस समर्थित सरपंच और पंचायत समिति सदस्य दोनों हार गए।

शबनम गोदारा को मिली राजनीतिक संजीवनी, जिला परिषद वार्ड-24 से 3507 वोटों से जीत

15,172 वोट हासिल कर गुलाब सिंवर को दी शिकस्त

सीमा सन्देश # टिब्बी। जिला परिषद चुनाव के वार्ड संख्या 24 में कांग्रेस प्रत्याशी शबनम गोदारा ने शानदार जीत दर्ज करते हुए राजनीतिक विरोधियों को करारा जवाब दिया। शबनम गोदारा ने 15,172 वोट हासिल कर प्रतिद्वंद्वी गुलाब सिवर को 3,507 वोटों के बड़े अंतर से पराजित किया। गुलाब सिवर को 11,665 वोट मिले। शबनम गोदारा की इस जीत को उनके राजनीतिक भविष्य के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जीत की घोषणा होते ही क्षेत्र में उत्साह का माहौल छा गया। समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर तथा ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया। गांव-गांव में खुशी की लहर दिखाई दी और समर्थकों ने इसे दीपावली जैसा उत्सव बताया।

राजनीतिक भविष्य के लिए बनी संजीवनी

शबनम गोदारा की यह जीत केवल जिला परिषद की एक सीट जीतने तक सीमित नहीं मानी जा रही, बल्कि उनके राजनीतिक भविष्य के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। इससे पहले वे विधायक चुनाव में हार का सामना कर चुकी थीं। इसके बाद टिकट नहीं मिलने को लेकर भी राजनीतिक चचाएं हुई थीं और विरोधी खेमे की ओर से उनके राजनीतिक भविष्य को लेकर सवाल उठाए जाते रहे। इसके बावजूद शबनम गोदारा ने क्षेत्र में जनसंपर्क, लोगों के बीच सक्रियता और सेवा कार्यों का सिलसिला जारी रखा। वार्ड-24 से कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने के बाद मतदाताओं ने उन्हें समर्थन देकर बड़ी जीत दिलाई।

मतदाताओं ने दिया अपने वोट से जवाब

वार्ड-24 के मतदाताओं ने शबनम गोदारा को 15,172 वोट देकर स्पष्ट समर्थन दिया। उनकी जीत को समर्थक विरोधियों के आरोपों और राजनीतिक चचाओं का जनता की ओर से दिया गया जवाब बता रहे हैं। जीत के बाद शबनम गोदारा ने कहा, ह्लयह जीत मेरी नहीं, वार्ड-24 की जनता और मेरे कार्यकताओं की जीत है। जिन लोगों ने मुझे बदनाम करने की कोशिश की, जनता ने उन्हें अपने वोट से जवाब दे दिया है।ह्व

कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह

शबनम गोदारा की जीत के बाद कांग्रेस कार्यकताओं में भी उत्साह देखने को मिला। समर्थकों का कहना है कि यह जीत क्षेत्र में कांग्रेस को नई ताकत देगी और आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए पार्टी का मनोबल बढ़ाएगी। वार्ड-24 के चुनाव परिणाम ने शबनम गोदारा की राजनीतिक सक्रियता को एक नया आधार प्रदान किया है।

न्यूज इन ब्रीफ

मलवाणी में कांग्रेस को मिले महज 214 वोट, क्षेत्र में रही चर्चा

सीमा सन्देश # चारणवासी। पंचायत समिति के ब्लॉक संख्या-31 से भाजपा प्रत्याशी पंकज सिहाग ने 31 मतों से जीत दर्ज की। परिणाम घोषित होने पर समर्थकों ने रंग-गुलाल लगाकर और आतिशबाजी कर जश्न मनाया। चुनाव में भाजपा को चारणवासी से 1100 और मलवाणी से 688 वोट मिले। वहीं कांग्रेस को चारणवासी से 405 और मलवाणी से महज 214 वोट मिले। माकपा को मलवाणी से सर्वाधिक 1311 मत प्राप्त हुए। मलवाणी में कांग्रेस को इतने कम वोट मिलना चर्चा का विषय रहा। गौरतलब है कि वर्तमान सरपंच यशोदा सहारण और पूर्व सरपंच माडूराम सहारण का संबंध कांग्रेस से है। इधर, ब्लॉक संख्या-32 से भाजपा प्रत्याशी मदन न्योल की जीत पर कार्यकताओं ने खुशी मनाई। इस दौरान सुभाष कड़वासरा, मदन थोरी, देवीलाल सिहाग सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चार वोटों से जीतीं भाजपा की प्रीति सिहाग



सीमा सन्देश # थालड़का। जिला परिषद जोन संख्या-20 से भाजपा प्रत्याशी प्रीति सुरेंद्र सिहाग ने महज 4 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। जिले में सबसे कम अंतर से मिली इस जीत पर समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। गांव भगवान पहुंचने पर डीजे-ढोल, आतिशबाजी और पुष्पवर्षा से उनका भव्य स्वागत किया गया। समर्थकों ने गुलाल उड़ाकर और मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। इसके बाद प्रीति सिहाग ने विजय रैली निकालकर ग्रामीणों का आभार जताया तथा मंदिरों में माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना की।

बेहरवाला कलां की सरपंच रुपिन्द्र कौर ने संभाला कार्यभार



सीमा सन्देश # तलवाड़ा झील। ग्राम पंचायत बेहरवाला कलां की नवनिर्वाचित सरपंच रुपिन्द्र कौर एवं उपसरपंच छिद्र कौर ने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। ग्राम विकास अधिकारी सुनीता मीणा और कंप्यूटर ऑपरेटर संदीप कुमार सहारण ने आधिकारिक प्रक्रिया पूरी करवाई। इसके बाद दोनों जनप्रतिनिधियों ने श्रीगणेश की पूजा-अर्चना कर पंचायत कार्यों की शुरूआत की। ग्रामीणों ने माल्यार्पण और गुलदस्ते भेंटकर स्वागत किया। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया। सरपंच रुपिन्द्र कौर ने ग्रामीणों का आभार जताते हुए स्वच्छता, पेयजल, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक ग्रामीण तक पहुंचाने का संकल्प लिया। समारोह में पूर्व सरपंचों सहित अनेक ग्रामीण और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

गंदगी और बदबू से त्रस्त वार्डवासियों ने जताया विरोध, समस्या समाधान की मांग, पार्षद भी स्वच्छता निरीक्षक को तलाशती रहीं,

परेशानी; सफाई व्यवस्था बदहाल, दीपावली से पड़ा नालियों का कचरा नहीं उठा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

टाउन शहर के वार्ड नंबर 42 में सफाई व्यवस्था चरमराने से वार्डवासी परेशान हैं। दीपावली से पूर्व नालियों से निकाला गया कचरा अब तक नहीं उठाया गया है। जगह-जगह लगे कचरे के ढेरों से दुर्गंध फैल रही है। वहीं निराश्रित गोवंश की समस्या भी लोगों के लिए परेशानी बनी हुई है। गुरुवार को वार्डवासियों ने एकत्रित होकर नगर परिषद की कार्यप्रणाली के खिलाफ विरोध जताया और समस्या के समाधान की मांग की।



भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष ने बताया

भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष संदीप छाबड़ा ने बताया कि दीपावली के आसपास नालियों से निकाला गया कचरा गलियों में पड़ा है। सफाई व्यवस्था को लेकर रोजाना शिकायतें की जाती हैं, लेकिन नगर परिषद के अधिकारी फोन तक रिसीव नहीं करते। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्षद भाजपा का होने और नगर परिषद में निर्दलीय बोर्ड होने के कारण वार्ड की अनदेखी की जा रही है। करीब दो माह पहले पार्षद चुने जाने के शुरूआती दिनों में सफाई व्यवस्था ठीक रही, लेकिन बाद में हालात बिगड़ गए। सुधार नहीं होने पर स्वायत्त शासन विभाग में शिकायत की जाएगी। वार्डवासी सुरेंद्र पाल सिंह कंडा ने बताया कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से मच्छर बढ़ रहे हैं और बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। वहीं मोहनलाल ने बताया कि एचएच एरिया, दीनार सिनेमा और पुलिस कॉलोनी क्षेत्र में निराश्रित गोवंश की भरमार है। दीनार सिनेमा के पास चारे की टाल होने से बड़ी संख्या में गोवंश जमा रहता है।

कार्यालय में नहीं मिलीं स्वच्छता निरीक्षक

पार्षद विनिता बतरा ने भी स्वच्छता निरीक्षक प्रेमलता से संपर्क किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। कार्यालय पहुंचने पर भी निरीक्षक नहीं मिलीं। पार्षद ने बताया कि कई दिनों से नालियों की सफाई नहीं हुई है। सभापति मंजू रणवां ने सफाई कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी लगने की बात कही। वहीं स्वच्छता निरीक्षक प्रेमलता ने बताया कि आगामी मंगलवार से वार्ड में नियमित सफाई शुरू करवा दी जाएगी।

21 नवम्बर से 29 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

भाखड़ा प्रणाली की नहरों का वरीयताक्रम तय

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जल संसाधन भाखड़ा-सिद्धमुख रेगुलेशन खण्ड की ओर से शुक्रवार को भाखड़ा प्रणाली की नहरों का साप्ताहिक वरीयताक्रम जारी किया गया। यह वरीयताक्रम 21 नवम्बर से 29 नवम्बर तक प्रभावी रहेगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रत्येक नहर आठ दिन पूरी चलाने के बाद बंद की जाएगी। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार संगरिया (एसएनजी) नहर में 16 क्यूसेक, भगतपुरा (बीजीपी) में 54, सूरतगढ़ (एसटीजी) में 259, नगराना (एनजीडी) में 267, लीलांवाली (एलएलडब्ल्यू) में 515, भाखरांवाली (बीकेडब्ल्यू) में 565, करनीसिंह (केएसडी) में 920, मम्मड़खेड़ा (एमएमके) में 1115, जोड़कियां (जेआरके) में 1200, नवां-सतीपुरा (एनडब्ल्यूएन) में 1211, रोड़ांवाली (आरआरडब्ल्यू) में 1224, अमरपुरा (एएमपी) में 1317, मोरजण्डा (एमजेडी) में 1527, रतनपुरा (आरटीपी) में 1538, नाथवाना (एनटीडब्ल्यू) में 1566, प्रतापपुरा (पीटीपी) में 1671, हरिपुरा (एचआरपी) में 1684, दीनगढ़ (डीएनजी) में 1697, सूरतपुरा (एसटीपी) में 1706, मोडिया (एमओडी) में 1866, लोंगवाला (एलजीडब्ल्यू) में 2001 व पीलीबंगा (पीबीएन) नहर में 2216 क्यूसेक पानी प्रवाहित होगा।



सहिसिस

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार नहरों में पानी के उतार-चढ़ाव को देखते हुए अगर किसी नहर के रेगुलेशन में बदलाव करना पड़ा तो भाखड़ा सिद्धमुख रेगुलेशन खंड व जल संसाधन खंड प्रथम/द्वितीय के अधिशाषी अभियंता से विचार-विमर्श के बाद व्यवस्था की जाएगी। वास्तविक पानी संबंधित अधिशाषी अभियन्ता की मांग अनुसार चलाया जा रहा है, यह कभी भी कम किया जा सकता है।

एक क्विंटल 50 किलो डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत खुइयां पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कार से एक क्विंटल 50 किलो डोडा पोस्त बरामद कर गुरप्रीत सिंह (22) निवासी रानियां, सिरसा (हरियाणा) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके साथ एक विधि से संघर्षरत किशोर को भी निरुद्ध किया। जब्त डोडा पोस्त की कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई गई है। कार्रवाई एसपी बी. आदित्य के निर्देशन में थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने कार (एचआर 26 सीएम 8242) जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार कर रहे हैं।

नव निर्वाचित सरपंच व उप सरपंच का ग्रामीणों ने किया सम्मान



चारणवासी। ग्राम पंचायत खिनानियां की नव निर्वाचित सरपंच शारदा रमनदास स्वामी व उप सरपंच सावित्री देवी का गुरुवार को ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर राजस्थानी पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। नव निर्वाचित सरपंच ने कहा कि गांव की साफ-सफाई व इंटरलॉकिंग सड़कों का प्रमुखता से निर्माण करवाया जाएगा। चिकित्सा, शिक्षा, पानी सहित अन्य कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। युवाओं को खेल से जोड़ने की दिशा में पंचवर्षीय कार्यकाल में अनेकों नवाचार किए जाएंगे और गांव को आदर्श बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि महावीर स्वामी, रूपदास स्वामी, रामकुमार देहड़ू, मालाराम गोदारा, चंदूराम स्वामी, त्रिलोक ढाका, मदनलाल स्वामी, त्रिलोक चंद स्वामी, राजाराम नाई, आत्मा राम स्वामी, रणजीत सिरावता, अमरसिंह राजपूत, हरचंद कड़वासरा, ओम स्वामी, कनीराम सिरावता, बनवारी लाल सिंवर, राजेंद्र सुथार, फरसाराम सिहाग, हनुमान सिहाग, मोमन, सुरेन्द्र शर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

स्वास्थ्य विभाग नोहर की ब्लॉक बैठक



नोहर। पंचायत समिति नोहर सभागार में 20 नवंबर को ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। खंड मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनजीत ढाका की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति और आगामी गतिविधियों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सीआरएम टीम के आगामी भ्रमण को ध्यान में रखते हुए विभागीय कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान उपस्थित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों को 22 नवंबर 2026 से शुरू होने वाले उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान, टीबीको फ्री यूथ कैंपेन 4.0, रअअठर कार्यक्रम तथा संक्रमण नियंत्रण एवं बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में 12 सप्ताह में एएनसी रजिस्ट्रेशन, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चयन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच, एचपीवी वैक्सीनेशन, एनसीडी कार्यक्रम, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, संस्थागत प्रसव, नियमित टीकाकरण, लाडो योजना एवं जननी सुरक्षा योजना सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

'बाल वाटिका' में कला और ज्ञान का प्रदर्शन किया

संगरिया। एम आर एजुकेशनल एकेडमी के विद्यार्थियों ने हाल ही में आकाशवाणी सूरतगढ़ के लोकप्रिय कार्यक्रम बाल वाटिका के तहत अपनी कला और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों की इस सहभागिता से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में हर्षोल्लास का वातावरण है। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कनिका, जया, सहज मिढ़ा, निशु, वंशिका,प्रियंका गरिमा और भवनीत ने कविताओं का पाठ किया। लिशान्त गोयल ने मनमोहक प्रस्तुति से सबको हंसाया और गुदगुदाया। आशीष ने महान शिक्षा संत स्वामी केशवानंद जी के जीवन और उनके महान कार्यों पर प्रकाश डाला। शगन



दीप ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जानकारी साझा की तनुष खरेरा ने रोचक बाल पहेलियों से श्रोताओं को बौद्धिक रूप से झकझोरा। इस कार्यक्रम का संयोजन आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख नवीन सिसोदिया के मार्गदर्शन में हुआ, जबकि कुशल प्रस्तुति स्मृति बोहरा द्वारा दी गई। आकाशवाणी के पूर्व वरिष्ठ उद्घोषक राजेश चड्ढा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाध्यापिका सुमन मिढ़ा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में अभूतपूर्व वृद्धि होती है और उनकी कलात्मक प्रतिभा को एक बड़ा मंच मिलता है। निदेशक श्याम मिढ़ा ने बताया कि यह विशेष बाल वाटिका कार्यक्रम आगामी रविवार को प्रातः 9:30 बजे प्रसारित होगा।

श्री श्याम जन्मोत्सव पर निकाली निशान यात्रा



रावतसर। श्री श्याम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री श्याम मंदिर रावतसर में बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्राचीन श्री हनुमान मंदिर से श्री श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा प्रारंभ हुई जो की शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। दुकानदारों ने शोभा यात्रा का जगह-जगह फूलों की बरसात के साथ स्वागत किया। रात्रि को श्री श्याम प्रभु का कीर्तन हुआ । श्री श्याम मंदिर अध्यक्ष ओम प्रकाश मित्तल ने बताया कि श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर भक्त भजनों पर थिरकते हुए नजर आए। बाबा श्याम धनी का केक काट कर जन्म उत्सव मनाया गया। पटाखों द्वारा आतिशबाजी भी की गई एक दूसरे को जन्मोत्सव की बधाइयां देते नजर आए।

मिस्त्री देवीलाल ने निर्दलीय जीत दर्ज कर कांग्रेस को 307 मतों से हराया



सीमा सन्देश # भोमपुरा। हनुमानगढ़ पंचायत समिति के ब्लॉक संख्या-10 से निर्दलीय प्रत्याशी देवीलाल ने कांग्रेस प्रत्याशी हनुमान प्रसाद को 307 मतों से हराकर जीत दर्ज की। पेशे से मिस्त्री देवीलाल को 1,427 मत मिले, जबकि हनुमान प्रसाद को 1,121 मत प्राप्त हुए। भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार को 328, आरएलपी के रमेश को 109 तथा निर्दलीय गोपाल मेघवाल को 293 मत मिले। कांग्रेस का टिकट नहीं मिलने पर देवीलाल निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे। इसके बाद गांव के युवाओं ने एकजुट होकर घर-घर प्रचार किया और उनका समर्थन किया। जीत की घोषणा के बाद समर्थकों ने पटाखे चलाकर आतिशबाजी के साथ जश्न मनाया। देवीलाल ने जीत का श्रेय युवाओं और समर्थकों के विश्वास व सहयोग को दिया।

561 मतों की निर्णायक जीत के साथ निर्दलीय सोनू मनोज सहारण ने लहराया परचम

चार जांटी बालाजी धाम पर समर्थकों ने डीजे के साथ किया भव्य स्वागत

सीमा सन्देश # थालड़का। रावतसर पंचायत समिति के ब्लॉक नंबर 14 से निर्दलीय प्रत्याशी सोनू मनोज सहारण ने 561 मतों के अंतर से शानदार जीत दर्ज कर अपनी मजबूत जनसमर्थन की ताकत दिखाई। जीत की घोषणा होते ही थालड़का गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया और जगह-जगह जश्न शुरू हो गया।नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य के स्वागत के लिए नोहर-थालड़का-रावतसर मार्ग स्थित चार जांटी बालाजी धाम के पास बड़ी संख्या में समर्थक डीजे के साथ पहुंच गए। यहां सोनू मनोज सहारण का



फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। समर्थकों ने गुलाल उड़ाकर, आतिशबाजी कर और मिठाइयां बांटकर जीत का जश्न मनाया। इसके बाद गांव में विशाल विजय रैली निकालकर उनका अभिनंदन किया गया।इस मौके पर सोनू सहारण ने कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि उन सभी कार्यकताओं और ग्रामीणों की है, जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाया। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति क्षेत्र में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

सरपंच गायत्री सहारण का स्वागत



सीमा सन्देश # भोमपुरा। ग्राम पंचायत भोमपुरा की नवनिर्वाचित सरपंच गायत्री सहारण के सम्मान में वार्ड संख्या 8 में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वार्ड के गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के प्रति खुशी जाहिर की। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि एवं समाजसेवी राजेंद्र सहारण का ग्रामीणों ने नोटों की माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं उपसरपंच प्रतिनिधि संदीप मायल एवं वार्ड संख्या 8 के पंच कालूराम मेघवाल का भी माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। समारोह में वार्डवासियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और जनप्रतिनिधियों का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान धर्मपाल, रामू, राकेश सांसी, अक्षय घारू, पवन, प्रियांशु, नितेश कुमार, रोहिताश, ख्यालीराम वाल्मीकि, लालचंद, कुंरडाराम, राजेश, राजू मिस्त्री एवं भरत कस्वां सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

नोहर पंचायत समिति चुनाव : किसने किसको हराया, कितने वोट मिले, कौन जीत

सीमा सन्देश # नोहर। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के तहत पंचायत समिति नोहर के 35 वार्डों के परिणामों में कई रोचक मुकाबले देखने को मिले। कांग्रेस, भाजपा, माकपा और निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। वार्ड 9 में महज 3 वोटों से जीत का फैसला हुआ, जबकि वार्ड 10 में 1738 वोटों का सबसे बड़ा अंतर रहा। सभी 35 वार्डों में विजेता और उपविजेता प्रत्याशियों को मिले मतों का पूरा विवरण इस प्रकार है।

वार्डवार चुनाव परिणाम

वार्ड 1: कांग्रेस प्रत्याशी कविता को 2207 वोट मिले। उन्होंने राधा देवी को हराया, जिन्हें 2153 वोट मिले। जीत का अंतर 54 वोट रहा।

वार्ड 2: भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप नांदवाल को 1726 वोट मिले। उन्होंने राजेंद्र प्रसाद को हराया, जिन्हें 1632 वोट मिले। जीत का अंतर 94 वोट रहा।

वार्ड 3: कांग्रेस प्रत्याशी सुशीला को 2418 वोट मिले। उन्होंने मधुबाला को हराया, जिन्हें 1962 वोट मिले। जीत का अंतर 456 वोट रहा।

वार्ड 4: कांग्रेस प्रत्याशी रक्षा को 2647 वोट मिले। उन्होंने शमेष्टा को हराया, जिन्हें 1320 वोट मिले। जीत का अंतर 1327 वोट रहा।

वार्ड 5: भाजपा प्रत्याशी दाताराम को 2730 वोट मिले। उन्होंने कल्पना को हराया, जिन्हें 2315 वोट मिले। जीत का अंतर 415 वोट रहा।

वार्ड 6: कांग्रेस प्रत्याशी सिलौचना को 2073 वोट मिले। उन्होंने ममता रानी को हराया, जिन्हें 1892 वोट मिले। जीत का अंतर 181 वोट रहा।



वार्ड 7: भाजपा प्रत्याशी राधा को 1971 वोट मिले। उन्होंने पूनम को हराया, जिन्हें 1760 वोट मिले। जीत का अंतर 211 वोट रहा।

वार्ड 8: कांग्रेस प्रत्याशी बंशीलाल को 2486 वोट मिले। उन्होंने कालूराम को हराया, जिन्हें 1983 वोट मिले। जीत का अंतर 503 वोट रहा।

वार्ड 9: कांग्रेस प्रत्याशी रचना कुमारी को 1295 वोट मिले। उन्होंने शिशुपाल को हराया, जिन्हें 1292 वोट मिले। जीत का अंतर महज 3 वोट रहा। यह सबसे करीबी मुकाबला रहा।

वार्ड 10: कांग्रेस प्रत्याशी गीता को 2675 वोट मिले। उन्होंने रामस्वरूप को हराया, जिन्हें 937 वोट मिले। जीत का अंतर 1738 वोट रहा। यह सबसे बड़ी जीत रही।

वार्ड 11: कांग्रेस प्रत्याशी सोनू को 2229 वोट मिले। उन्होंने रमा कुमारी को हराया, जिन्हें 1729 वोट मिले। जीत का अंतर 500 वोट रहा।

वार्ड 12: कांग्रेस प्रत्याशी माना को 1970 वोट मिले। उन्होंने गगनदीप को हराया, जिन्हें 1507 वोट मिले। जीत का अंतर 463 वोट रहा।

वार्ड 13: माकपा प्रत्याशी नेतराम को 1949 वोट मिले। उन्होंने मुंशीराम को हराया, जिन्हें 1725 वोट मिले। जीत का अंतर 224 वोट रहा।

वार्ड 14: भाजपा प्रत्याशी मनरूप सिंह को 2431 वोट मिले। उन्होंने गूगराम को हराया, जिन्हें 1471 वोट मिले। जीत का अंतर 960 वोट रहा।

वार्ड 15: कांग्रेस प्रत्याशी कृष्णा देवी को 2937 वोट मिले। उन्होंने लिछमा को हराया, जिन्हें 2685 वोट मिले। जीत का अंतर 252 वोट रहा।

वार्ड 16: भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप को 1922 वोट मिले। उन्होंने हनुमान प्रसाद को हराया, जिन्हें 1638 वोट मिले। जीत का अंतर 284 वोट रहा।

वार्ड 17: कांग्रेस प्रत्याशी रामस्वरूप वर्मा को 2519 वोट मिले। उन्होंने बंशीलाल को हराया, जिन्हें 1695 वोट मिले। जीत का अंतर 824 वोट रहा।

वार्ड 18: कांग्रेस प्रत्याशी सुमित्रा को 1828 वोट मिले। उन्होंने कमला को हराया, जिन्हें 1757 वोट मिले। जीत का अंतर 71 वोट रहा।

वार्ड 19: कांग्रेस प्रत्याशी ललिता शर्मा को 2927 वोट मिले। उन्होंने लक्ष्मी को हराया, जिन्हें 2501 वोट मिले। जीत का अंतर 426 वोट रहा।

वार्ड 20: कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता/विजय सिंह को 2176 वोट मिले। उन्होंने सुनीता/रोहित कुमार को हराया, जिन्हें 1909 वोट मिले। जीत का अंतर 267 वोट रहा।

वार्ड 21: भाजपा प्रत्याशी तारावती को 2382 वोट मिले। उन्होंने सरोज को हराया, जिन्हें 2011 वोट मिले। जीत का अंतर 371 वोट रहा।

वार्ड 22: भाजपा प्रत्याशी मंगलाल को 1873 वोट मिले। उन्होंने प्रमोद को हराया, जिन्हें 1701 वोट मिले। जीत का अंतर 172 वोट रहा।

वार्ड 23: निर्दलीय प्रत्याशी राजेंद्र कुमार को 2054 वोट मिले। उन्होंने किशननाथ को हराया, जिन्हें 744 वोट मिले। जीत का अंतर 1310 वोट रहा।

वार्ड 24: कांग्रेस प्रत्याशी खेता राम सिंगाटिया को 2168 वोट मिले। उन्होंने हनुमान प्रसाद को हराया, जिन्हें 1582 वोट मिले। जीत का अंतर 586 वोट रहा।

वार्ड 25: भाजपा प्रत्याशी परमेश्वरी को 2273 वोट मिले। उन्होंने रीतू को हराया, जिन्हें 1626 वोट मिले। जीत का अंतर 647 वोट रहा।

वार्ड 26: निर्दलीय प्रत्याशी संत्रो देवी को 3116 वोट मिले। उन्होंने सरोज को हराया, जिन्हें 2884 वोट मिले। जीत का अंतर 232 वोट रहा।

वार्ड 27: कांग्रेस प्रत्याशी रविंदर सिंह को 2177 वोट मिले। उन्होंने प्रकाश सिंह को हराया, जिन्हें 1800 वोट मिले। जीत का अंतर 377 वोट रहा।

वार्ड 28: कांग्रेस प्रत्याशी शिशपाल को 1564 वोट मिले। उन्होंने सुरेंद्र कुमार को हराया, जिन्हें 1557 वोट मिले। जीत का अंतर केवल 7 वोट रहा।

वार्ड 29: भाजपा प्रत्याशी भतेरी को 3001 वोट मिले। उन्होंने इंद्रा देवी को हराया, जिन्हें 2797 वोट मिले। जीत का अंतर 204 वोट रहा।

वार्ड 30: कांग्रेस प्रत्याशी संतोष/विनोद को 2516 वोट मिले। उन्होंने संतोष/मनिराम को हराया, जिन्हें 2308 वोट मिले। जीत का अंतर 208 वोट रहा।

वार्ड 31: भाजपा प्रत्याशी पंकज कुमार को 1792 वोट मिले। उन्होंने विनोद कुमार को हराया, जिन्हें 1761 वोट मिले। जीत का अंतर 31 वोट रहा।

वार्ड 32: भाजपा प्रत्याशी मदनलाल को 1837 वोट मिले। उन्होंने हरीश कुमार को हराया, जिन्हें 1497 वोट मिले। जीत का अंतर 340 वोट रहा।

वार्ड 33: माकपा प्रत्याशी सुखी देवी को 1764 वोट मिले। उन्होंने दुर्गा देवी को हराया, जिन्हें 1746 वोट मिले। जीत का अंतर 18 वोट रहा।

वार्ड 34: कांग्रेस प्रत्याशी रामकुमार को 1860 वोट मिले। उन्होंने विनोद कुमार को हराया, जिन्हें 1568 वोट मिले। जीत का अंतर 292 वोट रहा।

वार्ड 35: कांग्रेस प्रत्याशी मोनिका को 2944 वोट मिले। उन्होंने ममता को हराया, जिन्हें 2203 वोट मिले। जीत का अंतर 741 वोट रहा।

पार्टीवार परिणाम: कांग्रेस 20, भाजपा 11, माकपा 2 और निर्दलीय 2 सीटों पर विजयी रहे।

सरपंच, उप सरपंच ने ग्रहण किया कार्यभार

सीमा सन्देश # चारणवासी। ग्राम पंचायत रतनपुरा में कार्यभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नव निर्वाचित सरपंच जेता बाई, उप सरपंच महावीर प्रसाद तथा वार्ड पंच रामचंद्र, शंकर और सुरेन्द्र ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। ग्राम विकास अधिकारी कमल किशोर सोनी, डीओ मूलचन्द और कनिष्ठ सहायक राजबाला सहित पंचायतीराज कर्मचारियों ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से रजिस्टर में आधिकारिक हस्ताक्षर करवाकर उन्हें मोहर वितरित की। कार्यभार संभालने के बाद सभी ने श्रीगणेश की पूजा-अर्चना और सामूहिक आरती कर अपने काम की शुरूआत की। ग्रामीणों ने माल्यार्पण और गुलदस्ते भेंट कर पदाधिकारियों का स्वागत व अभिनंदन किया, वहीं समर्थकों ने पंचायत परिसर में ढोल-नगाड़ों के साथ जमकर खुशी मनाई। सरपंच जेता बाई ने कहा कि आप सभी के स्नेह और विश्वास से मिली इस जिम्मेदारी के लिए मैं हृदय से आभारी हूं। ग्राम पंचायत रतनपुरा के सर्वांगीण विकास के लिए हम मिलकर काम करेंगे। स्वच्छता, पेयजल, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

बर्थ-डे सेलिब्रेशन

रत्तेवाला। हर्षिता के दूसरे जन्मदिन पर मम्मी मंजू रानी, पिता हेमंत कुमार दायमा, दादी झीमा देवी, दादा मुकेशकुमार दायमा पत्रकार, चाची सोनाली, चाचा तपेशकुमार, बुआ किरण, बहन दिपांशी, भाई कुनाल, भव्य, युवांश, ननिहाल पक्ष व दायमा परिवार की ओर से बधाई।



रावलामंडी। वार्ड 10 निवासी साहिल के चौथे जन्मदिन पर मम्मी-पापा पूनम -नरेश, बहन साक्षी एवं समस्त ग्रोवर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं।



सालगिरह



अनूपगढ़। पूर्व विधायक संतोष बावरी-प्रभु बावरी को शादी की 18वीं सालगिरह पर बधाई एवं शुभकामनाएं।



रत्तेवाला। सलीम खान और रुखसाना को शादी की सालगिरह पर परिवारजनों, दोस्तों की बधाई।

न्यूज इन ब्रीफ

चूनावढ़: बकरियां चराने के विवाद में परिवार पर हमला

चूनावढ़। समीपस्थ चक 27 जीजी में बकरियां चराने को लेकर हुए विवाद के बाद परिवार पर हमला करने और घर में तोड़फोड़ करने के आरोप में पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला न्यायालय के इस्तगासे पर दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार गुरनाम कौर पत्नी दलीप सिंह ने इस्तगासे में बताया कि करीब दो माह पहले उसके बेटे जोगेंद्र सिंह का बकरियां चराने को लेकर फती उर्फ बलतेज सिंह से विवाद हुआ था। आरोप है कि 15 सितंबर की रात आरोपियों ने 27 जीजी नहर पुल पर उसके बेटे की पिकअप रुकवाकर तलवार, गंडासी, कुल्हाड़ी और लाठियों से हमला किया तथा वाहन में तोड़फोड़ की।

लकड़ी के खांचे में ठूंसकर ले जा रहा था बकरियां, केस दर्ज

चूनावढ़। चूनावढ़ थाना पुलिस ने पशुओं के प्रति क्रूरता के मामले में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोटरसाइकल पर लकड़ी का फट्टा लगाकर उस पर भेड़-बकरियों को ठूंस-ठूंसकर बैठाकर ले जा रहा था। मोटरसाइकल पर कुल चार भेड़-बकरियां बैठाई हुई थीं। पुलिस ने मनोहरलाल पुत्र मोहनलाल, निवासी वार्ड नंबर 18 पदमपुर को गिरफ्तार किया। कार्रवाई 19 नवंबर 2026 को दोपहर 12:10 बजे हनुमान मंदिर, चूनावढ़ के पास की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा में मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई एएसआई विनोद कुमार द्वारा की गई।

सड़क हादसे में श्रमिक की मौत

श्रीकरणपुर। भारतमाला रोड पर चक 47 एफ के नजदीक एक बाइक की टक्कर से साइकल सवार श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पुत्र की रिपोर्ट पर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पूर्ण सिंह रायसिख निवासी गांव 47 एफ ने बताया कि उसके पिता दलीप सिंह पुत्र मुंशा सिंह 18 नवंबर की शाम को गांव 50 एफ रूपनगर से मजदूरी कर साइकल पर गांव लौट रहे थे। भारतमाला रोड पर वे सड़क की दूसरी तरफ से गांव की ओर आ रहे थे, तभी बाइक चालक मान पुत्र सोडाराम निवासी श्रीकरणपुर ने गलत दिशा में तेज गति से बाइक चलाते हुए उनके पिता को टक्कर मार दी। हादसे में दलीप सिंह की मौत हो गई।

श्रीकरणपुर नगरपालिका के नए बोर्ड की पहली बैठक का आयोजन, स्कूल के खेल मैदान को विकसित करने पर विचार

महज15 मिनट में शहर के विकास के 5 एजेंडे सर्वसम्मति से पारित

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर



नगर पालिका के नए बोर्ड की पहली बैठक नगर पालिका के सभागार में हुई। नगर पालिका अध्यक्ष विनय कुमार तनेजा ने अध्यक्षता की। बैठक में अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार बिश्नोई द्वारा कुल 5 एजेंडे विचार विमर्श हेतु रखे गए थे। मात्र 15 मिनट चली बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से एजेंडों को पारित किया गया। अध्यक्ष विनय कुमार तनेजा, उपाध्यक्ष शेर सिंह खटीक सहित सभी 25 वार्डों के पार्षदों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। विधायक रूपिन्द्रसिंह कुन्नर 'रूबी' भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में निम्न एजेंडे रखे गये। नगर पालिका क्षेत्र के समस्त वार्डों में आवश्यकता अनुसार करवाए जाने वाले विकास कार्यों पर विचार और अनुकंपा नियुक्ति की पुष्टि एवं अनुमोदन पर विचार, नगर पालिका द्वारा मैनपॉवर निविदा कार्यों की पुष्टि एवं अनुमोदन पर विचार, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी 2.0) के अंतर्गत हुडको द्वारा स्वीकृत ऋण के संबंध में निकाय के हिस्से की राशि हेतु त्रिपक्षीय समझौते के निष्पादन एवं ऋण आवेदन पत्र अनुमोदन करने पर विचार तथा राजकीय उच्च माध्यमिक सीनियर विद्यालय में बने खेल मैदान एवं नगर पालिका में बने लॉन टेनिस को विकसित करने की पुष्टि पर अनुमोदन एवं विचार विरोध किया जाना था।

विधायक कुन्नर व पालिका चेयरमैन तनेजा ने कहा- मिलकर करेंगे शहर का विकास

श्रीकरणपुर से विधायक रूपिन्द्रसिंह कुन्नर कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष भी हैं, जबकि श्रीकरणपुर नगरपालिका में बोर्ड भाजपा का है। इन सबके बावजूद एक वाकया बहुत ही सकारात्मक देखने को मिला, जब कांग्रेस जिलाध्यक्ष, विधायक कुन्नर और पालिकाध्यक्ष विनय तनेजा ने कहा कि हम सब मिलकर शहर का विकास करवाएंगे। सभी वार्डों में समानता से कार्य होंगे। पालिकाध्यक्ष तनेजा की अगुवाई में कुछ समय पहले ही पालिका में भाजपा का बोर्ड बना है। अध्यक्ष विनय कुमार तनेजा ने पार्षदों को कहा कि सभी वार्डों में एक समान विकास कार्य होंगे, इसके लिए अपने-अपने वार्ड के कार्य लिखकर अधिशासी अधिकारी को जब चाहे दे सकते हैं। साथ ही, विधायक रूबी कुन्नर ने कहा कि विकास कार्यों के लिए बोर्ड को उनका सहयोग मिलता रहेगा।

प्रभात फेरी में शामिल संगतों की सेवा करने वालों का सम्मान

गुरुनानक जयंती पर 24 नवंबर को होगा कार्यक्रम

सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर



श्रीगुरुनानक देव जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में श्रीअरोड़वंश सनातन धर्म मंदिर समिति की ओर से निकाल जा रही प्रातः कालीन प्रभातफेरियों में उत्साह निरंतर है। वार्ड संख्या 17 में प्रभातफेरी पहुंची तो वहां वार्ड वासियों की ओर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शब्द कीर्तन उपरांत अरदास प्रार्थना के उपरांत संगतों की सेवा करने वाले सेवादारों गौतम मिड्ढा, गुलजार सिंह सोनी, डॉ. हजारी लाल मुटनेजा, अमित बिलंदी, अरुण बाघला, जोगेंद्र बिलंदी, सुशील अरोड़ा, मनोज कुमार, विपिन बिलंदी आदि को श्री अरोड़वंश सनातन धर्म मंदिर समिति के अध्यक्ष विनय कुमार तनेजा व सचिव सत्येंद्र कुमार सलूजा द्वारा सिरोपे पहनाकर सम्मानित किया गया। समूह संगतों के लिए पुरी- छोले, हलवे का प्रसाद व चाय का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष विनय कुमार तनेजा ने 24 नवंबर को श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर प्रातः 9 बजे श्री अखंड पाठ साहब के भोग एवं 9:30 से 12:00 बजे तक शब्द - कीर्तन और 11:30 बजे से गुरु का लंगर बरताया जाएगा। दोपहर 2 बजे नगर कीर्तन शोभायात्रा में शामिल होने की भी अपील की गई है।

चूनावढ़: प्लॉट पर कब्जे का आरोप

सीमा सन्देश # चूनावढ़। चूनावढ़ थाना क्षेत्र के गांव 9 एमएल लट्ठांवाली में न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर प्लॉट पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में हनुमानगढ़ टाउन निवासी प्रताप सिंह ने विष्णु और उसकी पत्नी निवासी 9 एमएल लट्ठांवाली के खिलाफ शिकायत दी है। परिवादी का आरोप है कि दोनों ने एकराय होकर उसके साथ विश्वासघात किया तथा न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए प्लॉट पर कब्जा कर लिया। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल गुरप्रीत सिंह को सौंपी गई है।

जांगिड आवास पर पहुंचे नवनिर्वाचित सरपंच, सम्मान किया

सीमा सन्देश # सादुलशहर



पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़ के आवास पर बहरामपुराबोदला से सरपंच प्रतिनिधि प्रमेंद्र खीचड, चमारखेड़ा ग्राम पंचायत से प्रथम सरपंच प्रतिनिधि अमित कुमार धारणिया, खैरूवाला के सरपंच बलदेव सिंह पहुंचे। विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़ ने उन्हें माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया। नई पारी की बधाई प्रेषित की। जनता के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने, जन समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनकर हल करने एवं पंचायत में बिना भेदभाव के विकास कार्यों को करवाने की सलाह दी। वहीं सरपंच और सरपंच प्रतिनिधि ने पूर्व विधायक जगदीशचंद्र जांगिड़ को पुष्पगुच्छ भेंटकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान कालवासिया से विकास निम्मीवाल, धर्मपाल चौहान, कृष्णलाल शर्मा, राजेंद्र कुमार, चमारखेड़ा से रविंद्र गोदारा, मांगीलाल धारणिया, संतोष, मनीष, रमेश, अमित लेघा, भूपेन्द्र खीचड़, खैरूवाला से पूर्व सरपंच मोहम्मदीन, पंचायत समिति डायरेक्टर प्रत्याशी प्रतिनिधि वजीर सिंह, संदीप चहल, इन्द्राज बिश्नोई, मन्छर खान राठ, हेतराम, बबनदीप ढिल्लों, प्रतीक शर्मा आदि मौजूद थे।

भारतमाला रोड पर कार दुर्घटना में तीन जने घायल



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

श्रीगंगानगर भारत माला रोड पर सतकरतार डेरे के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त होने से हरियाणा निवासी तीन पशु व्यापारी घायल हो गए, जिन्हें यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां डॉ. विनोद कुमार ने प्राथमिक उपचार उपरांत सभी को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। अनियंत्रित कार सड़क किनारे गहरी खाई से होकर कच्ची रोड पर आकर रुक गई। कार सवार सभी 3 लोग गंभीर घायल हो गए, जिनकी पहचान कार चालक वंश पुत्र पवन कुमार आयु 53 वर्ष, देवेंद्र कुमार पुत्र रामकुमार आयु 80 वर्ष व अनुज पुत्र ओमप्रकाश आयु 29 वर्ष (सभी निवासी पानीपत हरियाणा) के रूप में हुई है। मौके पर पहुंचे एएसआई जंगशेर खान ने बताया कि ये पशुओं के व्यापारी गुरुसर में अजीत नामक व्यक्ति के पास पशु खरीदने आ रहे थे कि रास्ते में उक्त हादसा हो गया।

नव निर्वाचित सरपंचों ने विधायक आवास पर पहुंचकर दीं बधाइयां



सीमा सन्देश # सादुलशहर

विधायक गुरवीर सिंह बराड के आवास चक पांच एलएनपी में नवनिर्वाचित सरपंच पहुंचे। यहां विधायक का आभार व्यक्त किया। विधायक गुरवीर सिंह बराड ने सरपंचों का माला पहनाकर, मुंह मीठा करवाकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नूरपूरा सरपंच विश्वास पूनिया, रोट्टांवाली सरपंच केवल सिंह, लालगढ़ सरपंच पूनम पवन गरूवा, पन्नीवाली सरपंच इंदरपाल ढूंढ़ाडा, मिजेर्वाला जसवंत गोदारा, करड़वाला शर्मिला, जगदीश राम, कोनी से हरप्रीत सिंह, मदेरां से विकास झोरड़, बलदेव सिंह बराड, मंडी समिति पूर्व चेयरमैन साहबराम पूनिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

नवनिर्वाचित सरपंच शंकरलाल व पंच कृष्ण सिंह का स्वागत



सीमा सन्देश # अनूपगढ़

ग्राम पंचायत 5 पी के नवनिर्वाचित सरपंच शंकरलाल और वार्ड नंबर 1 के वार्ड पंच कृष्ण सिंह का ग्रामीणों ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर वार्ड पंच कृष्ण सिंह की ओर से वार्डवासियों के लिए प्रीतिभोज का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच शंकरलाल और वार्ड पंच कृष्ण सिंह ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि पंचायत में होने वाले विकास कार्य ईमानदारी से करवाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने पात्र ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भी आश्वासन दिया।

बीएसएफ ने बांटी विद्यार्थियों को 3.57 लाख की सामग्री



सीमा सन्देश# सतराना। सीमा सुरक्षा बल की 140 वीं वाहिनी, सतराना द्वारा शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ग्राम 21 एमडी में नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभाकर सिंह कमांडेंट थे। इस अवसर पर सहदेव यादव, डिप्टी कमांडेंट, विवेक कुमार शर्मा, सहायक कमांडेंट सहित वाहिनी के 6 अधीनस्थ अधिकारी एवं 25 जवान भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत 13 एमडी के सरपंच, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय 21एमडी के प्रधानाचार्य जसराज, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय 03केडी के शारीरिक शिक्षक जगदीश कुमार, तीनों विद्यालयों के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी तथा ग्राम 21एमडी, 12 जीडी एवं 03केडी के लगभग 280 ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं विद्यालयों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कुल 3,57,564 रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान कमांडेंट प्रभाकर सिंह ने विद्यार्थियों को शिक्षा एवं खेलकूद के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए सीमा सुरक्षा बल एवं आम जनता के बीच आपसी विश्वास, सहयोग एवं सौहार्द को मजबूत करने पर जोर दिया। सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्र के विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं खेलकूद संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना, विद्यालयों की आवश्यकताओं में सहयोग करना तथा स्थानीय नागरिकों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करना रहा। स्थानीय ग्रामीणों, विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यार्थियों ने सीमा सुरक्षा बल की इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना की।

धूमधाम से मनाया बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



खाटू नरेश श्री श्याम बाबा का जन्मोत्सव शहर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया गया। फूलों व गुब्बारों से सजे दरबारों में भजन-कीर्तन व जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की और रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। आदर्श कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री रामदेव मंदिर के श्याम दरबार में विशेष आयोजन हुआ, जहां दिल्ली से मंगवाए गए विशेष पुष्पों से किया अलौकिक श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहा। मुख्य पुजारी पं. मोहनलाल उपाध्याय व पं. भंवरलाल उपाध्याय ने पूजा-अर्चना करवाई। आरती व स्तुति के बाद श्रद्धालुओं के बीच केक काटकर खुशियां मनाई गईं तथा पंचमेवा व फल आदि का प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने शीश नवाकर परिवार की खुशहाली व मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। व्यवस्थाओं में श्री श्याम श्रृंगार कमेटी के दीपक जनवेजा, संचित बवेजा, राजू राजदेव, नीलम गोयल, प्रदीप गांधी व अन्य सेवाभावियों ने सहयोग दिया। इसके अलावा हनुमान जी खेजड़ी धाम के पीछे स्थित श्री मोरवीनंदन श्याम मंदिर, सैनी मोहल्ले के श्री श्याम मंदिर, जेल के पीछे चूना रोड स्थित श्री श्याम मंदिर व श्री गोशाला के श्री राधा-कृष्ण मंदिर में मनमोहक श्रृंगार व धार्मिक आयोजन हुए। श्रद्धालुओं ने बाबा को निशान अर्पित कर पूजा की, जिससे शहर का वातावरण श्याममय बना रहा।

ड्रोन की सूचना देने वाले पार्षद को किया सम्मानित

श्रीकरनपुर। भारतीय ड्रोन मिलने की सूचना देने वाले वार्ड पार्षद मोहन कल्याणा को पुलिस एवं बीएसएफ के अधिकारियों ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार प्रत्येक नागरिक को जागरूकता का परिचय देना चाहिए, पार्षद द्वारा सतर्कता दिखाते हुए समय रहते पुलिस को सूचना दी गई थी कि रिहायशी इलाके में ड्रोन गिर गया है। इस पर पुलिस व सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। पार्षद मोहन लाल कल्याणा की सतर्कता एवं जिम्मेदारी पूर्ण भूमिका को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह ज्वाला, थानाधिकारी सीरकौर, बीएसएफ कमांडेंट एवं सेना के जवानों द्वारा सम्मानित किया गया।



गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



सीमा सन्देश # अनूपगढ़

फिट इंडिया और मेरा युवा भारत अभियान के अंतर्गत स्थानीय खालसा कॉलेज में आयोजित खेल प्रतियोगिता में यहां के श्री गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल के अंडर-11 वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ी मोहित पुत्र जसपाल ने लॉन्ग जंप में 9 फीट 5 इंच की शानदार छलांग लगाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं तेजस कुमार पुत्र ज्ञानेंद्र कुमार ने 8 फीट 8 इंच की छलांग लगाकर रजत पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आयोजन | हजारों विद्यार्थियों ने मॉडलों का अवलोकन किया, विजेता पुरस्कृत

तीन दिवसीय ज्ञान-विज्ञान व पुस्तक मेला संपन्न

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



सूरतगढ़ पीजी कॉलेज व बीएड कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय ज्ञान-विज्ञान मेला व पुस्तक मेला का उमंग व उल्लास के साथ समापन हुआ। अंतिम दिन विभिन्न विद्यालयों के हजारों विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी देखी। समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर थानाधिकारी रामकुमार लेघा, कार्यक्रम अध्यक्ष रामदयाल सहारण, बीके रानी, सुनील छाबड़ा, काजल छाबड़ा, नवल किशोर भोजक, शिवशंकर सारड़ा, योगेश मेघवाल, संजय कटारिया, श्रीभगवान शर्मा, शीशपाल लिम्बा, रोहित दुआ, प्रीतम सिंह गिल, गिरधारी, ओम भादू, अमित चूघ, नेहा चूघ व अजय सिडाना ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। निर्णायक मंडल में चंद्र किशोर, राजकुमार, बनवारी लाल सुथार, यशवंती पूनिया व नेहा जुनेजा ने मॉडलों का मूल्यांकन किया। प्रबंध समिति अध्यक्ष राजकुमार गर्ग ने कला, वाणिज्य व विज्ञान वर्ग के स्टील, कार्यशील व चार्ट मॉडल श्रेणियों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को पुरस्कृत किया। घूमर नृत्य, हड़प्पा सभ्यता, रोबोट, स्मार्ट कचरा पात्र, केदारनाथ मंदिर, ताजमहल, विजय स्तंभ व ग्रीन सिटी के मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। प्रवीण अरोड़ा, वरुण गर्ग, जयकिशन अरोड़ा, प्राचार्य डॉ. नारायण चंद छींपा, डॉ. विवेक शर्मा, ममता गर्ग व डॉ. मीना चूघ ने अतिथियों का सम्मान किया। मंच संचालन डॉ. अमित रमन व टेकचंद चौहान ने किया।

श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर रक्तदान शिविर कल

श्रीविजयनगर। धन-धन श्री गुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में श्रीविजयनगर सेवा समिति एवं गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के संयुक्त तत्वावधान में 22 नवंबर, रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष सुभाष दुआ ने बताया कि शिविर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि मानव सेवा के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में रक्तदाता स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में अपना योगदान दे सकेंगे। समिति की ओर से सभी रक्तदाताओं से शिविर में भाग लेकर पुण्य कार्य में सहयोग करने का आग्रह किया गया है।



Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

NAME CHANGED

■ I, hitherto known as MOHINI W/O Sunil Kumar Chhabra R/O G-9-10 , ward No.38 , Basant Vihar Colony , Suratgarh Teh. Suratgarh & Distt -Sri Ganganagar, Rajasthan 335804 have changed my name and shall hereafter be known as MOHINI PURI


■ I have changed my name from Gurdev Singh Momi to Gurdev Singh S/O Jogender Singh R/O Vill-6 TK Teh-Raisinghnagar Sri Ganganagar

■ I, have changed my name from Jung Singh Shergill S/o Mahender Singh Shergill to Jang Singh S/o Mahender Singh R/o Village-7 PS, Tehsil Raisingh nagar, District SriGanganagar (Rajasthan) please all concern note.

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144-32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

ट्रंप के पुतिन को 'दोस्त' कहे जाने पर जेलेंस्की की प्रतिक्रिया हुई वायरल



अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा चीन में हुई बैठक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को 'दोस्त' कहे जाने पर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की प्रतिक्रिया वायरल है। इससे जुड़ा सवाल पूछे जाने पर जेलेंस्की ने कंधे उचकाए और अपने साथ मौजूद यूरोपीय नेताओं संग चले गए। ये नेता बर्लिन में यूक्रेन के समर्थन में एकजुटता दिखाने के लिए जुटे थे।

सऊदी अरब की राजधानी की सबसे ऊंची इमारत पर हुआ मिसाइल हमला




हूती विद्रोहियों की मिसाइल ने सऊदी अरब के सॉवरेन वेल्थ फंड के मुख्यालय वाली रियाद की सबसे ऊंची इमारत PIF टावर को निशाना बनाया है। किंग अब्दुल्ला फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट में स्थित इस इमारत की 7-8 मंज़िलों की खिड़कियां टूट गईं और बाहरी मेटल स्ट्रक्चर के कुछ हिस्से मुड़ गए। सऊदी सिविल डिफेंस के मुताबिक, हमले में कोई हताहत नहीं हुआ।

ओपन एआई और गूगल को टक्कर देने की तैयारी में एप्पल, बना रही नया एआई एजेंट



एप्पल एक ऐसे एआई एजेंट पर काम कर रहा है जो बिना बार-बार निर्देश मांगे कंप्यूटर पर कई काम कर सकेगा। 17 नवंबर को प्रकाशित जॉब लिस्टिंग से इस प्रोजेक्ट का खुलासा हुआ। ब्लूमबर्ग के अनुसार, यह 2027 के अंत में लॉन्च हो सकता है। ओपन एआई, गूगल, मेटा और एंथ्रोपिक पहले से इस क्षेत्र में मौजूद हैं।

एंथ्रोपिक के आईपीओ ने रचा इतिहास, 2,800 कर्मचारी की संपत्ति 100 करोड़ पार



एआई कंपनी एंथ्रोपिक ने IPO और निजी शेयर बिक्री के जरिए कुल $107.3 बिलियन जुटाए हैं। लिस्टिंग के पहले दिन कंपनी का वैल्यूएशन करीब $1.76 ट्रिलियन पहुंच गया। CNN के मुताबिक, कंपनी के 5,100 कर्मचारियों के शेयरों की अनुमानित कीमत $1 मिलियन से अधिक जबकि 2,800 कर्मचारियों की संपत्ति 100 करोड़ ($10 मिलियन) से अधिक हो गई है।

2026 के अंत तक 30% तक महंगे हो सकते हैं प्रीमियम स्मार्टफोन, एआई की बढ़ती मांग बनी वजह



साल 2026 के अंत तक प्रीमियम फ्लैगशिप स्मार्टफोन की कीमतों में 30% से अधिक बढ़ोतरी हो सकती है। मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट के मुताबिक, एआई डेटा सेंटर की बढ़ती मांग से मेमोरी चिप महंगी हो रही हैं। फोन की कुल लागत में मेमोरी की हिस्सेदारी 2025 की शुरूआत के 13% से बढ़कर 43% होने का अनुमान है।

ट्रंप को लेकर चीन से अमेरिका तक 15 घंटे लगातार उड़ा एयर फोर्स वन, रचा इतिहास



अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप चीन से वॉशिंगटन डीसी लौट आए हैं और इस दौरान एयर फोर्स वन ने इतिहास की अपनी सबसे लंबी नॉनस्टॉप उड़ान पूरी की। ट्रंप के हस्ताक्षर वाले एक स्मारक कार्ड के मुताबिक, विमान ने करीब 15 घंटे लगातार उड़ान भरी। इसका टेकऑफ के समय कुल वजन लगभग 10 लाख पाउंड (करीब 4.5 लाख किलोग्राम) था।

फ्लोरिडा में 2026 में अब तक 20 दोषियों को दी गई मौत की सजा, बना नया रिकॉर्ड



फ्लोरिडा (अमेरिका) में गर्भवती महिला और उसके पति की हत्या के दोषी 71-वर्षीय एक शख्स को मौत की सजा दी गई है। यह राज्य में इस साल दिया गया 20वां मृत्युदंड है, जो एक साल में मौत की सजा दिए जाने का नया रिकॉर्ड है। अमेरिका के 2026 के कुल 38 मृत्युदंड में से आधे से अधिक फ्लोरिडा में दिए गए।

पहला टेस्ट ● यशस्वी जायसवाल ने 89 गेंद पर 85, राहुल ने नाबाद 52 रन बनाए

न्यूजीलैंड 368 रन पर ऑलआउट; वेलिंगटन टेस्ट के दूसरे दिन भारत का स्कोर 159/1

वेलिंगटन। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन मजबूत पलटवार किया है। शुक्रवार को स्टंप्स तक भारत ने अपनी पहली पारी में एक विकेट के नुकसान पर 159 रन बना लिए हैं और वह कीवी टीम के स्कोर से अब भी 209 रन पीछे है। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने पहले विकेट के लिए 130 रनों की शानदार साझेदारी कर टीम को बेहतरीन शुरूआत दिलाई।

● **निकल्स के नाबाद 175 और फिलिप्स का शतक :** इससे पहले, दूसरे दिन 243/5 के स्कोर से आगे खेलते हुए न्यूजीलैंड की पहली पारी 368 रनों पर सिमट गई। हेनरी निकल्स 335 गेंदों पर 175 रन बनाकर अंत तक नाबाद रहे। उन्होंने ग्लेन फिलिप्स (118 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 216 रनों की मैराथन साझेदारी की। इस शतक के साथ फिलिप्स एक ही कैलेंडर वर्ष में किसी एक प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ तीनों प्रारूपों में शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के पहले और विश्व के दूसरे बल्लेबाज (रोहित शर्मा के बाद) बन गए। सुबह के सत्र में भारतीय गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा, लेकिन लंच के बाद आकाश दीप (3 विकेट) और जसप्रीत बुमराह (4 विकेट) ने निचले क्रम को समेट दिया। अंशुल कंबोज को दो और प्रसिद्ध कृष्णा को एक सफलता मिली।

● **राहुल का कीवियों के खिलाफ पहला अर्धशतक :** दूसरे छोर पर केएल राहुल ने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट क्रिकेट में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। दिन का खेल समाप्त होने तक राहुल 52 रन और देवदत्त पडिक्कल संभलकर खेलते हुए नाबाद लौटे।



स्कोर कार्ड >>

भारत 159/1(39.0)	रन	गेंद	4/6
जायसवाल कॉ टॉम बो मैट	85	89	16/0
लोकेश राहुल*	52	116	5/0
देवदत्त पडिक्कल*	16	35	3/0

अतिरिक्त रन : 6 **गेंदबाज :** मैट हेनरी 12-3-43-1, काइल जेमीसन 11-5-15-0, जेकब डफी 10-0-72-0, नेथन स्मिथ 6-0-29-0

17 टेस्ट मैचों में भारत की पहली शतकीय ओपनिंग साझेदारी

जवाब में भारतीय सलामी जोड़ी ने चायकाल से पहले के शुरूआती ओवरों में कुछ जीवनदान मिलने के बाद संभलकर बल्लेबाजी की। चाय के बाद गेंद पुरानी होने पर यशस्वी जायसवाल ने आक्रामक रुख अपनाया और रैंप शॉट व ड्राइव के जरिए तेजी से रन बटोरे। उन्होंने 66 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और 85 रन बनाकर मैट हेनरी की गेंद पर विकेटकीपर को कैच थमा बैठे। यह पिछले 17 टेस्ट मैचों में भारत की पहली शतकीय ओपनिंग साझेदारी रही। दोनों ही खिलाड़ियों ने संभलकर खेलते हुए अपनी बखूबी जिम्मेदारी निभाई है। केएल राहुल अभी क्रीज पर है।

दूसरा टेस्ट ● आमिर जमाल को 6 विकेट

पाकिस्तान ने श्रीलंका टीम को 8 विकेट से हराया



रावलपिंडी। पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन श्रीलंका को 8 विकेट से हरा दिया। रावलपिंडी में श्रीलंका ने दूसरे ओवर में ही आखिरी विकेट गंवा दिया। पाकिस्तानको जीत के लिए 90 रन का टारगेट मिला, जिसे टीम ने 13 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ऑलराउंडर आमिर जमाल पाकिस्तान की जीत के हीरो रहे। उन्होंने दोनों पारियों में 3-3 विकेट हासिल किए। साथ ही दूसरी पारी में 22 गेंद पर नाबाद 34 रन बनाए। उन्हें लक्ष्य का पीछा करते हुए नंबर-4 पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था।

पाकिस्तान ने 2 विकेट जल्दी गंवाए : पाकिस्तान ने 90 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 37 रन पर ही 2 विकेट गंवा दिए। लाहिरू कुमारा ने तैयब आरिफ को बोल्ड किया। अगले ओवर में असिथा फर्नांडो ने मोहम्मद ताहा को छह आउट कर दिया। इसके बाद आमिर जमाल नंबर-4 पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। उन्होंने 22 गेंदों में 3 चौके और 1 छक्का लगाते हुए 34 रन बनाए। दूसरे छोर पर अजान अवैस 36 गेंद पर 32 रन बनाकर नाबाद लौटे। श्रीलंका ने दूसरी पारी में बेहतर बल्लेबाजी करते हुए 316 रन बनाए। रथनायका ने नाबाद 66, दिनुशा ने 54 और मेंडिस ने 53 रन बनाए। हालांकि, पहली पारी में कम स्कोर के कारण टीम पाकिस्तान को बड़ा लक्ष्य नहीं दे सकी। पाकिस्तान दूसरे दिन के आखिरी हिस्से से एक गेंदबाज कम होने के बावजूद श्रीलंका को रोकने में सफल रहा। साकिब खान दूसरी पारी में केवल 8 गेंद फेंकने के बाद हैमस्ट्रिंग खिंचाव के कारण बाहर हो गए थे। वह पहले टेस्ट में पाकिस्तान के सबसे अच्छे गेंदबाज रहे थे।

हैरिस ने डब्ल्यूबीबीएल इतिहास की सबसे तेज फिफ्टी लगाई: 15 गेंद पर 50 रन बनाए

विमेंस बिग बैश लीग में सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड बना है। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाज लौरा हैरिस ने यह रिकॉर्ड अपने नाम किया है। उन्होंने सिर्फ 15 गेंद पर अर्धशतक लगा दिया। ब्रिसबेन के एलन बॉर्डर मैदान पर लौरा ने 20 गेंद पर 63 रन की पारी खेली। उन्होंने 7 चौके और 5 छक्के लगाए। उनकी इस बल्लेबाजी की बदौलत सिडनी थंडर ने ब्रिसबेन हीट को 6 विकेट से हरा दिया। ब्रिसबेन हीट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 225 रन बनाए।

भुवनेश्वर के तीन विकेट, जुयाल के नाबाद 64, यूपी की शानदार जीत

मुंबई (वार्ता)। आर्यन जुयाल की 28 गेंदों में नाबाद 64 रन, भुवनेश्वर (19 रन पर 3 विकेट) की गेंदबाजी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ़ को 30 रन से पराजित किया। यूपी के 190/7 रनों के जवाब में चंडीगढ़ 160/8 रन ही बना सकी।

पंजाब- महाराष्ट्र की रोमांचक जीत : पंजाब ने 165/7 रन बनाने के बाद तमिलनाडु को 160/9 पर रोककर पांच रन से जीत दर्ज की। वहीं, मोहाली में रुशिकेश (54) और कप्तान रुतुराज (44*) की पारियों से महाराष्ट्र ने असम को आखिरी गेंद पर हराया।

आंध्र, जम्मू-कश्मीर और झारखंड भी जीते : सत्यनारायण (4 विकेट) की बदौलत आंध्र प्रदेश ने 186 रन बनाने के बाद मध्य प्रदेश को 116 रन पर समेट दिया। उधर, इंदौर में अब्दुल (42 रन व 2 विकेट) के प्रदर्शन से जम्मू-कश्मीर ने बिहार को नौ रन से मात दी। झारखंड ने अनुकूल (54*) और विराट (60) की 110 रनों की अटूट साझेदारी से कर्नाटक को सात विकेट से हराया।

बंगाल और केरल का दबदबा : मुंबई में करन लाल (67 रन व 3 विकेट) और ऋषभ चौधरी (4 विकेट) के दम पर बंगाल ने मिजोरम को 93 रन से रौंदा।

अजमेर : अंतरराष्ट्रीय पुष्कर पशु मेला 2026 में बड़ी संख्या में अश्व वंश आया है. इनमें से 30 फीसदी पालक केवल नुमाइश के लिए घोड़े-घोड़ी लाते हैं. जबकि 70 फीसदी बेचने के लिए लाते हैं. बेचे जाने वाले अश्व ज्यादातर शादियों में निकासी और बारात के लिए खरीदे जाते हैं. एक जमाने में रण में इस्तेमाल किए जाने वाले घोड़ों को नचाकर सैनिकों में जोश भरा जाता था. इसी नृत्य परंपरा ने अब शादियों में मनोरंजन का रूप ले लिया है. पुष्कर पशु मेले में भी अश्व वंश के नृत्य की प्रतियोगिता रखी जाती है. प्रशिक्षित उस्ताद घोड़े-घोड़ियों को 13 प्रकार के अलग-अलग नृत्य सिखाते हैं. उस्ताद के इशारे और ढोल की थाप के साथ घोड़े-घोड़ियां अलग-अलग नृत्य मुद्राएं पेश करते हैं.

पुष्कर पशु मेला 2026 :

घुंघरू बांध नाचे घोड़े-घोड़ियां

70 फीसदी व्यापारी आते हैं घोड़े-घोड़ी बेचने



घोड़े-घोड़ियों को नृत्य करते देख पर्यटक रह गए दंग

प्रतियोगिता में ज्यादातर नुगरा नस्ल के घोड़े-घोड़ियों ने ही भाग लिया. नुगरा नस्ल के अश्वों का रंग सफेद या गुलाबी होता है. यह नस्ल राजस्थान और पंजाब में ज्यादा पाई जाती है, जो कद काठी में मारवाड़ी नस्ल के समान ही होती है. प्रतियोगिता में उस्तादों ने पैरों में घुंघरू बांधे घोड़े-घोड़ियों को जमकर नृत्य करवाया. ढोल की थाप के उतार-चढ़ाव पर घोड़े-घोड़ियों का नृत्य भी बदल जाता. कभी दोनों पैर उठाकर, कभी एक पैर नीचे और एक पैर ऊपर करके, तो कभी दोनों पैरों से नृत्य करते घोड़े-घोड़ियों को देख पर्यटक भी दंग रह गए. घोड़े-घोड़ियों और उनके उस्तादों के बीच गजब का तारतम्य नजर आया. लगाम थामे उस्ताद घोड़े घोड़ियों को अपने इशारों पर नचाते नजर आए.

उस्ताद तैयार करने में बीत जाते हैं कई साल

पुष्कर पशु मेला 2026 में खास बात यह है कि इस प्रतियोगिता में उस्ताद से तैयार घोड़े-घोड़ियां ही शामिल होते हैं. उस्ताद को ट्रेनर और प्रशिक्षक कहा जाता है. उस्तादी को हासिल करने में कई वर्ष बीत जाते हैं. कई लोग उस्तादी को पीढ़ी दर पीढ़ी सीखते आए हैं. उस्ताद के तैयार घोड़े-घोड़ियां शादियों में भी ढोल की थाप और मालिक के इशारे पर नृत्य करती हैं.

उस्ताद-अश्व का सामंजस्य जरूरी

डॉ परिहार ने बताया कि अश्व और उसके पालक के बीच सामंजस्य काफी महत्वपूर्ण है. इसमें देखने वाली बात यह है कि घोड़े का दिमाग ठीक होने के साथ वे स्वस्थ हों. साथ ही उस्ताद का अश्व के लिए समय देना भी महत्वपूर्ण है. अश्व नृत्य प्रतियोगिता में 17 घोड़े और घोड़ियां ने भाग लिया. इनमें एक से बढ़कर एक नृत्यशैली प्रतियोगिता में देखने को मिली.

13 तरह का नृत्य प्रशिक्षण

अश्व पालक मेघ सिंह ने बताया कि घोड़े-घोड़ियों को प्रशिक्षण देने की उस्तादी कम उम्र में ही अपने पिता से सीखी. वे 10 वर्षों से नृत्य का प्रशिक्षण दे रहे हैं. जबकि 5 वर्षों से अपने अश्व वंश के साथ पुष्कर पशु मेले में आ रहे हैं. उन्होंने बताया कि घोड़े-घोड़ी को नृत्य में प्रशिक्षित करने के लिए 6 माह से 1 वर्ष का समय लगता है. प्रतिदिन 15 से 20 मिनट घोड़ेझघोड़ियां को नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाता है. रोज के प्रशिक्षण से घोड़े-घोड़ियां उस्ताद के इशारे और ढोल की थाप के साथ अलग-अलग नृत्य मुद्रा सीख जाते हैं. मेघ सिंह बताते हैं कि सामान्य तौर पर 13 तरह का नृत्य प्रशिक्षण घोड़े-घोड़ियों को दिया जाता है.

संयुक्त निदेशक डॉ परिहार : रण से हुई अश्व नृत्य की शुरुआत

पर्यटन विभाग में संयुक्त निदेशक डॉ नवीन परिहार खुद भी अश्व पालक हैं. डॉ परिहार बताते हैं कि अश्वों के नृत्य की शुरुआत रण से हुई. सेनाएं रण को जाती थीं. कई दिन, महीने उनका पड़ाव बाहर रहता था. ऐसे में सैनिकों ने अपने मनोरंजन के लिए अश्व नृत्य की शुरुआत की. दरअसल राण क्षेत्र में मनोरंजन का अन्य कोई साधन नहीं होता था. शाम को सैनिक पूजा और आरती करते थे. इस दौरान श्रद्धा के साथ जोश भरने के लिए ढोल बजता था. इस ढोल की थाप के साथ सबसे पहले अश्व नृत्य की शुरुआत हुई. इसमें घोड़े-घोड़ियों के नृत्य के बहुत ही शालीन नृत्य के स्टेप होते थे. आरती में अलग स्टेप होते थे.

पिता से सीखी उस्तादी

डीडवाना के झाडोल गांव निवासी प्रभु सिंह ने बताया कि उस्तादी में वे तीसरी पीढ़ी हैं. तीन पीढ़ियों से भी पहले से उनके परिवार में ऊंट और घोड़ों के पालन का पेशा रहा है. घोड़ों को नृत्य का प्रशिक्षण देने की विधा उन्होंने अपने पिता से सीखी थी. उन्होंने बताया कि 13 प्रकार के अलग-अलग नृत्य होते हैं जिनका प्रशिक्षण घोड़े और घोड़ियां को दिया जाता है. इनमें चोटाला, धमाल, नागिन, गजरा, खाट, लेवाड़े, तेतरी, इकपाई, भंगड़ा, घूमर, पूजा, रणभेरी आदि शामिल है. उन्होंने बताया कि वे भी 2 अश्व लेकर प्रतियोगिता में उतरे हैं. बाहरी राज्यों से आए पालक भी बेहतर कर रहे हैं.

सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

नोटबंदी-जीएसटी ने छोटे व्यापारियों को बर्बाद कर दिया। जो बड़ी कंपनियां ईमानदारी से प्रतिस्पर्धा करती थीं, उनके लिए तो आपने मैदान ही खत्म कर दिया। मोनोपॉली से नौकरियां पैदा नहीं होतीं। इससे कीमतें बढ़ती हैं और प्रतिस्पर्धा खत्म हो जाती है। - **राहुल गांधी**

न्यूज इन ब्रीफ

रेवंत रेड्डी का भाजपा पर आरोप

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग तथा लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि युवाओं ने पिछले 12 वर्षों में पैदा किए गए डर को 12 दिनों में खत्म कर दिया। रेवंत ने कहा कि कांग्रेस गरीबों के मतदान अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने भाजपा पर सत्ता को प्राथमिकता देने और बीआरएस नेतृत्व पर भी निशाना साधा।

ईडी के रडार पर भाजपा सांसद

नई दिल्ली। पंजाब की कंपनी व्यूनो से जुड़े कथित करोड़ों रुपये के धोखाधड़ी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भाजपा के राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू को 25 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। आरोप है कि संधू से जुड़ी कुछ संस्थाओं को कंपनी समूह से रकम मिली थी। ईडी लेन-देन की प्रकृति और उद्देश्य की जांच कर रही है। इससे पहले 12 नवंबर को भी उन्हें पेश होने का समन दिया गया था। एजेंसी इस मामले में कंपनी के संस्थापक सुखविंदर सिंह खरोर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

मुम्बई; दम्पती से 40 लाख की ठगी

मुंबई। सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर कल्याण क्षेत्र के एक वड़ा पाव विक्रेता दंपती से 40 लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि निधि नितिन अगीवाले, सुनील देशमुख और नरेश तुकाराम चिंदारकर ने सितंबर 2025 से मार्च 2026 के बीच दंपती को नौकरी का भरोसा देकर रकम ली। वादा पूरा नहीं होने पर पीड़ितों ने खड़कपाड़ा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

छत्तीसगढ़; विस्फोटक सामग्री जब्त

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ के कोण्डागांव जिले में सुरक्षा बलों ने नक्सल विरोधी अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। आत्मसमर्पित माओवादियों की सूचना पर पुंगारपाल थाना क्षेत्र के बेड़मा जंगलों में छिपाकर रखी गई करीब 36 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। संयुक्त टीम ने हैंड ग्रेनेड, जिलेटिन रॉड, कॉर्डेक्स वायर, बैटरी, टिफिन बम सामग्री सहित अन्य सामान जब्त किया। पुलिस ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

रुपया 5 दिन में 1.5 प्रतिशत मजबूत

नई दिल्ली। रुपये में मजबूती का दौर लगातार पांचवें दिन जारी रहा। शुक्रवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 65 पैसे चढ़कर 92.67 पर बंद हुआ। 10 अप्रैल के बाद पहली बार डॉलर 93 के स्तर से नीचे आया है। घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेशी निवेशकों की वापसी से रुपये को सहारा मिला। विदेशी निवेशकों ने दो सप्ताह में भारतीय शेयरों में 84 हजार करोड़ रुपये से अधिक लगाए हैं।

नाम जुड़वाने के लिए 30 तक मौका: कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से हटे नामों को दोबारा जुड़वाने के लिए मतदाता उपलब्ध 11 दिनों का उपयोग करें। अदालत ने कहा कि जरूरत पड़ने पर 30 नवंबर की समयसीमा बढ़ाई जा सकती है। 2 दिसंबर को स्थिति की समीक्षा होगी। पात्र मतदाताओं के नाम शामिल कराने के लिए एन्यूमरेशन फॉर्म, फॉर्म-6 और 8 भरने की प्रक्रिया जारी है।

20 साल पुराने जहाज भी बेड़े में शामिल होंगे

नई दिल्ली। सरकार ने भारतीय झंडे के तहत जहाजों के पंजीकरण नियमों में बदलाव किया है। अब 20 साल से अधिक पुराने जहाज भी भारतीय बेड़े में शामिल हो सकेंगे। हालांकि, ऐसे जहाजों को पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की मंजूरी लेनी होगी। नए नियमों से घरेलू जहाज बेड़ा बढ़ाने, विदेशी शिपिंग कंपनियों पर निर्भरता घटाने और आपात स्थिति में माल ढुलाई क्षमता मजबूत करने में मदद मिलेगी।

देश में 21 नवंबर से 15 दिसंबर तक शादी का बड़ा सीजन, 7.50 लाख करोड़ के रिकॉर्ड कारोबार की उम्मीद

शादी सीजन में होगी पैसों की बारिश: 25 दिन में 52 लाख शादियां

नई दिल्ली।

भारत में शादी सिर्फ दो लोगों के एक साथ आने का मौका नहीं होती, बल्कि इससे देश की अर्थव्यवस्था को भी बड़ी मजबूती मिलती है। शादी के आयोजन से लेकर खरीदारी और मेहमानों की मेजबानी तक कई तरह के कारोबार इससे जुड़े होते हैं। इस साल नवंबर और दिसंबर का शादी सीजन कारोबार के लिहाज से बेहद खास रहने वाला है।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, 21 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच देशभर में करीब 52 लाख शादियां होने का अनुमान है। इन शादियों के जरिए लगभग 7.50 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हो सकता है। इतनी बड़ी रकम से बाजार में खरीदारी और सेवाओं की मांग बढ़ने की उम्मीद है।



शादियों में कितना होगा कारोबार?

सामान की खरीदारी पर खर्च होंगे 4.05 लाख करोड़ रुपये। रिपोर्ट के मुताबिक, शादी से जुड़े कुल अनुमानित कारोबार में 4.05 लाख करोड़ रुपये वस्तुओं की खरीदारी से आएंगे। यह कुल कारोबार का करीब 54 फीसदी हिस्सा है। इसमें सबसे बड़ा खर्च ज्वेलरी पर होने का अनुमान है। आभूषणों की खरीदारी पर करीब 1.20 लाख करोड़ रुपये खर्च हो सकते हैं

शादी के कपड़ों पर कितना खर्च?

वहीं, परिधानों यानी कपड़ों पर लगभग 90,000 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है। शादी के कपड़े, दूल्हा-दुल्हन की पोशाक और मेहमानों की खरीदारी से इस कारोबार को बढ़ावा मिलेगा। दूसरी ओर, सेवाओं से करीब 3.45 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है। यह कुल कारोबार का 46 फीसदी हिस्सा होगा। इसमें अकेले कैटरिंग कारोबार की हिस्सेदारी करीब 75,000 करोड़ रुपये रहने की संभावना है। वहीं, बैंक्वेट और होटल कारोबार से लगभग 60,000 करोड़ रुपये आने का अनुमान है।

दिल्ली-एनसीआर में शादियां?

शादी के इस सीजन में दिल्ली-एनसीआर भी कारोबार का बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, अकेले इस क्षेत्र में करीब 5 लाख शादियां होने की संभावना है। इन आयोजनों से लगभग 2.50 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हो सकता है। इस तरह दिल्ली-एनसीआर देश के सबसे बड़े वेडिंग मार्केट के रूप में उभर सकता है।

कितने लोगों को मिलेगा रोजगार?

शादी का सीजन केवल कारोबारियों के लिए ही नहीं, बल्कि रोजगार के लिहाज से भी अहम है। इस दौरान डेकोरेटर, कैटरर्स, फोटोग्राफर, ब्यूटीशियन, टेंट हाउस, परिवहन और होटल से जुड़े लोगों को काम मिलेगा। अनुमान है कि इस शादी सीजन में करीब 1.25 करोड़ अस्थायी और मौसमी रोजगार के अवसर पैदा होंगे

2022 के मुकाबले दोगुना हुआ शादी का कारोबार

भारत की विवाह अर्थव्यवस्था में पिछले कुछ वर्षों में बड़ा बदलाव आया है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में देश में 32 लाख शादियों से करीब 3.75 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था। वहीं, 2026 में यह आंकड़ा बढ़कर 52 लाख शादियों और 7.50 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। इससे स्थानीय कारोबारियों और छोटे व्यापारियों को भी फायदा मिल सकता है। साथ ही शादी से जुड़े बाजार में बढ़ती गतिविधियां 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देने और सरकार के जीएसटी राजस्व में योगदान देने में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

भाजपा को बड़ा झटका; जिला परिषद की 37 में से कांग्रेस ने जीतीं 26 सीटें, भादरा और राजपुरा में माकपा का प्रभाव

जिला परिषद से पंचायत समितियों तक कांग्रेस का दबदबा, किसी भी पंचायत समिति में बहुमत नहीं जुटा सकी भाजपा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव परिणामों ने हनुमानगढ़ जिले की ग्रामीण राजनीति में बड़ा बदलाव सामने रखा है। जिला परिषद से लेकर पंचायत समितियों तक कांग्रेस ने बढ़त बनाते हुए सत्तारूढ़ भाजपा को पीछे छोड़ दिया। भाजपा जिले की किसी भी पंचायत समिति में बहुमत हासिल नहीं कर सकी। जिला परिषद की 37 सीटों में से कांग्रेस ने 26 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया, जबकि भाजपा महज 7 सीटों पर सिमट गई। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने भी जिला परिषद में 4 सीटें जीतकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। जिले की सभी 10 पंचायत समितियों के कुल 208 वार्डों के परिणामों में भी कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। कांग्रेस ने 104 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि भाजपा को केवल 46 सीटें मिलीं। सीपीआईएम ने 36 सीटें जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया। निर्दलीय प्रत्याशियों के खाते में 20 सीटें गईं, जबकि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) ने 2 सीटों पर जीत दर्ज की। इस तरह पंचायत समिति चुनावों में भी कांग्रेस और भाजपा के बीच सीटों का बड़ा अंतर देखने को मिला।

भादरा और राजपुरा में माकपा का प्रभाव, दोनों जगह स्पष्ट बहुमत

पंचायत समिति चुनावों में भादरा और नवगठित राजपुरा पंचायत समिति के परिणाम विशेष रूप से चर्चा में रहे। भादरा पंचायत समिति के 19 वार्डों में सीपीआईएम ने 15 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया। यहां भाजपा को 3 और कांग्रेस को केवल 1 सीट मिली। इसी तरह राजपुरा पंचायत समिति के 19 वार्डों में सीपीआईएम ने 14 सीटों पर जीत दर्ज की। भाजपा को 4 और एक सीट निर्दलीय के खाते में गई। दोनों पंचायत समितियों में माकपा ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया है।

आठ पं.स. में कांग्रेस का दबदबा

जिले की पंचायत समितियों के परिणामों में हनुमानगढ़ जंक्शन, हनुमानगढ़ टाउन, पीलीबंगा, रावतसर, टिब्बी, नोहर, पल्लू और संगरिया में कांग्रेस का प्रदर्शन प्रमुख रहा। वहीं भादरा और राजपुरा में माकपा ने अपना प्रभाव दिखाया। भाजपा किसी भी पंचायत समिति में अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर सकी। नोहर पंचायत समिति में भाजपा ने 11 सीटें जरूर हासिल कीं, लेकिन कांग्रेस 20 सीटों के साथ उससे आगे रही। भाजपा को पीलीबंगा में 3, टिब्बी में 4, रावतसर में 2, हनुमानगढ़ जंक्शन में 4, हनुमानगढ़ टाउन में 4, राजपुरा में 4, पल्लू में 6 और संगरिया में 5 सीटें मिलीं। भादरा में भाजपा को 3 सीटें मिलीं। इन परिणामों के बाद पंचायत समिति स्तर पर भाजपा के संगठनात्मक प्रदर्शन, प्रत्याशी चयन और चुनावी रणनीति को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



जिला परिषद में कांग्रेस ने 26 सीटें जीतकर बनाया स्पष्ट बहुमत

जिला परिषद के 37 वार्डों के परिणामों में कांग्रेस ने 26 सीटों पर जीत दर्ज की। भाजपा को 7 और सीपीआईएम को 4 सीटें मिलीं। कांग्रेस प्रत्याशियों ने कई वार्डों में बड़े अंतर से जीत हासिल की। वार्ड नंबर 33 से कांग्रेस प्रत्याशी जशनजोत कौर ने 13,074 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। वार्ड 29 से प्रेम कुमार 6,981, वार्ड 27 से अनीता 6,105, वार्ड 28 से वीनू 5,070 और वार्ड 36 से बबलदीप कौर 5,077 मतों से विजयी रहीं। वार्ड नंबर 1 से कांग्रेस की रेणु ने 4,843, वार्ड 2 से सुखराम ने 9,202, वार्ड 5 से प्रमोद कुमार गोदारा ने 3,543, वार्ड 22 से संतोर ने 4,200, वार्ड 24 से शबनम गोदारा ने 3,507 और वार्ड 25 से गुरप्रीत सिंह ने 3,868 मतों के अंतर से जीत हासिल की। वार्ड 30 से शांति देवी 4,899 और वार्ड 34 से कृष्ण कुमार 3,788 मतों से विजयी रहे। कांग्रेस के अन्य विजयी प्रत्याशियों में वार्ड 3 से सुरेन्द्र कुमार, वार्ड 4 से मंजूबाला, वार्ड 6 से जसवंत सिंह, वार्ड 7 से जयचंद, वार्ड 8 से रामकुमार, वार्ड 10 से सुमित्रा, वार्ड 14 से अजय कुमार, वार्ड 18 से सावित्री, वार्ड 21 से निर्मला देवी, वार्ड 26 से संजय मेघवाल, वार्ड 32 से सोनिया, वार्ड 35 से सुनील कुमार और वार्ड 37 से छिन्द्रपाल कौर शामिल हैं।

टिब्बी में कांग्रेस ने 23 में से 17 सीटों पर जमाया कब्जा

टिब्बी पंचायत समिति के सभी 23 वार्डों के घोषित नतीजों में कांग्रेस को बहुमत मिला। 23 में से कांग्रेस ने 17 सीटें जीती। भाजपा को 4 और निर्दलीय को 2 सीटें मिलीं। वार्ड नंबर 1 से कांग्रेस की राज कौर 52 मतों से, वार्ड 2 से निर्दलीय विद्या 304 मतों से, वार्ड 3 से कांग्रेस की सुमन 123 मतों से, वार्ड 4 से कांग्रेस के अमर सिंह 490 मतों से, वार्ड 5 से कांग्रेस की पूनम कुमारी 1158 मतों, वार्ड 6 से कांग्रेस की नीलम 2645 मतों, वार्ड 7 से कांग्रेस के प्रमोद कुमार 693 मतों, वार्ड 8 से निर्दलीय सुमित्रा 2 मतों, वार्ड 9 से कांग्रेस के कृष्णलाल 189 मतों, वार्ड 10 से कांग्रेस के रामचन्द्र 336 मतों, वार्ड 11 से कांग्रेस के गोपाल 1067 मतों, वार्ड 12 से भाजपा के लवप्रीत सिंह 61 मतों, वार्ड 13 से कांग्रेस के जितेन्द्र सिंह 981 मतों, वार्ड 14 से कांग्रेस की शायर कुमारी 1912 मतों, वार्ड 15 से कांग्रेस की बिमला 1238 मतों, वार्ड 16 से भाजपा की प्रकाश कौर 63 मतों, वार्ड 17 से कांग्रेस की मोनिका 102 मतों, वार्ड 18 से कांग्रेस के इन्द्रसेन 951 मतों, वार्ड 19 से कांग्रेस की सुगना 110 मतों, वार्ड 20 से कांग्रेस की रेणु 1572 मतों, वार्ड 22 से कांग्रेस के भजन सिंह 735 मतों और वार्ड 23 से भाजपा के सतपाल 601 मतों के अंतर से विजयी रहे। वार्ड 21 से भाजपा की कर्मजीत कौर का पूर्व में ही निर्विरोध निर्वाचन होने से इस वार्ड सदस्य पद के लिए मतदान नहीं हुआ। यहां वार्ड 8 में निर्दलीय सुमित्रा की जीत महज 2 मतों से हुई, जो बेहद नजदीकी मुकाबला रहा।

जंक्शन पंचायत समिति में कांग्रेस बहुमत से एक सीट दूर

पंचायत समिति सदस्य पदों के चुनाव की मतगणना के बाद हनुमानगढ़ जंक्शन पंचायत समिति के सभी 19 वार्डों के परिणाम घोषित कर दिए गए। हनुमानगढ़ जंक्शन पंचायत समिति के कुल 19 वार्डों में से कांग्रेस को 9, भाजपा को 4, माकपा को 2 और रालोपा को 1 सीट पर जीत मिली। 3 सीटें निर्दलीयों के खाते में गईं। कांग्रेस बहुमत से मात्र 1 सीट दूर रही। वार्ड नंबर 1 से कांग्रेस के रतनेश 670 मतों, वार्ड 2 से रालोपा की सुनीता 438 मतों, वार्ड 3 से कांग्रेस के विजय सिंह 363 मतों, वार्ड 4 से कांग्रेस की मंजू 555 मतों, वार्ड 5 से कांग्रेस के माया रानी 814 मतों, वार्ड 6 से भाजपा के अक्षय कुमार 123 मतों से विजयी घोषित हुए। इसी प्रकार वार्ड 7 से सीपीआईएम के रघुवीर सिंह 1313 मतों, वार्ड 8 से कांग्रेस के जगतार सिंह 944 मतों, वार्ड 9 से सीपीआईएम के हरजीत कौर 162 मतों, वार्ड 10 से भाजपा के भागाराम 69 मतों, वार्ड 11 से निर्दलीय संदीप कौर 218 मतों, वार्ड 12 से कांग्रेस की सिमरपाल कौर 676 मतों, वार्ड 13 से भाजपा की उर्मिला 239 मतों, वार्ड 14 से कांग्रेस की सिबाका तुला 112 मतों, वार्ड 15 से निर्दलीय कुलविन्द्र सिंह 461 मतों, वार्ड 16 से भाजपा के रामकुमार 455 मतों, वार्ड 17 से कांग्रेस के पवन कुमार 1266 मतों, वार्ड 18 से कांग्रेस की विमला देवी 108 मतों और वार्ड 19 से निर्दलीय चुन्नीलाल 270 मतों के अंतर से विजयी रहे।

भाजपा के सात प्रत्याशियों ने दर्ज की जीत

जिला परिषद के वार्ड 9 से भाजपा के विनोद ने 2,302, वार्ड 12 से सत्यप्रकाश ने 1,182, वार्ड 16 से सिलोचना देवी ने 146, वार्ड 17 से सोनिया ने 2,289, वार्ड 19 से सरस्वती देवी ने 505, वार्ड 20 से प्रीति ने 4 और वार्ड 23 से रजनीश ने 777 मतों के अंतर से जीत हासिल की। वार्ड नंबर 20 का परिणाम खासा चर्चा में रहा। यहां पहले हुई मतगणना में कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता ढिल को विजयी घोषित किया गया था, लेकिन बाद में रिकाउंटिंग हुई। पुनर्मतगणना के बाद भाजपा प्रत्याशी प्रीति को महज 4 मतों के मामूली अंतर से विजयी घोषित किया गया।

टाउन पंचायत समिति में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर

हनुमानगढ़ टाउन पंचायत समिति के कुल 19 वार्डों में से कांग्रेस ने 10, भाजपा ने 4, सीपीआईएम ने 2 और रालोपा ने 1 सीट पर कब्जा किया। शेष 2 सीटें निर्दलीय की झोली में गईं। हनुमानगढ़ टाउन पंचायत समिति के वार्ड नंबर 1 से कांग्रेस के संजय कुमार 331 मतों, वार्ड 2 से कांग्रेस के हरजिन्द्र सिंह 1166 मतों, वार्ड 3 से कांग्रेस के बलजीत सिंह 1559 मतों, वार्ड 4 से सीपीआईएम के प्रहलाद कुमार 989 मतों, वार्ड 5 से कांग्रेस के मंगलाराम 747 मतों, वार्ड 6 से सीपीआईएम की मंजू 236 मतों के अंतर से विजयी हुईं। वहीं वार्ड 7 से भाजपा के जगतार सिंह 395 मतों, वार्ड 8 से भाजपा के महावीर सिंह 271 मतों, वार्ड 9 से कांग्रेस के ऐश मोहम्मद 959 मतों, वार्ड 10 से निर्दलीय देवीलाल 306 मतों, वार्ड 11 से कांग्रेस की पिंकी कंवर 665 मतों, वार्ड 12 से कांग्रेस की निर्मला देवी 813 मतों, वार्ड 13 से रालोपा की सुनीता 145 मतों, वार्ड 14 से निर्दलीय राकेश देवी 328 मतों, वार्ड 15 से कांग्रेस की कलावती 394 मतों, वार्ड 16 से कांग्रेस की बिमला देवी 896 मतों, वार्ड 17 से भाजपा के सुभाष 386 मतों, वार्ड 18 से कांग्रेस की सुमन 436 मतों और वार्ड 19 से भाजपा की नेमपाल कौर 443 मतों के अंतर से विजेता घोषित हुईं।

पीलीबंगा में भी कांग्रेस को बहुमत

पीलीबंगा पंचायत समिति के कुल 23 वार्डों में कांग्रेस ने 17 सीटें जीतीं जबकि भाजपा और निर्दलीयों के खाते में 3-3 सीटें गईं। वार्ड 1 से कांग्रेस के हरविन्द्र सिंह 366, वार्ड 2 से कांग्रेस की माया देवी 222, वार्ड 3 से कांग्रेस की बिमला 562, वार्ड 4 से कांग्रेस की संदीप कौर 215, वार्ड 5 से कांग्रेस की प्रकाश कौर 6, वार्ड 6 से कांग्रेस की सुमनलता 926, वार्ड 7 से कांग्रेस की रोशनी देवी 929, वार्ड 8 से कांग्रेस के मदन गोपाल 11, वार्ड 9 से कांग्रेस की मोनिका 752, वार्ड 10 से कांग्रेस की अमृता 354, वार्ड 11 से भाजपा के सुरेन्द्र 88, वार्ड 12 से कांग्रेस के राजेन्द्र सियाग 1764, वार्ड 13 से निर्दलीय महावीर प्रसाद 343, वार्ड 14 से भाजपा की कविता 221, वार्ड 15 से कांग्रेस के प्रदीप 1227, वार्ड 16 से भाजपा के दलीप बेनीवाल 492, वार्ड 17 से कांग्रेस के हरदीप सिंह 847, वार्ड 18 से कांग्रेस की हुस्नप्रीत कौर 594, वार्ड 19 से निर्दलीय अमरजीत राम 158, वार्ड 20 से कांग्रेस की कर्मजीत कौर 192, वार्ड 21 से कांग्रेस के सुधीर कुमार 930, वार्ड 22 से कांग्रेस की सतवीर कौर 1817 और वार्ड 23 से निर्दलीय मोहनलाल 54 मतों के अंतर से विजयी रहे।

माकपा ने जिला परिषद में भी दिखाई ताकत

जिला परिषद के चार वार्डों में सीपीआईएम प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। वार्ड 11 से मंजू देवी ने 3,230, वार्ड 13 से सुमन ने 4,522, वार्ड 15 से सुनीता ने 1,582 और वार्ड 31 से रानी देवी ने 2,089 मतों के अंतर से जीत हासिल की। पंचायत समितियों में भादरा और राजपुरा में मिले स्पष्ट बहुमत के साथ जिला परिषद की चार सीटों पर जीत ने जिले में माकपा की मौजूदगी को भी प्रमुखता से सामने रखा।

सर्राफा बाजार जनवरी के रिकॉर्ड स्तर से सोना प्रति तोला करीब 65 हजार रुपये सस्ता

वैवाहिक सीजन से पहले सोना-चांदी में गिरावट, खरीददारी का मौका

नई दिल्ली।

शादियों के सीजन से पहले सोना और चांदी की कीमतों में आई रिकॉर्ड गिरावट ने खरीदारों को बड़ी राहत दी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोरी और डॉलर की मजबूती के असर से घरेलू बाजार में भी सोना जनवरी के रिकॉर्ड स्तर से काफी नीचे आ गया है। सराफा कारोबारियों का मानना है कि विवाह की तैयारियों में जुटे परिवारों के लिए यह खरीदारी का उपयुक्त समय है।

प्रति तोला 65 हजार तक राहत

दिल्ली बुलियन एंड ज्वैलर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल कुमार गोयल के अनुसार, जनवरी में सोना करीब 1.90 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम (तोला) तक पहुंच गया था, जबकि अब इसका भाव करीब 1.25 लाख रुपये रह गया है। यानी प्रति तोला लगभग 65 हजार रुपये की बचत हो रही है। यदि कोई परिवार शादी के लिए औसतन 10 तोला सोना खरीदता है तो उसे जनवरी की तुलना में करीब 6.5 लाख रुपये कम खर्च करने पड़ेंगे।



चांदी भी हुई सस्ती : पिछले दो सप्ताह में चांदी की कीमतों में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। जयपुर सराफा बाजार में चांदी करीब 1.56 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है, जबकि दिवाली के समय यह लगभग 1.70 लाख रुपये प्रति किलो थी। आगरा बाजार में भी चांदी करीब 1.63 लाख रुपये प्रति किलो बिक रही है।

सराफा बाजार में बढ़ी रौनक

कीमतों में नरमी का असर बाजार में साफ दिखाई देने लगा है। जिन परिवारों ने महंगे भाव के कारण खरीदारी टाल दी थी, वे अब आभूषणों की खरीद शुरू कर रहे हैं। कारोबारियों का अनुमान है कि इस सहालग में सोने-चांदी की खरीदारी में करीब 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है।

आगे क्या रह सकते हैं भाव?

जयपुर सराफा एसोसिएशन के राकेश खंडेलवाल के अनुसार, डॉलर की मजबूती और अंतरराष्ट्रीय बाजार की परिस्थितियों के कारण फिलहाल कीमती धातुओं पर दबाव बना हुआ है। उनका मानना है कि निकट भविष्य में सोने-चांदी में बड़ी तेजी के संकेत नहीं हैं और सोने का भाव आवश्यकता पड़ने पर 1.20 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक भी आ सकता है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि शादी-ब्याह के लिए खरीदारी टालने के बजाय मौजूदा स्तर पर खरीदारी करना अधिक लाभदायक हो सकता है।

पीएम मोदी की नीतियों ने किसी को ताली बजाने लायक नहीं छोड़ा : राहुल गांधी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिक्की कार्यक्रम में उद्योगपतियों से रोजगार और कर्मचारियों की तनख्वाह बढ़ाने को लेकर सवाल पूछने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पलटवार किया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि उद्योगपतियों से यह सवाल करना कि टैक्स में राहत देने के बावजूद उन्होंने न तो वेतन बढ़ाया और न ही रोजगार के अवसर पैदा किए, दरअसल सरकार की नीतियों का खुद स्वीकारोक्ति है।

यह आरोप नहीं, आपका कबूलनामा है : राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि मोदी जी, ये उन पर आरोप नहीं, आपका कबूलनामा है। उन्होंने प्रधानमंत्री के उस बयान पर भी निशाना साधा, जिसमें उद्योग जगत की बढ़ती अपेक्षाओं का जिक्र किया गया था। राहुल ने कहा कि देश जानता है कि यह भूख किसकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि हवाई अड्डे, बंदरगाह, खदानें, जंगल, बिजली, कोयला और सड़क जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को सौंप दिए गए, लेकिन इनसे कितने रोजगार पैदा हुए, इसका जवाब मिलना चाहिए।

नोटबंदी और जीएसटी को लेकर सरकार पर हमला : राहुल गांधी ने कहा कि रोजगार देने वाले छोटे व्यापारी और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) नोटबंदी और गलत तरीके से लागू जीएसटी से बुरी तरह प्रभावित हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों ने छोटे कारोबारियों को कमजोर किया और बड़ी कंपनियों के बीच प्रतिस्पर्धा को भी नुकसान पहुंचाया।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528